www.epaper.azadsipahi.in

20 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 123

इटखोरी महोत्सव का हुआ आगाज






## पशुपालन पदाधिकारी पर बरसे वित्त मंत्री, कहा

# आपको पलामू रास नहीं आ रहा है, तो क्षेत्र छोड़ दें

- प्रमंडल स्तरीय किसान मेला का हुआ आयोजन
- कृषि मंत्री ने जनसेवकों को विभाग में लाने की घोषणा की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पलामू।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का बुधवार को पलामू के किसान मेला में एक अलग ही तेवर देखने को मिला। मंत्री मंच से ही पशुपालन पदाधिकारी पर बरसे। उन्होंने कहा कि आपको पलामू रास नहीं आता है, तो छोड़ कर चले जायें। उन्होंने पलामू में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की भी बात कही। वहीं, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जनसेवकों को कृषि विभाग में शामिल करने की घोषणा की।

डाल्टनगंज के शिवाजी मैदान में बुधवार को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कृषि एवं पशुपालन मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान वित्त मंत्री ने अपने भाषण में पलामू के विकास की बातें करते हुए किसानों को पशु नहीं मिलने की चर्चा की। कार्यक्रम में पलामू, गढ़वा और लातेहार के किसानों ने अपनी-अपनी फसल को लेकर प्रदर्शनी लगायी। इसके अलावा अलग-अलग विभागों के स्टॉल भी लगाये गये थे। प्रदर्शनी में आसपास के कई जिलों के किसान शामिल हुए।

**वित्तीय वर्ष में लक्ष्य पूरा नहीं होने पर फटकार:** कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने भाषण के दौरान पशुपालन पदाधिकारी से वित्तीय वर्ष 2024- 25 में पशुधन उपलब्ध कराने के लक्ष्य की जानकारी मांगी। इसमें उन्होंने बताया कि पलामू जिले भर में 2,368 पशुधन उपलब्ध कराने का लक्ष्य था। इसमें से अब तक केवल 30 फीसदी किसानों को पशुधन उपलब्ध कराया गया है। इसी क्रम में वित्त मंत्री पशुपाल अधिकारियों पर नाराज हुए। उनको खरी-खोटी सुनायी। किशोर ने कहा कि सभी पदाधिकारियों का हम सम्मान करते हैं, लेकिन जो अधिकारी परफॉर्म नहीं कर सकते, उनके लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने जिला पशुपालन पदाधिकारी को कहा कि अगर आप लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रहे हैं, आपको पलामू रास नहीं आ रहा है, तो आप पलामू छोड़ कर चले जायें। इस पर कार्यक्रम में मौजूद किसानों ने ताली बजायी।

राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि पलामू में कृषि विश्वविद्यालय की जरूरत है। यहां के किसानों का धान और गेहूं उत्पादन करने का माइंडसेट है। कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना से इलाके में किसानों को अन्य फसलों का उत्पादन के लिए जानकारी मिलेगी।

### जोनल रिसर्च सेंटर और बीएयू ने कोई कार्य नहीं किया: शिल्पी

**कृषि मंत्री शिल्पी शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में कई जगह कृषि विभाग का जोनल रिसर्च सेंटर मौजूद है। दावे के साथ बोल सकती हूं कि जोनल रिसर्च सेंटर और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने कोई कार्य नहीं किया है, जबकि कृषि विभाग में सबसे अधिक बजट दोनों के लिए है। कृषि मंत्री ने कहा कि पलामू में 'वन स्टेट वन प्रोडक्ट' के माध्यम से तिलहन का उत्पादन किया जायेगा। कोल्ड स्टोरेज खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि जनसेवक शुरुआत में कृषि विभाग के ही अंग थे, बाद में इन्हें कृषि विभाग से अलग कर दिया गया। जनसेवकों को वापस कृषि विभाग में लाया जायेगा। इसके लिए पहल की जा रही है।**

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की मुख्यमंत्री, शपथ आज

- दोनों पर्यवेक्षक ने एक-एक विधायक से की बात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होंगी। आरएसएस ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा था, जिसे भाजपा ने मान लिया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में बुधवार को रेखा के नाम पर मुहर लग गयी। दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के 11 दिन बाद बुधवार शाम 7 बजे भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी के दोनों पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद और ओम प्रकाश धनखड़ शामिल हुए। दोनों ने विधायकों से एक-एक करके बात की। इसके बाद रेखा गुप्ता को विधायक दल का नेता चुने जाने और मुख्यमंत्री बनाये जाने का एलान किया गया। मुख्यमंत्री की शपथ गुरुवार को रामलीला मैदान में दोपहर 12:35 बजे होगी। दिल्ली के मुख्य सचिव की तरफ से भेजे गये निमंत्रण में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रियों की शपथ का भी जिक्र है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, डिप्टी सीएम और केंद्रीय मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है।

## अडाणी मामले में अमेरिका ने भारत से मदद मांगी

- गौतम और सागर अडाणी को नोटिस देने की कोशिश
- कानून मंत्रालय से संपर्क किया



**एजेंसी**

**वाशिंगटन/नयी दिल्ली।** उद्योगपति गौतम अडाणी के खिलाफ धोखाधड़ी और रिश्वत से जुड़े मामले में अमेरिका ने भारत सरकार से मदद मांगी है। अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसइसी) ने न्यूयॉर्क संघीय अदालत में बताया कि रिश्वतखोरी मामले में गौतम अडाणी और सागर अडाणी को नोटिस देने की कोशिश की जा रही है। दोनों भारत में मौजूद हैं। उन्हें नोटिस देने के लिए भारतीय अधिकारियों से मदद मांगी गयी है। इसके लिए भारत के कानून मंत्रालय से संपर्क किया जा रहा है।

दरअसल, गौतम अडाणी समेत आठ लोगों पर आरोप है कि उन्होंने भारत में पुनर्नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को धोखाधड़ी से हासिल किया। परियोजना पाने के लिए उन्होंने दो हजार करोड़ रुपये रिश्वत देने की योजना बनायी थी। इस मामले में 24 अक्टूबर 2024 को न्यूयार्क की संघीय अदालत में केस दर्ज हुआ था। उधर, अडाणी ग्रुप ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया था।

## सीएम हेमंत सोरेन के वरीय आप्त सचिव बने सुनील श्रीवास्तव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुनील कुमार श्रीवास्तव को अपना वरीय आप्त सचिव नियुक्त किया है। सुनील श्रीवास्तव की नियुक्ति एक दिसंबर 2024 से प्रभावी होगी। बता दें कि पथ निर्माण विभाग के सेवानिवृत्त सहायक अभियंता सुनील कुमार श्रीवास्तव लंबे समय से मुख्यमंत्री के साथ वरीय आप्त सचिव के रूप में कार्यरत रहे हैं। यह नियुक्ति बाह्य कोटे के तहत की गयी है। यह पूरी तरह से अस्थायी और को-टर्मिनस है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## न्यूज रील्स

### जेपीएससी परीक्षा की जांच के लिए दायर पीआइएल पर अब 17 मार्च को सुनवाई

रांची। प्रथम, द्वितीय जेपीएससी और अन्य परीक्षाओं में गड़बड़ी की सीबीआइ जांच जल्द पूरी करने के लिए दायर जनहित याचिका पर हाइकोर्ट में अब 17 मार्च को सुनवाई होगी। बुधवार को सीबीआइ की ओर से हाइकोर्ट को बताया गया कि इस मामले में सीबीआइ की विशेष अदालत में पूरक शपथपत्र दाखिल किया गया है। इस मामले में आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया गया है। सुनवाई के दौरान आरोपपत्र की कॉपी भी सीबीआइ ने हाइकोर्ट में पेश की। इसके बाद जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस अरूण कुमार राय की अदालत ने 17 मार्च को अगली सुनवाई निर्धारित की। इस संबंध में बुद्धदेव उरांव ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है। जनहित याचिका में कहा गया है कि जेपीएससी प्रथम व द्वितीय परीक्षा में गड़बड़ी की गयी है।




## ज्ञानेश कुमार ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पद संभाला



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। 1988 बैच के आइएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को देश के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त का पद संभाला। नये कानून के तहत नियुक्त होने वाले वे पहले सीइसी हैं। उनका कार्यकाल 26 जनवरी 2029 तक रहेगा। इससे पहले सीइसी पद पर रहे राजीव कुमार 18 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। ज्ञानेश कुमार के चार साल के कार्यकाल के दौरान 20 राज्य और एक केंद्रशासित प्रदेश (पुडुचेरी) में चुनाव होंगे। शुरुआत बिहार से होगी और अंतिम चुनाव मिजोरम में होगा। ज्ञानेश कुमार के अलावा विवेक जोशी को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया है। वे हरियाणा के मुख्य सचिव और 1989 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। वहीं, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू अपने पद पर बने रहेंगे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 80,700 रु./10 ग्राम
चांदी 1,01,000 रु./प्रति किलो




# गिरिडीह में भीषण सड़क हादसा, 6 लोगों की मौत

## बाइक को टक्कर मारने के बाद स्कॉर्पियो पेड़ से टकरायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** डुमरी-गिरिडीह पथ पर भीषण हादसा हुआ है। यहां बाइक और स्कॉर्पियो के बीच जबरदस्त टक्कर हो गयी है। घटना में छह लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में से चार लोग स्कॉर्पियो पर सवार थे और बाकी लोग बाइक पर सवार थे। यह घटना मधुबन थाना इलाके के लट्टकट्टो की है।

बताया जाता है कि मंगलवार की मध्य रात्रि स्कॉर्पियो और बाइक विपरीत दिशा से आ रही थी। इसी दौरान लाइट से स्कॉर्पियो चालक का संतुलन बिगड़ गया और उसने पहले बाइक सवार को धक्का मार दिया फिर पेड़ से जा टकरायी। घटना की सूचना डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार को मिली। सूचना पर मधुबन थाना की पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया।



सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत से वाहन से शव को बाहर निकाला। घटना की पुष्टि एसडीपीओ सुमित कुमार ने की है। एसडीपीओ सुमित कुमार ने बताया है कि छह लोगों की जान चली गयी है। मरने वालों में चार स्कार्पियो पर सवार थे तो दो बाइक पर। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो पर सवार मृतकों की पहचान मुंगेर मुफ्फसिल थाना अंतर्गत दरियापुर निवासी 40 वर्षीय सोमेश चंद्रा (पिता रवि शंकर प्रसाद सिंह), 21 वर्षीय गोपाल कुमार (पिता नरेश प्रसाद सिंह), गुलाब कुमार ( इसरी बाजार) के तौर पर की गयी है। जबकि एक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं, बाइक पर सवार मृतकों में मधुबन थाना इलाके के छछंदो निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार टुडू (पिता चेतलाल टुडू) और मधुबन थाना इलाके के धावाटांड निवासी 55 वर्षीय हुसैनी मियां (पिता स्व लाटो मियां) के तौर पर हुई है।

# पंजाब: मुख्यमंत्री के आवास में केंद्रीय मंत्री को घुसने नहीं दिया

## डिबेट के लिए भगवंत मान के पास पहुंचे थे रवनीत सिंह बिट्टू

**सुरक्षाकर्मियों ने अंदर जाने से रोका, आधे घंटे तक हंगामा, बहस और हाथापाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू बुधवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से डिबेट करने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। सुरक्षा कर्मचारियों ने उन्हें अंदर जाने नहीं दिया। गेट पर ही उन्हें रोक लिया। इसे लेकर बिट्टू की सिक्योरिटी और चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों के बीच हाथापाई और धक्का-मुक्की तक हो गयी। चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों का कहना था कि उनके पास मंजूरी नहीं थी, इसलिए बिट्टू का काफिला रोक दिया। अधिकारियों ने पायलट गाड़ी के ड्राइवर को जबरन उतारने की कोशिश की। बिट्टू गाड़ी से उतरकर आये तो भी पुलिस अधिकारी सिक्योरिटी अफसर से बहस करते रहे। बिट्टू ने कहा कि मैं अकेला यहां आया था। इन्होंने गालियां दीं। अगर मुझे डिटेन करना है तो कर लो। मैं गृह विभाग को शिकायत दूंगा। बिट्टू ने कहा कि सीएम भगवंत मान हर समय बहस की चुनौती देते रहते हैं। ऐसे में वह अब उनके घर पर मिलने जा रहे थे। ताकि उन्हें पंजाब की असल तस्वीर दिखा सकें।



**रास्ता ब्लॉक करने को लेकर हुआ विवाद:** पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें अधिकारी कह रहे हैं कि आपने रास्ता ब्लॉक कर रखा है। इसके बाद अधिकारियों और ड्राइवर के बीच हाथापाई हुई। पायलट गाड़ी का ड्राइवर पुलिस अधिकारियों से कहता है कि गृह मंत्रालय ने उन्हें (बिट्टू) सिक्योरिटी दे रखी है। हम कैसे उन्हें अकेला छोड़ सकते हैं? उन्हें कुछ हो गया तो कौन जिम्मेदार होगा? हमें गृह मंत्रालय ने भेजा हुआ है। हम ड्यूटी कर रहे हैं। हमारी ऑल इंडिया ड्यूटी है। इस पर अधिकारी कहते हैं कि आप अपनी डयूटी करो और हमें अपनी ड्यूटी करने दो। आप इस तरह रास्ता ब्लॉक नहीं कर सकते। चंडीगढ़ पुलिस के डीएसपी उदयपाल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू पंजाब सीएम के आवास पर जा रहे थे, जब उनसे मिलने की परमिशन को लेकर पूछा गया, तो पता चला कि उनके पास परमिशन नहीं थी। जिसके बाद उन्हें आगे नहीं जाने दिया गया।

# सुदेश महतो जायेंगे दिल्ली, सीएम के शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 27 साल बाद ऐतिहासिक वापसी की है। पार्टी अब शानदार शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी कर रही है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्रा से लौटने के बाद आयोजित किया जायेगा। यह समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, यमुना किनारे या रामलीला मैदान में होने की संभावना है। इस समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और कई सांसदों के शामिल होने की उम्मीद है। झारखंड के आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। बीजेपी ने दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा में 48 सीटें जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) को केवल 22 सीटें मिलीं, जबकि कांग्रेस को इस चुनाव में खाता भी नहीं खोलने का सामना करना पड़ा। आप की हार के बाद, मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि, उन्हें नयी सरकार के गठन तक पद पर बने रहने को कहा गया है।



# गिरिडीह में नक्सलियों की साजिश नाकाम, बम बनाने का सामान बरामद

## माओवादियों ने विस्फोटक सामग्री को किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए छिपाकर रखा था

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के गार्दी और मर्मी के जंगलों में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबलों ने बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि, माओवादियों को अभियान की भनक लगने के कारण वे भागने में सफल रहे, लेकिन सुरक्षाबलों को भारी मात्रा में विस्फोटक हाथ लगे हैं। 154 वाहिनी सीआरपीएफ और गिरिडीह पुलिस के संयुक्त अभियान में यह सफलता मिली। अभियान का नेतृत्व कमांडेंट-154 वाहिनी और पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह के निर्देश पर द्वितीय कमान अधिकारी दलजीन सिंह भाटी और अभियान पुलिस अधीक्षक सुरजीत ने किया। उनके साथ सहा. कमांडेंट विजय सिंह मीणा, निरीक्षक जीडी ओमप्रकाश वर्मा सहित सुरक्षाबलों और सिविल पुलिस की टीम मौजूद थी। संयुक्त टीम ने माओवादियों के संभावित ठिकाने पर सर्च ऑपरेशन किया और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया। जब्त किये गये सामानों का विवरण इस प्रकार हैं, कोडेक्स वायर-04 बंडल, इलेक्ट्रिक डेटोनेटर-05 नग, विस्फोटक पाउडर-लगभग 20 किलोग्राम, लोहे की कीलें-1.5 किलोग्राम, जिलेटिन छड़ें-111 नग(प्रत्येक 125 ग्राम), हेक्सा ब्लेड-02 नग, सेंटॉक्स 200 लीटर-01 नग (नष्ट किया गया)। सुरक्षाबलों के अनुसार, माओवादियों ने इस विस्फोटक सामग्री को किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए छिपाकर रखा था। हालांकि, समय रहते सुरक्षाबलों ने इसे बरामद कर एक बड़ी साजिश को विफल कर दिया। संयुक्त अभियान दल के अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा। गिरिडीह जिले में माओवादी गतिविधियों को पूरी तरह समाप्त करने के लिए पुलिस और सीआरपीएफ लगातार अभियान चला रही है। गिरिडीह पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि इलाके में शांति और सुरक्षा बनी रहे।



# जायका फूड फेस्टिवल विश्वविद्यालय का एक अनूठा प्रयास है : कुलपति

## स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज की ओर से फूड फेस्ट का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक जायका फूड फेस्टिवल 2025 का आयोजन डीएसपीएमयू के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। भारत के विभिन्न खाद्य और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाले स्टालों की कुल संख्या लगभग 35 थी। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे उत्साह और मनोबल के साथ भाग लिया। फूड फेस्ट की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा किया गया यह आयोजन अपने आप में अनूठा है। यह विद्यार्थियों के प्रबंधन कौशल को दर्शाता है। इस आयोजन की सफलता ने विद्यार्थियों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाया है, जो आगे के आयोजन में परिलक्षित होगा। इस आयोजन के क्रियान्वयन में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज के निदेशक डॉ जीसी बास्के, एमबीए समन्वयक डॉ शालिनी लाल, बीबीए/एमएचए समन्वयक डॉ रजनी और एसएमएस स्कूल के संकाय सदस्यों द्वारा किया गया। इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी रही। इस आयोजन में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज के शिक्षक और विद्यार्थियों की अहम भूमिका रही। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।



# इडी ने एनआरएचएम घोटाला मामले में प्रमोद सिंह को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेशनल रुरल हेल्थ मिशन (एनआरएचएम) घोटाले के आरोपी प्रमोद सिंह को इडी ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रमोद कुमार सिंह धनबाद का रहने वाला है। एनआरएचएम में हुए जिस घोटाला मामले में इडी ने प्रमोद कुमार सिंह को गिरफ्तार किया है, वह 6 करोड़ से अधिक रुपये का है। जानकारी के मुताबिक, एजेंसी की ओर से प्रमोद को 12 समन दिया जा चुका था। लेकिन वह एजेंसी के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुआ। जिसके बाद इडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया।



**तीन दिन रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी इडी :** प्रमोद को गिरफ्तार करने के बाद इडी की टीम ने उसे रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में पेश किया। जहां इडी ने कोर्ट से प्रमोद को सात दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की इजाजत मांगी। लेकिन कोर्ट ने सिर्फ तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी दी।

**प्राइमरी हेल्थ सेंटर के लिए आवंटित पैसे का किया गबन :** झारखंड के एंटी करप्शन ब्यूरो ने नेशनल रूरल हेल्थ मिशन में प्राइमरी हेल्थ सेंटर के लिए 2011-12 में आवंटित 6 करोड़ 97 लाख 43 हजार रुपये से अधिक के गबन का मामला पकड़ा। इस मामले में एसीबी ने 10 लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज की थी। इस केस को इडी ने टेकोवर किया है।

प्रमोद सिंह पर आरोप है कि उसने पीएचसी के लिए मिली राशि को अपने खाते में मंगवा लिया और खर्च किया। उसके खाते में पीएचसी के 10 अकाउंट की राशि ट्रांसफर की गयी थी। प्रमोद की पत्नी प्रिया सिंह के खाते में भी गलत तरीके से पैसे ट्रांसफर किये गये। घोटाला सामने आने के बाद प्रमोद को बर्खास्त कर दिया गया, जिसके बाद वह कोयले के कारोबार से जुड़ गया था।

**घोटाले का किंगपिन बताया जाता है प्रमोद सिंह**

झारखंड नेशनल रूरल हेल्थ मिशन घोटाले से जुड़े इस केस में इडी ने धनबाद में छापेमारी भी की थी। एजेंसी ने प्रमोद सिंह के ड्राइवर अजीत सिंह के भूली स्थित आवास की भी तलाशी ली थी। प्रमोद सिंह पहले स्वास्थ विभाग में कार्यरत था। लेकिन अब वह कोयले का बड़ा कारोबारी है और वह घोटाले का किंगपिन बताया जाता है।

# 'श्रवण' के मूल रहस्यों से साक्षात्कार कराया योगदा के आध्यात्मिक प्रधान स्वामी चिदानंद गिरि ने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गत रविवार को योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया एवं सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप के आध्यात्मिक प्रधान स्वामी चिदानंद गिरि जी रांची के योगदा आश्रम में थे। उनका आगमन रांचीवासियों और खासकर योगदा भक्तों के लिए परम आनंद का विषय बना हुआ था। शायद यही कारण रहा कि जब स्वामी चिदानंद गिरि प्रवचन देने को हुए, तो उनके मुख से यह निकल पड़ा कि इस ऑडिटोरियम में आये एक-एक व्यक्ति असाधारण दिव्य आत्मा है, जो प्रकाशस्वरूप प्रतिबिंबित हो रहे हैं। स्वामी चिदानंद गिरि के प्रवचन सुननेवालों में भारत के प्रत्येक कोने के लोग थे और कुछ इस पल के साक्षी वे विदेशी भी थे, जो आध्यात्मिक सुख पाने को रांची में मौजूद थे।



स्वामी चिदानंद गिरि ने जीर्णोद्धार हुए ऑडिटोरियम का नामकरण जैसे ही 'श्रवणालय' के रूप में किया, हजारों की संख्या में बैठे योगदा भक्त भाव-विभोर हो उठे और यहीं से 'श्रवण' और 'श्रवणालय' की महत्ता को समझाना स्वामी चिदानंद गिरि ने शुरू किया। जैसे-जैसे उनके प्रवचन अपने अंतिम छोर तक पहुंच रहे थे, ठीक वैसे-वैसे 'श्रवण' और 'श्रवणालय' की महत्ता से भी लोग दो-चार हो रहे थे, क्योंकि स्वामी चिदानंद गिरि इन दोनों शब्दों के गूढ़ रहस्यों से सभी को परिचय करा रहे थे।

स्वामी चिदानंद गिरि ने कहा कि भारत के ऋषि-मुनियों ने जितना श्रवण के मूल रहस्यों को समझा, वैसा किसी ने समझने की कोशिश नहीं की। यही कारण रहा कि आध्यात्मिक तौर पर वे ईश्वर के ज्यादा निकट रहे। उन्होंने कहा कि श्रवण का मतलब सिर्फ सुनना नहीं है, बल्कि उसका मनन करते हुए उसमें रम जाना, ईश्वरीय अनुभूतियों को महसूस करना है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि जब राजर्षि जनकानंद जी एक बार गुरुजी के साथ ध्यान करने को बैठे, तो जैसे ही प्रार्थना के कुछ शब्द जैसे हैवेनली फादर, मदर, फ्रेंड, बिलव्ड गॉड कहना प्रारंभ हुआ, राजर्षि जनकानंद जी अचेत हो गये। कुछ लोगों ने कहा कि वे अचेत हो गये, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे अचेत नहीं हुए, बल्कि वे समाधिस्थ हो गये। स्वामी चिदानंद गिरि जी ने इस दृष्टांत के माध्यम से बता दिया कि श्रवण का मूल अर्थ क्या होता है? वे कहना चाहते थे कि श्रवण का अर्थ ही है कि जिनके बारे में हम सुन रहे हैं, बस उन्हीं का हो जाना है, जैसा कि राजर्षि जनकानंद जी के साथ हुआ। उन्होंने दो-चार शब्द ही सुने थे और वे समाधिस्थ हो गये। ये है श्रवण का महत्व।

इसके पूर्व स्वामी अच्युतानंद गिरि ने ऐसी भक्ति रसधारा बहायी, जिसमें सभी योगदा भक्तों ने डुबकी लगायी। यह भक्ति रसधारा ऐसी बही, जैसे लगा कि प्रयागराज में अवस्थित अमृत की बूंदें कुछ पल के लिए श्रवणालय में योगदा भक्तों के बीच भजन के रूप में छिड़की जा रही हो। इससे पहले स्वामी चिदानंद गिरि जी का परिचय करा रहे योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया के वरीय उपाध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद गिरि ने बताया कि स्वामी चिदानंद गिरि पिछले 45 वर्षों से संन्यासी का जीवन व्यतीत कर रहे हैं और संस्था के संपादकीय विभाग का कुशल नेतृत्व कर रहे हैं। स्वामी चिदानंद गिरि जी के ही प्रयासों से भारत व विश्व की अन्य भाषाओं में प्रेमावतार परमहंस योगानंद जी की पाठमालाओं व अन्य ग्रंथों का अनुवाद संभव हो सका है। साथ ही ऑनलाइन पाठयक्रम व ध्यान आदि का शुभारंभ किया गया है।

# शादीशुदा प्रेमी ने प्रेमिका को ताड़ी में जहर देकर मार डाला

## शादी के लिए दबाव बना रहा था अनवर अंसारी

**प्रेमिका ने शादी से किया इनकार तो उठाया खौफनाक कदम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोड्डा।** गोड्डा में एक दिल दहला देने वाली घटना में एक शादीशुदा युवक ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। घटना 30 जनवरी की है, जब सुंदर पहाड़ी थाना क्षेत्र के तसरिया में एक युवती की मौत की सूचना मिली थी। मृतका के परिजनों ने 35 वर्षीय अनवर अंसारी पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गोड्डा के एसपी अनिमेष नेथानी के निर्देश पर एसआइटी का गठन किया गया था, जिसने तकनीकी जांच की और आरोपी की तलाश शुरू की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने पथरा हटिया से अनवर को गिरफ्तार किया।



एसडीपीओ अशोक रविदास ने बताया कि अनवर पहले से शादीशुदा है और उसकी पत्नी से कोई संतान नहीं है। वह लंबे समय से मृतका के साथ रिश्ते में था और उस पर शादी का दबाव बना रहा था, लेकिन मृतका ने जनजाति से होने के कारण शादी से इनकार कर दिया था। घटना से एक दिन पहले अनवर मृतका के घर आया था और उसे एक जगह ले गया, जहां उसने ताड़ी में जहर मिलाकर पिला दिया। मृतका की मौत के बाद अनवर उसे घर पहुंचाकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 16.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.47 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.19 बजे |



# इटखोरी महोत्सव का हुआ आगाज

## पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने किया उद्घाटन

**मंत्री सुदिव्य कुमार ने मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** सूबे के नगर विकास एवं आवास, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल कूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जिले के इटखोरी प्रखंड स्थित तीन धर्मों का संगम स्थल विश्व प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर परिसर में तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता भी मौजूद थे। मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मंत्री के आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वहीं ढोल नगाड़े एवं पारंपरिक नृत्य के साथ मंत्री को कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। मुख्य अतिथि सुदिव्य कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित कर सभी को महोत्सव की बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर धर्म गुरु स्वामी रवींद्र कीर्ति हस्तिनापुर, झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, बौद्ध भिक्षु सह बोध गया मंदिर प्रबंधन समिति के नांगजेय दोरजी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। इस मौके पर उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, भद्रकाली मंदिर प्रबंधन समिति सदस्य समेत काफी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

# महाकुंभ में बाबूलाल ने लगायी डुबकी

## 'देश की एकता का उदाहरण है प्रयाग का महाकुंभ'

**गंगा मैया से सबके कल्याण की कामना की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर आस्था की डुबकी लगायी। इस दौरान उन्होंने गंगा मैया से सबके कल्याण की मंगलकामना भी की। बाबूलाल ने एक्स पर अपनी तस्वीर शेयर कर लिखा कि आज प्रयागराज के पवित्र महाकुंभ में त्रिवेणी संगम तट पर पुण्य स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

बाबूलाल ने आगे लिखा कि मां गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में डुबकी लगाकर अपार आध्यात्मिक शांति और ऊर्जा की अनुभूति हुई। महाकुंभ का यह दिव्य वातावरण, संत महात्माओं के दर्शन और श्रद्धालुओं की आस्था वास्तव में अद्भुत और अलौकिक है। गंगा मइया से सबके कल्याण की मंगलकामना करता हूं।

महाकुंभ स्नान के बाद बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यहां आने के बाद जो आनंद मिला मैं उसको शब्दों में बयान नहीं कर सकता। देश की एकता का कोई उदाहरण है तो वो प्रयाग का ये महाकुंभ है। यहां जाति, वर्ग, भाषा, क्षेत्र से ऊपर सभी सनातनी हैं। लोग आनंद से डुबकी लगा रहे हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।
- **वृष** — कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।
- **मिथुन** — कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।
- **कर्क** — शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।
- **सिंह** — राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।
- **कन्या** — प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।
- **तुला** — सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।
- **वृश्चिक** — नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी, वाणिज्य-व्यवसाय में लाभ होगी।
- **धनु** — आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।
- **मकर** — अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।
- **कुंभ** — सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख।
- **मीन** — लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है ।

# घुसपैठिये आदिवासियों की जमीन पर कर रहे कब्जा : चंपाई सोरेन

**बांग्लादेशी घुसपैठियों का यह मुद्दा हमारे लिए कोई राजनीतिक या चुनावी नहीं, बल्कि एक सामाजिक मुद्दा है**

**नजमुल जैसे न जाने कितने लोग, यहां आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला के विधायक चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर झारखंड सरकार को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा है कि एक ओर सरकार हाइकोर्ट में कहती है कि संथाल परगना में कोई बांग्लादेशी घुसपैठिया नहीं है, वहीं दूसरी ओर नजमुल जैसे न जाने कितने लोग, यहां आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। हमारी बहू-बेटियों की अस्मत से खिलवाड़ कर रहे हैं।

आगे उन्होंने कहा कि सरकार, सिर्फ वोट बैंक की खातिर, पूरे मामले को देखते हुए भी अनदेखा कर रही है। पाकुड़ समेत कई विधानसभा सीटों पर हमारा आदिवासी समाज आज अल्पसंख्यक हो चुका है। सरकार बताये कि जब एसपीटी एक्ट की वजह से वहां की जमीनों की खरीद-बिक्री ही नहीं हो सकती, तो ये बांग्लादेशी घुसपैठिये किसकी जमीन पर बसे हैं।

बांग्लादेशी घुसपैठियों का यह मुद्दा हमारे लिए कोई राजनीतिक या चुनावी नहीं, बल्कि एक सामाजिक मुद्दा है जो आदिवासी समाज के अस्तित्व से जुड़ा है। हम उनके अधिकारों के लिए लड़ते रहे हैं, और अब इस संघर्ष को तेज करने का वक्त आ चुका है। अगले महीने से, आदिवासी सांवता सुशार अखाड़ा की टीम संथाल परगना समेत विभिन्न जिलों का दौरा करेगी और जमीनी स्तर पर घुसपैठ, धर्मांतरण एवं समाज के अन्य मुद्दों पर वृहत आंदोलन खड़ा किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि दुमका केंद्रीय कारा में बंद बांग्लादेशी नागरिक नजमुल हवलदार की सजा 27 फरवरी को पूरी हो रही है। साहिबगंज के एसपी ने पुलिस मुख्यालय को इस बारे में सूचित किया है और बांग्लादेशी दूतावास को जानकारी देने का अनुरोध किया है। नजमुल, बांग्लादेश के खुलना जिले के शांतिभंगा गांव का निवासी है, जिसे 24 फरवरी 2023 को साहिबगंज के तालझारी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया था। उस पर विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ और 16 जून 2024 को 2 साल की सजा और 10,000 रुपये जुर्माना लगाया गया। सजा पूरी होने के बाद, उसे बांग्लादेश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

# सांसद प्रदीप वर्मा ने महाकुंभ में किया पवित्र स्नान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ के संगम में पवित्र स्नान किया। इस दौरान उन्होंने अपने परिवार के साथ आस्था की डुबकी लगायी। डुबकी लगाने के साथ ही उन्होंने भगवान सूर्य को अर्घ्य भी अर्पित किया है। बता दें कि महाकुंभ अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। इसके बावजूद भी आस्था का सैलाब प्रयागराज में देखने को मिल रहा है। घंटों जाम में फंसने और ट्रेन में भीड़ होने के बावजूद भी लोग महाकुंभ पहुंच रहे हैं। अब केवल 7 दिन महाकुंभ में बचे हुए हैं ऐसे में लोग कोशिश कर रहे हैं कि वह किसी भी तरह से महाकुंभ में पहुंचकर पवित्र स्नान कर लें। बता दें कि 26 फरवरी को महाकुंभ का समापन हो जायेगा।

# स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना को लेकर राज्यपाल से मिला शिष्टमंडल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के शिष्टमंडल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। शिष्टमंडल का नेतृत्व मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने किया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के युवाओं में देशप्रेम की भावना को जागृत बनाये रखने और स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को संजोये रखने के उद्देश्य से हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानी म्यूजियम की स्थापना के लिए पहल करने का आग्रह किया।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने की शिक्षण यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने रांची एक्वेरियम और बटरफ्लाई पार्क की शैक्षणिक यात्रा की। इस यात्रा ने छात्रों को एक संवादात्मक वातावरण में सतत विकास लक्ष्यों के साथ समुद्री जैव विविधता, पारिस्थितिकी तंत्र और संरक्षण प्रयासों का पता लगाने का अवसर प्रदान किया। बच्चों ने कई तरह की जलचर प्रजातियों को देखा और रंग-बिरंगी तितलियों की खूबसूरती का आनंद लिया। यह यात्रा न केवल उनके लिए सीखने का मौका बनी, बल्कि मनोरंजक भी रही। इससे छात्रों को प्राकृतिक संतुलन को बेहतर समझने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका को समझने में मदद मिली। प्राचार्या परमजीत कौर ने बताया कि ऐसी यात्राएं बच्चों के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं। इससे वे किताबों में पढ़ी चीजों को वास्तविक रूप से देख और समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के अनुभव बच्चों की जिज्ञासा, ध्यान देने की क्षमता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं।

# आइएएस अफसरों की कमी दूर करे केंद्र सरकार : विजय शंकर नायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि झारखंड में आइएएस अफसरों की कमी को दूर करने के लिए उनकी जल्द प्रतिनियुक्ति करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आइएएस अधिकारियों की कमी को देखते हुए राज्य सरकार को एक-एक आइएएस को पांच-पांच विभागों का आवंटन करना पड़ रहा है। नायक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य में निर्धारित स्वीकृत आइएएस कैडर के पदों के अनुसार आइएएस होने को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि राज्य में आइएएस अफसरों का स्वीकृत पद 224 है, जिसमें मात्र 177 आइएएस अफसर ही कार्यरत हैं और 14 झारखंड कैडर के आइएएस केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और इसी वर्ष मुख्य सचिव सहित 14 आइएएस अफसर सेवानिवृत्त हो जायेंगे। इससे झारखंड में आइएएस अधिकारियों की संख्या और भी कम हो जायेगी।

# राज्य में भ्रष्टाचार बन गया है शिष्टाचार : रमाकांत महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने मुख्यमंत्री पर जमकर निशाना साधा है। कहा कि सीएम झारखंड में अबुआ दिशुम अबुआ राज (हमारा देश, हमारा शासन) के बजाय अबुआ दिशुम दिकू राज (हमारा देश, बाहरी लोगों का शासन) स्थापित करना चाहते हैं। महतो ने कहा कि सरकार ने लोकप्रिय नियोजन एवं स्थानीय नीति को निरस्त कर बिना किसी नयी नीति के बाहरी लोगों को नौकरियां दी हैं।

महतो ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में जेएसएससी और सरकारी संस्थाओं द्वारा की गयी नियुक्तियों में 75% से अधिक अभ्यर्थी झारखंड के बाहर के हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार की नियुक्तियों में व्यापक धांधली हुई है, पेपर लीक हुए और कई मामले विवादों में घिरे रहे। जेएसएससी के चेयरमैन ने इस्तीफा दिया और मामले हाइकोर्ट तक पहुंचे।

भाजपा प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री को चुनौती दी है कि वे श्वेत-पत्र जारी कर बतायें कि अब तक की गयी हजारों नियुक्तियों में कितने बाहरी और कितने झारखंडी हैं। महतो ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री दिकूओं से घिरे हैं और भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, नीलांबर-पीतांबर जैसे वीर शहीदों के सपनों को नीलाम कर रहे हैं। साथ ही, बिनोद बाबू, निर्मल महतो, दिशुम गुरु शिबू सोरेन के विचारों को चकनाचूर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के ईमानदार आदिवासी और मूलवासी अधिकारियों को साइडलाइन कर भ्रष्ट अधिकारियों की पोस्टिंग की जा रही है। जिससे राज्य में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। महतो ने यह भी कहा कि मंईयां योजना के तहत महिलाओं के खातों में हर महीने की 11 तारीख को राशि भेजने में सरकार विफल हो चुकी है।

## कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू नियुक्ति के बाद पहली बार पांच दिवसीय प्रवास पर कल रांची पहुंचेंगे

# संगठन के विस्तार के लिए किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जायेगा: के राजू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के राजू नियुक्ति के बाद पहली बार पांच दिवसीय प्रवास में 21 फरवरी को रांची पहुंचेंगे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, रांची में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन सशक्तिकरण पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके बाद 22 फरवरी को रांची से चाइबासा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां चाइबासा, सरायकेला, जमशेदपुर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन की अद्यतन स्थिति से अवगत होंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि 23 फरवरी को बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष/चेयरमैन, उपाध्यक्ष, सदस्यों की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। कांग्रेस अग्रणी मोर्चा संगठन एवं उसके अध्यक्षों के साथ भी बैठक करेंगे फिर रांची से हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेंगे और रात्रि विश्राम हजारीबाग परिसदन में होगा। 24 फरवरी को हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, और रामगढ़ में जिलाध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद रांची के लिए प्रस्थान करेंगे।

25 फरवरी को रांची जिला के लापुंग में खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, रांची नगर, रांची ग्रामीण के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन करने के बाद नयी दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

### प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रमों की जानकारी दी

वहीं बुधवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश नयी दिल्ली में झारखंड के प्रभारी के राजू से मुलाकात की। इस अवसर पर उनके साथ मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, प्रदेश मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी, केदार पासवान और रियाज अंसारी मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश महतो ने प्रभारी को संगठन द्वारा पिछले 5 महीने के दौरान चलाये गये कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न जिलों में चलाये गये जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम के विभिन्न चरणों के तहत आयोजित किये गये कार्यक्रमों की पूर्ण जानकारी दी। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस और महागठबंधन की संयुक्त सात गारंटियों और कांग्रेस के घोषणा पत्र में किये गये वादों की भी पूरी जानकारी दी। इस संबंध में मुख्यमंत्री से हुई चर्चा और कांग्रेस द्वारा किये जा रहे प्रयासों का विस्तृत विवरण दिया। प्रभारी के राजू ने कहा कि संगठन के विस्तार और सशक्तिकरण के लिए किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जायेगा। कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच की दूरी कम होनी चाहिए। जिस आशा और विश्वास के साथ कार्यकर्ताओं ने जनता में संगठन की साख बचा रखी है हमें उसी मजबूती के साथ कार्यकर्ताओं और जनता के साथ खड़े रहना है।

रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.—डी.एल.—अ.—07022025—260782
CG-DL-E-07022025-260782
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II — खण्ड 3 — उप—खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 602] नई दिल्ली, मंगलवार, फरवरी 4, 2025/माघ 15, 1946
No. 602] NEW DELHI, TUESDAY, FEBRUARY 4, 2025/MAGHA 15, 1946

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 3 फरवरी, 2025**

**का.आ. 606(अ).**— केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या **का.आ. 4283 तारीख 01/10/2024**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के पलामू जिले के गाँवों में अर्थात् छतरपुर अंचल अंतर्गत करमा कला, NH98 के कि.मी. 23.284 से कि.मी. 57.041 (पलामू) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"24.10.2024"** को **"आजाद सिपाही"** और **"टाइम्स ऑफ इंडिया"** दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3—ग के तहत आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**झारखण्ड राज्य के पलामू जिले में NH98 के अंतर्गत कि.मी. 23.284 से कि.मी. 57.041 (पलामू) के गाँवों में अर्थात् छतरपुर अंचल अंतर्गत करमा कला, जिला—पलामू, झारखण्ड राज्य के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण।**

जिला : पलामू
[फा. सं. : 11015/5PD/DHN/LA/NH-98/2861/3D]
अभय जैन, निदेशक
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि : 03.02.2025
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=57833&file_id=29571
https://egazette.gov.in/(S(qtpnfogbf5d0d3aw43k5mkig))/ViewPDF.aspx






### पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

# कचरा प्रबंधन में लातेहार जिला के प्रदर्शन की सराहना, तकनीक के इस्तेमाल पर दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार झारखंड का पहला जिला होगा, जहां सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

टाउन हॉल, लातेहार में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) के तहत 10 दिवसीय आवासीय जलसहिया/मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, स्वच्छ भारत मिशन की डायरेक्टर डॉ नेहा अरोड़ा और भारतीय हरित सेवा के



परियोजना निदेशक एवं सलाहकार सी. श्रीनिवासन का पौधा देकर स्वागत किया गया।

मौके पर अपने संबोधन में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि लातेहार झारखंड का पहला जिला होगा, जहां सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि वे 45-50 दिनों के भीतर लातेहार दोबारा आयेंगे और इस कार्यक्रम की प्रगति को देखेंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में पर्यावरण विशेषज्ञ सी. श्रीनिवासन ने बताया कि उद्यान अपशिष्ट, मछली बाजार अपशिष्ट, सब्जी अपशिष्ट आदि का प्राथमिक पृथक्करण स्रोत पर और द्वितीयक पृथक्करण एसएलआरएम केंद्रों पर किया जाता है। जबकि तृतीयक पृथक्करण एक सामान्य केंद्र पर होता है। प्रधान सचिव मस्त राम मीणा ने कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण हेतु ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकों को अपनाना अनिवार्य है। उन्होंने हरित एवं स्वच्छ झारखंड के लक्ष्य को साकार करने के लिए कचरा प्रबंधन की आधुनिक प्रक्रिया अपनाने पर बल दिया।

10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी पंचायतों से 230 जलसहिया एवं नगर पंचायत की 60 एसएचजी महिलाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये प्रशिक्षु मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने-अपने क्षेत्रों में अन्य लोगों को भी प्रशिक्षित करेंगे, जिससे यह कार्यक्रम जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से लागू हो सके।

# बैंक ऑफ इंडिया का रांची में हाउसिंग लोन और वाहन ऋण एक्सपो का आयोजन आज

बैंक ऑफ़ इंडिया
रिश्तों की जमापूँजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया चिल्ड्रेन पार्क, नियर डीएवी कपिलदेव, कडरू, रांची में गुरुवार को हाउसिंग लोन एवं वाहन ऋण एक्सपो का आयोजन कर रहा है। इस एक्सपो का उद्देश्य ग्राहकों को उनके सपनों का घर एवं वाहन खरीदने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि इस एक्सपो में ऋण योजनाओं और ब्याज दरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया हाउसिंग लोन 8.30 प्रतिशत ब्याज दर और वाहन ऋण 8.75 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध है। इसके अलावा, बैंक 8.25 प्रतिशत के ब्याज दर से होम लोन टेकओवर भी कर रहा है। एक्सपो के दौरान, विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों से विशेष परामर्श भी प्राप्त किया जा सकता है। बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी औपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे।

# सुरेश प्रसाद के निधन पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में बुधवार को समिति के सदस्य सुरेश प्रसाद के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में शिशु विकास मंदिर समिति के अध्यक्ष शक्ति नाथ लाल दास, मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र, सह मंत्री डॉ धनेश्वर महतो, एस वेंकट रमन, महावीर सिंह, लाल अशोक नाथ साहदेव, योगेश्वर दुबे, सुनील दत्त सिंह, सत्यनारायण पांडेय, प्रमोद कुमार सिंह, नर्मदेश्वर मिश्र, रमाशंकर प्रसाद, ललन कुमार, मीना कुमारी सहित विद्यालय के समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

# कोटक म्यूचुअल फंड निवेश के प्रभावी विकल्प के रूप में एसआइपी को दे रहा बढ़ावा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोटक म्यूचुअल फंड (केएमएफ) के लिए बीते कुछ महीने बेहद ही मजबूत रहे हैं और मौजूदा फाइनेंशियल इयर भी उत्साह बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। कोटक म्यूचुअल फंड की स्कीम के बेहतर प्रदर्शन और फोकस्ड प्रोडक्ट स्ट्रैटेजी (केंद्रित उत्पाद रणनीति) ने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में इसके फुटप्रिंट का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी के सभी एसेट क्लास में एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। 25 जनवरी, 2025 तक, कोटक म्यूचुअल फंड के पास 45 लाख से अधिक एसआइपी फोलियो हैं, जिनके माध्यम से निवेशक नियमित रूप से इसकी म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश कर रहे हैं। कोटक फ्लेक्सी कैप फंड, कोटक




ब्लूचिप फंड, कोटक इमर्जिंग इक्विटी फंड और कोटक इक्विटी अपॉर्चुनिटीज फंड जैसे प्रोडक्ट कोटक म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच बेहद पॉपुलर हो चुके हैं।

31 जनवरी, 2025 तक, झारखंड राज्य में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का 83000 करोड़ रुपये से अधिक एसेट अंडर मैनेजमेंट था, जबकि लाइव एसआइपी काउंट 20 लाख से अधिक हो गया है। ये संख्या इस प्रदेश में निवेशकों के बीच म्यूचुअल फंड और सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआइपी) की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। कोटक म्यूचुअल फंड एक निवेश के प्रभावी विकल्प के रूप में एसआइपी को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है, जिसके जरिए निवेशकों अपने वित्तीय लक्ष्य को देखते हुए नियमित रूप से और अनुशासित होकर निवेश कर सकते हैं। कंपनी अलग-अलग कैटेगरी में अलग-अलग निवेशकों की जरूरतों को देखते हुए म्यूचुअल फंड योजनाओं की एक बड़ी रेंज पेश करती है।

# जिला प्रशासन की टीम ने इ-स्टांप का किया सत्यापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम ने बुधवार को निबंधन कार्यालय और कचहरी परिसर में स्टांप वेंडर की ओर इ-स्टांप की बिक्री का औचक सत्यापन किया गया। इस दौरान स्टांप के जीआरएन नंबर, मूल्य समेत अन्य का सत्यापन किया गया।

मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी मो जफर हसनात और असीम बाड़ा ने निबंधन कार्यालय परिसर एवं कचहरी स्थित वकालतखाना परिसर में स्टांप वेंडरों की ओर से की जा रही इ-स्टांप की बिक्री का सत्यापन किया। इस दौरान जांच में इ-स्टांप सही पाये गये। ई-स्टांप की जांच के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों ने विभिन्न वेंडरों की ओर से बिक्री किये गये लगभग 25 इ-स्टांप की जांच की गयी।

# क्राउड मैनेजमेंट : महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधकों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

### यात्री सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की गयी। इस बैठक में पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक अपने-अपने मंडलों के शाखा अधिकारियों के साथ वीडियो क्रांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। बैठक में मुख्य रूप से महाकुंभ-2025 के दौरान स्टेशनों एवं ट्रेनों में क्राउड मैनेजमेंट, कुंभ स्पेशल ट्रेनों के परिचालन सहित श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए उठाये जा रहे कदमों की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधकों एवं मुख्यालय के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिया कि क्राउड मैंजमेंट में किसी प्रकार



की कोताही न बरती जाये। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए यात्री सुरक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अंतिम क्षणों में प्लेटफॉर्म न बदला जाये। स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ को सीसीटीवी द्वारा लगातार मॉनिटरिंग किया जाये एवं आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कुंभमेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाये।

अधिक भीड़-भाड़ वाले प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के लिए होल्डिंग एरिया बनाया गया है जिसमें पानी, बैठने एवं आराम करने और यात्री सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। साथ ही ट्रेन के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जा रही है। यात्रा टिकट प्राप्त करने में दिक्कत ना हो इसके लिए प्रमुख स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर एवं एटीवीएम के लिए अतिरिक्त फैसिलिटेटर का प्रावधान किया गया है।

# स्वामी मुकुंदानंद महाराज का रांची आगमन आज

## दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वामी मुकुंदानंद महाराज गुरुवार को रांची पहुंचेंगे। उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन रांची एयरपोर्ट पर किया जायेगा। जगद्गुरु कृपालु योग यानी जेके योग इंडिया और अशोक नगर देवालय एवं चिंतन स्थल समिति, रांची के संयुक्त प्रयास से स्वामी मुकुंदानंद महाराज के सानिध्य में दो दिवसीय भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम 20 और 21 फरवरी को रांची के देवालय मंदिर (अशोक नगर रोड नंबर 2 ) के सभागार में सायं 5 बजे से 8 बजे तक किया जा रहा



है। इस अवसर पर स्वामी मुकुंदानंद महाराज के श्रीमुख से संतों की प्रेरणादायक प्रसंग के माध्यम से आध्यात्मिक साधना के रहस्य जानने का स्वर्णिम अवसर हमें प्राप्त होगा। स्वामी मुकुंदानंद महाराज विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक शिक्षक, मन-प्रबंधन के विशेषज्ञ और आइआइटी और आइआइएम जैसी प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्र भी रहे हैं। इस दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम में स्वामी जी आध्यात्मिक साधना संबंधित चिंताओं का समाधान करेंगे एवं जीवन परिवर्तन से संबंधित दिव्य चर्चाओं पर अपनी बात रखेंगे। संस्था के अध्यक्ष मुकेश कुमार, सचिव बीबी मिश्रा, रांची केंद्र प्रभारी बहन कृष्णा तुलसी ने रांची के समस्त धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सपरिवार इस दो दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर सनातन धर्म को आगे बढ़ायें।

# महाप्रबंधक ने पटना-डीडीयू और डीडीयू-गया रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा बुधवार को पटना-डीडीयू एवं डीडीयू-गया-किऊल रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने इन रेल मार्गों में पड़नेवाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल




रेल प्रबंधक जयंत चौधरी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता अपने-अपने क्षेत्राधिकार में उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक द्वारा बक्सर स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, साफ-सफाई, पैदल उपरिगामी पुल, सकुर्लेटिंग एरिया सहित समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में महाप्रबंधक द्वारा डीडीयू यार्ड का भी निरीक्षण किया गया, जहां उन्होंने परंपरागत आइआर लाइन के डीएफसीसी लाइन से जुड़ाव के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा न्यू गंजख्वाजा से न्यू चिरैला पौथू स्टेशन तक डीएफसीसी लाइन पर विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत सासाराम-डेहरी ऑन सोन-गया रेलखंड का भी महाप्रबंधक द्वारा विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया गया।

# राज अस्पताल के आपातकालीन विभाग को एनएबीएच की मान्यता प्राप्त हुई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेशनल एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स एंड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) ने राज अस्पताल के आपातकालीन विभाग को एनएबीएच की मान्यता दी। बोर्ड ने राज अस्पताल के आपातकालीन विभाग का मूल्यांकन किया और पाया कि यह एनएबीएच बोर्ड के सभी मानकों का बखूबी अनुपालन करता है।

राज हॉस्पिटल, रांची के प्रबंध निदेशक डॉ बीरेंद्र कुमार ने कहा कि एनएबीएच की मान्यता भारत में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मानक निर्धारित करता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अस्पताल स्वास्थ्य सेवाओं में सर्वोत्तम गुणवत्ता और सुरक्षा के मानकों को पूरा कर सकें। वर्तमान में




एनएबीएच कि मान्यता भारत में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए उच्चतम बेंचमार्क मानक हैं।

आपातकालीन विभाग के प्रमाणीकरण के लिए निर्धारित किये गए मानक आपातकालीन विभाग में भर्ती मरीजों को गुणवत्तापूर्ण देखभाल और सुरक्षा के लिए रूपरेखा प्रदान करते हैं

आपातकालीन विभाग के प्रमुख चिकित्सक डॉ श्याम प्रसाद (एमडी, एमइएम) ने कहा कि 255 विभिन्न उद्देश्यों एवं 49 गुणवत्ता मानकों के कठोर निरीक्षण प्रक्रिया के बाद, राज अस्पताल को यह मान्यता प्रदान किया गया है। जिसके बाद राज अस्पताल का यह आपातकालीन विभाग एनएबीएच की गुणवत्ता मान्यता प्राप्त करने वाला झारखंड का पहला और एकमात्र अस्पताल बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज अस्पताल, रांची को पहले ही अस्पताल के लिए एनएबीएच की 5वें संस्करण की पूर्ण मान्यता मिल चुकी है और एनएबीएच इमरजेंसी के साथ हमारा अस्पताल यह उपलब्धि हासिल करने वाला पूरे झारखंड राज्य में एकमात्र अस्पताल बन गया है।

राज अस्पताल के सीइओ साहिल गंभीर ने कहा, राज अस्पताल शहर का 30 साल से अधिक पुराना कॉरपोरेट अस्पताल है। मेरी हमेशा से यह इच्छा रही है कि जब गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल में सर्वोत्तम मानक स्थापित करने की बात आये है तो हमारा संगठन इस क्षेत्र में अग्रणी रहे। फरवरी 2023 में जब हमारे अस्पताल को एनएबीएच की, 5वां संस्करण पूर्ण मान्यता प्रदान किया गया तो हमने अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की और हमारे आपातकालीन विभाग को एनएबीएच की मान्यता हमारी एक और उपलब्धि है। वर्तमान में राज अस्पताल, रांची में 25 से अधिक चकित्सिय विभाग एवं 8 अति विशिष्ट चकित्सिय सेवायें उपलब्ध हैं। हमारा अस्पताल 24 बाई 7 उन्नत जांच की ??सेवाओं, एएलएस, फार्मेसी और विशेषज्ञ देखभाल से सुसज्जित है। हम आर्थिक और नैतिक दोनों तरीकों से इस क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# एसआर डीएवी पुंदाग में यज्ञशाला का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल पुंदाग में यज्ञशाला का भव्य उद्घाटन किया गया। डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नयी दिल्ली के कोषाध्यक्ष सह डीएवी पुंदाग के प्रबंधक नानक चंद ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर यज्ञशाला का उद्घाटन किया। तत्पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक महाहवन किया गया। आर्य समाज के पुरोहित ने हवन करवाया। इस अवसर पर प्रसिद्ध आर्य समाजी एसएल गुप्ता एवं आर्य समाज के प्रधान राजेंद्र कुमार आर्य, झारखंड जोन - बीके सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह प्राचार्य एमके सिन्हा, जोन - जेके सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी सह डीएवी हेहल के प्राचार्य



एसके मिश्रा, डीएवी बरियातू के प्राचार्य तापस घोष, डीएवी टीसीआइ गोविंदपुर के प्राचार्य एसके पाठक, डीएवी सिल्ली की प्राचार्या बूबून शरण, डीएवी खलारी के प्राचार्य कमलेश कुमार, डीएवी सेक्टर-4 बोकारो के प्राचार्य सर्वेंदु शेखर, डीएवी चतरा के प्राचार्य अजय कुमार चौबे सहित अनेक अतिथियों ने सामूहिक महाहवन में भाग लिया। प्राचार्य संजीत कुमार मिश्र ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

198000 Subscribers

YouTube Channel

Subscribe NOW

# विकास के लिए खेती को आगे बढ़ाना ही होगा : रामचंद्र सिंह

## पलामू के लिए स्पेशल ड्राइव चलाकर खेत में पानी पहुंचाने की पहल हो: केएन त्रिपाठी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के डाल्टनगंज शहर स्थित शिवाजी मैदान में बुधवार को प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें शामिल हुए मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि विकास के लिए खेती को आगे बढ़ाना होगा। खेती से अंतिम व्यक्ति से लेकर ऊपर तक के लोगों को लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को भारत के मानचित्र पर ले जाने के लिए प्रयत्नशील हैं। पलामू, गढ़वा व लातेहार में कृषि की कई संभावनाएं हैं। लातेहार में बेतला टूरिस्ट पैलेस है। छोटी-छोटी नदियों में सोलर पंप लगाकर किसानों के खेत में पानी पहुंचाकर खेती को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने लातेहार के मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए विशेष पैकेज देने की मांग की। दूसरी ओर, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि पलामू आकाल व सुखाड़ झेलती रही है। इससे मुक्ति के लिए सरकार स्पेशल ड्राइव चलायें। हमें जमीन और बंजर जमीन के लिए पानी की व्यवस्था करनी है। वहीं, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा कि किसानों के हित के लिए प्रखंड स्तर पर किसान भवन बनाने की पहल होनी चाहिए। जबकि प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेला के माध्यम से किसान कृषि से संबंधित विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी जा रही है। कृषि मुख्य व्यवसाय है। उन्होंने कृषि कल्याण से संबंधित योजनाओं की भी जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, निदेशक समेति विकास कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक शशिभूषण अग्रवाल, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद एवं अन्य जनप्रतिनिधि, विधायक के प्रतिनिधि, जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार, गढ़वा के जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर कुमार एवं लातेहार के जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह सहित प्रमंडल क्षेत्र के पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के कृषि एवं पशुपालन विभाग से जुड़े पदाधिकारी और विभागीय पदाधिकारी, तीनों जिलों की बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान उपस्थित रहे।



प्रमंडल स्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का उद्घाटन करते गणमान्य लोग।

### 16 किसानों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी के मौके पर राज्य के कृषि एवं पशुपालन मंत्री नेहा शिल्पी तिर्की और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा सांकेतिक रूप से 16 किसानों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। पलामू के दो किसानों को किसान समृद्धि योजनाअंतर्गत चलंत सोलर पंप वितरण किया गया। वहीं एनएफएसएम अंतर्गत एक किसान को रोटावेटर एवं एक किसान को विद्युत पंप सेट दिया गया। जबकि दो किसानों को बकरा विकास योजना अंतर्गत बकरा प्रदान किये गये। दो किसानों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत गाय एवं एक किसान को मत्स्य विपणन के लिए पिकअप वैन दी गयी। गढ़वा जिले के दो किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए किट एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत एक किसान को गाय उपलब्ध करायी गयी। साथ ही लातेहार जिले के किसान को एनएफएसएम अंतर्गत मल्टीक्रॉप थ्रेशर, विद्युत पंप सेट और पावर नेपसैक स्प्रेयर प्रदान किया गया। इसके अलावा मत्स्य विपणन के लिए एक किसान को पिकअप वैन दी गयी।

### किसानों को किया गया पुरस्कृत

प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-उद्यान प्रदर्शनी की दूसरी पहर में आयोजन स्थल शिवाजी मैदान में वैज्ञानिक किसान अंतर्रमिलन-सह-किसान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उन्नत कृषि के संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही किसानों ने भी अपने उन्नत खेती के बारे में अनुभव साझा किया। किसान मेला में किसानों द्वारा लाये गये विभिन्न कृषि उत्पाद (प्रदर्शन) को 30 फसलों को अलग-अलग कैटेगराइज कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त 100 से अधिक किसानों को पुरस्कृत किया गया।

# प्रकृति लमसल की याद में केआइआइटी ने छात्रवृत्ति की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रकृति लमसल का शव बुधवार को उसके पिता और चाचा को सौंप दिया गया। जिसके बाद केआइआइटी और केआइएसएस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने परिवार से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

डॉ सामंत ने घोषणा की कि लमसल की याद में उनके नाम पर एक छात्रवृत्ति शुरू की जायेगी। उनके पिता की इच्छा के अनुसार, यह छात्रवृत्ति केआइआइटी में पढ़ने वाली नेपाल की मेधावी छात्राओं को दी जायेगी। दिन में, नेपाली दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों ने परिसर में नेपाली छात्राओं से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होंगी। यह दौरा ऐसे समय में हुआ है जब कई छात्राएं जो अपने घर चली गयी थीं, वे परिसर में वापस लौटने लगी हैं। केआइआइटी ने उन लोगों की वापसी की सुविधा के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं जो अभी तक वापस नहीं आये हैं। डॉ सामंत ने नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा और जल आपूर्ति मंत्री प्रदीप यादव से भी बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि केआइआइटी सभी छात्रों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नेपाल के प्रांत 2 के पूर्व मुख्यमंत्री लालबाबू राउत से भी इस घटना के बारे में बात की और उन्हें बताया कि संस्थान छात्रों को वापस लाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था कर रहा है।

# मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**जंगल से 22 मोटरसाइकिल बरामद**

संजीव/ मो. जावेद

**मरकच्चो/ कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मरकच्चो पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर डोमचांच थाना क्षेत्र के कुसाहन जंगल के एक झोपड़ी नुमा घर से चोरी की गयी 22 मोटरसाइकिल को बरामद किया गया है। क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी के मामले में चोर गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस अधीक्षक कोडरमा अनुदीप सिंह ने विशेष अभियान चलाकर वाहन चेकिंग लगाने का आदेश दिये थे। पुलिस ने मामले में तीन बाइक चोरों को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की कुल 22 बाइकों को भी बरामद किया है। गिरफ्तार किये लोगों में डोमचांच थाना क्षेत्र के बेहराडीह निवासी रोहित कुमार स्वर्णकार, बगरीडीह निवासी मौला अंसारी और नावाडीह निवासी प्रकाश मेहता के नाम शामिल है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने मरकच्चो थाना में प्रेस वार्ता कर बताया कि उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त मिली थी कि कुछ वाहन चोर अपराधी जिला में भ्रमणशील हैं। जिसकी गिरफ्तारी के लिए जिला के विभिन्न थाना क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान लगाया गया। इसी क्रम में दो बाइक सवार व्यक्ति मरकच्चो थाना क्षेत्र से पार हो रहे थे। पुलिस चेकिंग को देखकर वे लोग यू-टर्न लेकर भागने लगे। जिससे पुलिस को संदेह हुआ और पुलिस उक्त बाइक सवार व्यक्तियों को पीछाकर पकड़ लिया। पकड़ाये गये व्यक्तियों से बाइक से संबंधित कागजात मांग करने पर उनके द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात दोनों व्यक्तियों को थाना लाया गया और पूछताछ की गयी। पूछताछ के क्रम में दोनों ने स्वीकार किया कि ये मोटरसाइकिल चोरी की है और ये दोनों मोटरसाइकिल चोरी का काम करते हैं। मोटरसाइकिल चोरी के नियत से रेकी करने ये दोनों मरकच्चो थाना क्षेत्र आये थे। ये चोरी किये गये मोटरसाइकिलों को डोमचांच थानांतर्गत कुसाहन गांव के जंगल में झोपड़ीनुमा घर में ईकट्ठा करके रखते थे। जैसे-जैसे ग्राहक मिलता था वैसे वैसे बाइक को बेचने का काम करते थे। इनके साथ एक और साथी है जिसका नाम प्रकाश मेहता है जो बाइक का देखरेख करने का काम करता है। छापामारी हेतु गठित टीम द्वारा डोमचांच थानांतर्गत कुसाहन गांव के जंगल में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में उक्त स्थल से 22 मोटरसाइकिल बरामद किया गया तथा इस घटना में शामिल अन्य अपराधी प्रकाश मेहता को भी गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मरकच्चो थाना कांड संख्या 12/25 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये तीनों अभियुक्त पर विभिन्न थानो में कई मामले दर्ज हैं। जिसमें रोहित कुमार स्वर्णकार पर डोमचांच थाना में चार, तिलैया, सरिया व राजधनवार थाना में एक-एक कांड दर्ज है। मौला अंसारी पर चंदवारा, डोमचांच, कोडरमा व राजधनवार थाना में एक-एक कांड तथा प्रकाश मेहता पर भी डोमचांच थाना क्षेत्र में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है। छापेमारी दल में मरकच्चो थाना प्रभारी सौरव शर्मा, जयनगर थाना प्रभारी बबलू कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश कुमार, एसओजी प्रभारी अभिमन्यु पड़ीहारी तथा एसओजी व मरकच्चो थाना के जवान शामिल थे।



## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 20180 date 17.02.2025, I, Sarita Kumari, D/o Manu Mahto, aged about 37 yrs., by faith Hindu, by profession Housewife, by Nationality Indian, R/o At- Bongahara, P.O.- Hesagarha, P.S.- Mandu, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under:-
1. That my actual and correct name is Sarita Kumari which has been mentioned in my UID card vide No. 8242 6749 8417 and PAN Card IJCPK 7392Q.
2. That due to mistake my name has been mentioned as Sarita Devi in my 10 year National Savings Certicate bearing Nos. 08NA 739143, 08NA 739144, 08NA 739145, 08NA 739146, 08NA 739147, 08NA 739148, 08NA 739149, 08NA 739150, 08NA 739151, 08NA 739152, 08NA 739153, 08NA 739154, 08NA 739155, 08NA 739156, 08NA 739157
3. That Sarita Kumari and Sarita Devi both name are same and one lady i.e. myself.
4. That this affidavit is required for authority concerned.

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 706 दिनांक 18.02.2025 मैं सुनैना देवी, पति-स्व0 कार्तिक महतो, उम्र लगभग 65 वर्ष, धर्म- हिन्दू, पेशा-गृहणी, राष्ट्रीयता भारतीय, निवासी ग्राम-बड़कीपोना, पो0- बड़कीपोना, थाना-रजरप्पा, जिला रामगढ़ (झारखण्ड) शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ कि:- 1. यह कि मौजा बड़कीपोना, थाना नं0 128, थाना रजरप्पा, जिला रामगढ़ अन्तर्गत खाता नं0 81 प्लॉट नं0 390 वगैरह कुल रकबा 40 डी0 मेरी खरीदगी भूमि हैं जिसका केवाला सं0-1574 दिनांक 26/05/1989 है। 2. यह कि मेरा वास्तविक व सही नाम सुनैना देवी है जो मेरे आधार कार्ड में अंकित है। मेरा आधार नं0- 7798 7365 7283 है। 3. यह कि भूलवश मेरे उपरोक्त केवाला में मेरा नाम नयना देवी अंकित हो गया है। 4.यह कि सुनैना देवी तथा नयना देवी दोनों नाम एक ही महिला का है जो मैं स्वयं हूँ। 5. यह कि यह शपथ पत्र मैं संबंधित अधिकारी/पदाधिकारी के समक्ष अपने दोनों नाम एक ही महिला का होने की जानकारी देने बाबत तैयार की हूँ। 6. यह कि उपरोक्त कथन सत्य व सही है।

# 12 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आठ गिरफ्तार

**कुछ युवक अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर चतरा पुलिस ने आठ नशाखोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि सदर थाना के बाबा घाट मैदान के पास अर्धनिर्मित पक्का मकान के कमरे में करीब 10-12 युवक एकत्रित होकर अवैध ब्राउन शुगर की खरीद विक्री का काम कर रहे हैं। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करने के लिए एसडीपीओ संदीप सुमन के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा मकान की घेराबंदी कर आठ नशाखोरों को गिरफ्तार किया गया। कुछ युवक अंधेरा का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार तस्करों के पास से तलाशी लेने पर कागज के 16 पुड़िया में अवैध ब्राउन शुगर जिसका वजन करीब 11.97 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर और चार स्मार्ट फोन जब्त किया गया। गिरफ्तार युवकों में शहर के मो० सुफियान, उम्र करीब 22 वर्ष पे० मो० इसराइल सा० लाइन मुहल्ला, मो० फिरदौस उम्र करीब 25 वर्ष पे० मो० मिनहाज सा० गुदरी बाजार, गणेश साव उम्र करीब 24 वर्ष पे० सरयू साव सा० किशनपुर, दांगी सा० पितीज थाना इटखोरी, उज्जवल कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पे० उमेश मालाकार सा० थाना रोड, अविनाश कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पे० दिलीप चौधरी सा० थाना मोड चुड़िहार मुहल्ला के अलावा दीपक कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पे० पूरन साव सा० जवाहर फिल्ड थाना गिद्धौर, सौरभ कुमार उम्म्र करीब 26 वर्ष पे० किशोर राणा सा० चारु कान्हाचट्टी, दीपक कुमार दांगी उम्र करीब 18 वर्ष पे० दशरथ चतरा थाना सदर का रहने वाला है।



# उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बुधवार को रांची जिला के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने पेयजल, स्वच्छता, राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार, झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, कृषि पशुपालन और सहकारिता, उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग और नगर विकास विभाग की ओर से जिले में किये गये कार्यों की समीक्षा की।

उपायुक्त ने राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार के कार्यों की समीक्षा करते हुए खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क के संबंध में विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। जाली मुद्रांकों की बिक्री रोकने के संबंध में उन्होंने औचक सत्यापन करने का निर्देश दिया।

उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने अधिकारियों को तय समय में लक्ष्य प्राप्ति का निर्देश दिया। साथ ही कार्यादेश जारी होने के बाद किसी वेंडर की ओर से काम में अनियमितता बरते जाने पर उन्होंने उपविकास आयुक्त को समीक्षा करने को कहा। उपायुक्त ने मौके पर अन्य विभागों के कार्यों की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।




# झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्रों की परीक्षा और रिजल्ट को लेकर असंतोष

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्रों की परीक्षा और रिजल्ट को लेकर असंतोष व्यक्त किया गया है। टेक्निकल छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अभिषेक बनर्जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के कुलसचिव निशांत कुमार से मुलाकात की और अपनी समस्याओं के बारे में बताया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विश्वविद्यालय में 6 महीने से परीक्षा के परिणाम घोषित नहीं किये गये हैं। बीटेक के 6ठे सेमेस्टर की परीक्षा अगस्त में हुई थी, लेकिन अभी तक रिजल्ट घोषित नहीं किया गया है। इसके अलावा, एमबीए की परीक्षा के परिणाम भी 3 महीने से अधिक समय से घोषित नहीं किये गये हैं। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में रिजल्ट घोषित करने की प्रक्रिया में घुसखोरी होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को रिजल्ट घोषित करने से पहले एक प्रोविजनल रिजल्ट जारी करना चाहिए, जिसमें अधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं होते हैं। कुलसचिव निशांत कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को सुना और जल्दी से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे परीक्षा नियंत्रक से मिलकर इस मामले को देखेंगे।

## बढ़ाये गये परीक्षा शुल्क के विरोध में निकाला मार्च




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग में छात्रों पर अचानक बढ़ाये गये परीक्षा शुल्क का भारी बोझ डालने के खिलाफ एनएसयूआइ छात्र संगठन के नेतृत्व में विरोध मार्च निकाला गया। यह विरोध प्रदर्शन एनएसयूआइ के छात्र नेता अभिषेक राज के नेतृत्व में हुआ। विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शुल्क में भारी वृद्धि कर दी गयी थी। इस निर्णय के विरोध में छात्रों ने आर्ट्स ब्लॉक से नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय के मुख्य भवन तक विशाल मार्च निकाला और कुलपति कार्यालय का घेराव किया। छात्रों ने इस फैसले को छात्र-विरोधी और आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला बताया और तत्काल इसे वापस लेने की मांग की। छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि, छात्र पहले से ही आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में फीस बढ़ाना पूरी तरह से अनुचित है। कुलपति ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल प्रभाव से फीस वृद्धि को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया। इस आंदोलन में एआइडीएसओ जिला अध्यक्ष जीवन यादव भी मौके पर पहुंचे और छात्रों का समर्थन करते हुए फीस वृद्धि को पूरी तरह गलत करार दिया।

## सांसद मनीष जायसवाल का प्रयास लाया रंग

# चुटुपालू घाटी हुई रौशन, कई ब्लैक स्पॉट पर सड़क का हो रहा है विस्तार

**सड़क दुर्घटनाओं में आयेगी कमी, मिटेगा मौत की घाटी का कलंक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट जो खून की प्यासी बनकर मौत का घाटी के रूप में लोगों के जेहन में बसने लगा और इन स्पॉट पर कमोवेश हर दिन सड़क दुर्घटना होने की वजह से कई लोगों ने अपनी जान गंवायी तो कई परिवार बर्बाद हो गये। इस गंभीर मामले को तत्परता से जब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बीते लोकसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव एवं अन्य उच्चस्तरीय अधिकारियों से मिलकर उनके समक्ष विस्तारपूर्वक रखा और लिखित आवेदन सौंपते हुए उनसे इन सभी हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट पर तत्काल सुधार करते हुए कार्य करने का आग्रह किया।





**स्ट्रीट लाइट्स का भी मुद्दा उठाया, रोशन हुआ घाटी का इलाका :** रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चुटुपालू घाटी में सड़क के बीचोबीच अधिष्ठापित सैकड़ों स्ट्रीट लाइट्स खराब होने के कारण यह क्षेत्र के अंधेरे में डूबा रहता था। इस मामले को भी सांसद मनीष जायसवाल ने गंभीरता से रामगढ़ जिले के दिशा की बैठक में उठाये और संबंधित दोषी अधिकारियों को जमकर फटकार लगायी। सांसद मनीष जायसवाल की सक्रियता और तत्परता का नतीजा है कि कल तक अंधेरे में डूबा रहने वाला चुटुपालू घाटी एक बार फिर दूधिया रौशनी से पट गया है। सभी करीब 350 खराब स्ट्रीट लाइट्स को सुदृढ़ कर सुचारु कर दिया गया है। चुटुपालू घाटी के मुख्य एक्सीडेंटल जोन में ट्रांसवर्स बार मार्किंग, रोड मार्किंग, सोलर स्टड्स लगाने का का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। यहां करीब 160 साइन बोर्ड, 02 पीटीजेड कैमरे, मेटल बीम क्रैश बैरियर, बम्बू क्रैश बैरियर लगाने की भी योजना है साथ ही अन्य प्रकार के कई सेफ्टी अरेंजमेंट्स किये जा रहें हैं।

**यूपी मोड़ चरही पर भी सड़क विस्तारीकरण का कार्य:** ऐसे ही मांडू विधानसभा क्षेत्र के चरही स्थित यूपी मोड़ पर भी सड़क विस्तारीकरण का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सांसद मनीष जायसवाल के पहला और संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री और उच्च अधिकारी तक इस मामले के पहुंचते ही इस पर पहल शुरू हो गया और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है। निश्चित रूप से इस कार्य से इन ब्लैक स्पॉट पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयेगी और यहां से गुजरने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। सांसद मनीष जायसवाल विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर हो रहे कार्य के बाबत बताया कि विभाग और सरकार ने जनहित के इस गंभीर मामले को बेहद ही गंभीरता से लिया और तत्काल पहल शुरू किया जो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से संबंधित हर छोटी-बड़ी समस्याओं के निदान हेतु हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। उक्त जानकारी रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि सह युवा नेता राजीव जायसवाल ने दी।

## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-44, दिनांक: 18.02.2025। कार्य का नाम:** सेक्टर-सी कॉलोनी में (क्षमता 3,50,000 लीटर) और बंडामुंडा सेटलमेंट में (क्षमता 3,50,000 लीटर) आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण द्वारा पुराने स्टील टैंक को बदलना (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,65,30,108.12। **बयाना राशि:** ₹ 3,82,700। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-45, दिनांक:18.02.2025। कार्य का नाम:** राउरकेला- राउरकेला सेटलमेंट में आरसीसी ओवर हेड टैंक (दो अदद क्षमता 3,50,000 लीटर प्रत्येक) के निर्माण द्वारा पुराने स्टील टैंक को बदलना (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,65,30,108.12। **बयाना राशि:** ₹ 3,82,700। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-46, दिनांक: 18.02.2025। कार्य का नाम:** झारसुगुड़ा- एफडब्ल्यूबीपी/ झारसुगुड़ा में (क्षमता 3,50,000 लीटर) और बंडामुंडा में सेक्टर-ई और डीएलएस कॉलोनी, बंडामुंडा में (क्षमता 3,50,000 लीटर) आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण द्वारा पुराने स्टील टैंक को बदलना (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,65,30,108.12। **बयाना राशि:** ₹ 3,82,700। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-47, दिनांक: 18.02.2025। कार्य का नाम:** बीरमित्रपुर में आरसीसी ओवर हेड टैंक (क्षमता 1,00,000 लीटर) और बंडामुंडा स्टेशन पर आरसीसी ओवर हेड टैंक (क्षमता 3,50,000 लीटर) द्वारा पुराने जीर्ण-शीर्ण और अत्यंत पुराने स्टील टैंक को बदलना (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,49,51,905.84। **बयाना राशि:** ₹ 3,24,800। **क्रम संख्या:** 5। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-वेस्ट-24-25-48, दिनांक: 18.02.2025। कार्य का नाम:** राउरकेला, झारसुगुड़ा और राजगंगपुर स्टेशनों पर (क्षमता 3,50,000 लीटर प्रति स्टेशन) आरसीसी ओवर हेड टैंक द्वारा पुराने जीर्ण-शीर्ण और अत्यंत पुराने स्टील टैंक को बदलना (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 6,97,95,162.18। **बयाना राशि:** ₹ 4,99,000। **क्रम संख्या:** 6। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-सेंट्रल-24-25-53, दिनांक: 18.02.2025। कार्य का नाम:** चक्रधरपुर में फिल्टर हाउस चक्रधरपुर सेटलमेंट और ओ ब्लॉक में आरसीसी ओवर हेड टैंक के निर्माण द्वारा पुराने जीर्ण-शीर्ण और अत्यंत पुराने टैंक को बदलना (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,75,76,443.42। **बयाना राशि:** ₹3,37,900। **क्रम संख्या:** 7। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-सेंट्रल-24-25-54, दिनांक:18.02.2025। कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/सेंट्रल/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन प्रभारी अभियंता के निर्देशों के अनुसार एडीईएन/बंडामुंडा के अधीन रेलवे डिपो या नामित स्थान पर आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन (आईआरएस-जीई-1) सहित निविदा आमंत्रित करने की तारीख तक जारी नवीनतम संशोधनी स्लिप के अनुरूप मशीन का निर्माण, आपूर्ति और इकट्ठा करना, मशीन चूर्ण ट्रैक बैलास्ट का निर्माण, आपूर्ति और इकट्ठा करना (द्वितीय बुलावा)। वरिष्ठ डीईएन/सेंट्रल/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन प्रभारी अभियंता के निर्देशों के अनुसार एडीईएन/बंडामुंडा के अधीन रेलवे डिपो या नामित स्थान पर आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन (आईआरएस-जीई-1) सहित निविदा आमंत्रित करने की तारीख तक जारी नवीनतम संशोधनी स्लिप के अनुरूप चूर्ण ट्रैक बैलास्ट (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,20,53,207.40। **बयाना राशि:** ₹ 3,10,300। **क्रम संख्या:** 8। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-सेंट्रल-24-25-55, दिनांक: 18.02.2025। कार्य का नाम:** एडीईएन/बंडामुंडा के अधिकार क्षेत्र के अधीन बंडामुंडा-बरसुआं-किरीबुरू के बीच सभी बड़े/छोटे पुलों का मज़बूतीकरण (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 4,49,28,748.60। **बयाना राशि:** ₹ 3,74,700। **क्रम संख्या:** 9। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-ईएनजीजी-जीएस-24-25-01, दिनांक: 18.02.2025। कार्य का नाम:** चक्रधरपुर मंडल के अभियांत्रिकी विभाग के लिए साधारण परामर्शदाता (जीसी) की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। **निविदा मूल्य:** ₹ 38,89,13,894। **बयाना राशि:** ₹ 20,94,600। **क्रम संख्या:** 10। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-ईस्ट-24-25-42, दिनांक: 18.02.2025। कार्य का नाम:** डीईएन(पूर्व)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन आदित्यपुर, बहालदा रोड, टाटानगर और सीनी स्टेशनों पर आरसीसी ओवर हेड टैंक द्वारा पुराने जीर्ण-शीर्ण और अत्यंत पुराने स्टील टैंक को बदलना (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 5,77,93,349.34। **बयाना राशि:** ₹ 4,39,000। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 10 प्रत्येक के लिए)। **खुलने की तारीख:** 07.03.2025 (क्रम संख्या 1 से 6 एवं 10 प्रत्येक के लिए), 10.03.2025 (क्रम संख्या 7 एवं 8 प्रत्येक के लिए) तथा 25.03.2025 (क्रम संख्या 9 के लिए)। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी- रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-1/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)।

**(PR-1149)**

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर विवाद

राष्ट्रपति द्वारा सोमवार देर रात की गयी मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के मामले में सरकार पर नियम-कानूनों के दायरे से बाहर जाने का कोई आरोप नहीं है। इसके बावजूद अगर फैसले को लेकर सवाल उठ रहे हैं और विवादों से नहीं बचा जा सका, तो स्पष्ट है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में नियम-कानूनों के पालन की रस्म अदायगी हमेशा काफी नहीं होती।

**सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई :** फैसला ऐसे समय आया, जब मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई को 48 घंटे भी नहीं रह गये थे। तीन सदस्यीय नियुक्ति समिति के एक अहम सदस्य के तौर पर नेता प्रतिपक्ष ने बैठक में इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाते हुए फैसले को स्थगित करने का प्रस्ताव भी रखा। लेकिन प्रधानमंत्री और उनके द्वारा मनोनीत सदस्य गृह मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष की राय को दरकिनार करते हुए बहुमत से फैसला कर अपनी सिफारिशें राष्ट्रपति के पास भेज दीं।

**सवाल अधिकारों के इस्तेमाल का :** हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया पर किसी तरह की रोक नहीं लगायी थी। इससे साफ है कि सरकार ने नियुक्ति को अंतिम रूप देकर अपने अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं किया है। उसे इस फैसले का अधिकार था। सवाल यह है कि क्या ऐसा करके सरकार ने अपने अधिकारों का सर्वश्रेष्ठ इस्तेमाल सुनिश्चित किया है?

**सरकार पर मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में नियम-कानूनों के दायरे से बाहर जाने का आरोप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के महज 48 घंटे पहले लिया गया यह फैसला विवादों में घिरा है। सरकार, विपक्ष और चुनाव आयोग को विश्वसनीयता की कसौटी पर खरा उतरना होगा।**

**मुद्दा है विश्वसनीयता :** यहां मूल प्रश्न है मुख्य चुनाव आयुक्त जैसे पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया को ज्यादा से ज्यादा विश्वसनीय और विवाद रहित कैसे बनाया जाये। नियुक्ति समिति में देश के मुख्य न्यायाधीश के बदले कैबिनेट मंत्री को जगह देने से विपक्ष को बेशक एक मुद्दा मिल गया है, लेकिन सच्चाई यह है कि ऐसे मामलों में प्रक्रिया को एक हद से ज्यादा अहमियत नहीं दी जा सकती। अच्छी से अच्छी प्रक्रिया भी दुरुपयोग का शिकार हो सकती है।

**कोर्ट का रुख :** सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई आज ही होनी है। देखना होगा कि कोर्ट का रुख कैसा होता है। लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावों की विश्वसनीयता का सवाल जितना जरूरी है, उतना ही व्यापक भी। इसे महज एक नियुक्ति या नियुक्ति की प्रक्रिया तक सीमित नहीं माना जा सकता। जाहिर है, सरकार और विपक्ष के साथ ही चुनाव आयोग को भी अपनी भूमिका विश्वसनीयता और जिम्मेदारी की दोहरी कसौटी पर परखते हुए आगे बढ़ना होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मनुष्य अपने कर्म, ज्ञान, विचार और धर्म से देवत्व को प्राप्त कर मुक्ति का आरोहण कर सकता है। यह सौभाग्य देवता को भी प्राप्त नहीं है। इस भाव के कारण ही हरेक स्थल, तट, किनारा, संगम और शिखर पर जीवन और जगत को जोड़नेवाली आध्यात्मिक चेतना का अलख जगाया। हमने अपने श्रेष्ठतम ज्ञान से अपने 'देवता' को पहचाना है, उसे देखा है और उसका विस्तार किया है।**

# जीवन की श्रेष्ठता में देवत्व की तलाश

**डॉ मयंक मुरारी**



**भारतीय** चिंतन में मनुष्य की प्रतिष्ठा देवता से ऊपर है। मनुष्य अपने कर्म, ज्ञान, विचार और धर्म से देवत्व को प्राप्त कर मुक्ति का आरोहण कर सकता है। यह सौभाग्य देवता को भी प्राप्त नहीं है। इस भाव के कारण ही हरेक स्थल, तट, किनारा, संगम और शिखर पर जीवन और जगत को जोड़नेवाली आध्यात्मिक चेतना का अलख जगाया। हमने अपने श्रेष्ठतम ज्ञान से अपने 'देवता' को पहचाना है, उसे देखा है और उसका विस्तार किया है। भारतीय इतिहास और पुराणों की परंपरा में ही नहीं, बल्कि ऋग्वेद की प्राचीनतम दस्तावेज में भी ऋषि देव है, ज्ञान देव है और प्रश्न उठना भी देवत्व की श्रेणी में आता है।

यही कारण है कि जहां सृजन, शक्ति और साधना का केंद्र मिला, उसे देवस्थान बना दिया। हिमालय देवभूमि है, वहां कैलाश पर शिव अखंड समाधि में अवस्थित है, तो बदरी विशाल में श्रीकृष्ण तपरत रहे। गंधमाधन पर्वत की चोटी पर नर-नारायण साधनरत है। धरती के हरेक स्थान को देवत्व से जोड़ने के लिए शिव-शक्ति से स्थलों को जोड़ दिया गया। विष्णु को विराट पुरुष के रूप में परिकल्पना कर समूचा भारतवर्ष को उनका ही प्रतिबिंब बना दिया गया।

**विष्णु को विराट पुरुष के रूप में परिकल्पना कर समूचा भारतवर्ष को उनका ही प्रतिबिंब बना दिया गया।**

अंगुत्तर निकाय नामक ग्रंथ में महात्मा बुद्ध ज्ञान प्राप्त करने के पूर्व उन्हें स्वप्न में इसका पूवार्भास हो गया था। सपने में बुद्ध भारत देश पर लेटे हुए हैं, मानो वह कोई बड़ा बिस्तर हो। उनका सर हिमालय पर टिका है। बायां हाथ पूर्वी समुद्र महोदधि में तथा दाहिना हाथ पश्चिमी समुद्र रत्नाकर में तथा दोनों पैर हिंदमहासागर में दिखाया गया है। यह भारत के भूगोल का चित्रण है। यही नहीं हमारे शरीर के विभिन्न अंगों को शक्तिपीठ के रूप में मान्यता दी गयी है। यह सब हमारी अमरता का केंद्रबिंदू होता गया।



**इतना ही नहीं, हमने नक्षत्र, ऋतु, मास और दिवस को भी देवत्व एवं सुजनधर्म से जोड़ा है। चैत मास में इस सृष्टि की रचना हुई। यह भगवान नारायण का मास है। वैशाख और फाल्गुन मास राधा मास है, तो मार्गशीर्ष या अग्रहन मास श्रीकृष्ण को प्रिय है। वैशाख को माधव मास कहा जाता है। सावन शैव की अर्चना का मास है तो माता पार्वती को भादो अतीव प्रिय है। कार्तिक और चैत माह तो उत्सव का ही मास है। मार्गशीर्ष साधना का तो आषाढ़ माह गुरुपर्व का है।**

इतना ही नहीं, हमने नक्षत्र, ऋतु, मास और दिवस को भी देवत्व एवं सुजनधर्म से जोड़ा है। चैत मास में इस सृष्टि की रचना हुई। यह भगवान नारायण का मास है। वैशाख और फाल्गुन मास राधा मास है, तो मार्गशीर्ष या अग्रहन मास श्रीकृष्ण को प्रिय है। वैशाख को माधव मास कहा जाता है। सावन शैव की अर्चना का मास है तो माता पार्वती को भादो अतीव प्रिय है। कार्तिक और चैत माह तो उत्सव का ही मास है। मार्गशीर्ष साधना का तो आषाढ़ माह गुरुपर्व का है। इस प्रकार एकादशी का दिन विष्णु को प्रिय है, तो त्रयोदशी का दिन शिव का प्रिय दिवस है। अमावस व्रत का, मौन का और साधना का अवसर है, तो पूर्णिमा का दिन उत्सव का, विष्णु स्मरण का और आनंद का समय होता है। सप्ताह का हरेक दिन किसी देव या देवी से जुड़ा है।

हमारे हृदयों, विचारों, ऋचाओं और मंत्रों में जितने में वेदरूपों का वर्णन आता है, उनका निवास इसी लोक में है। हमारी प्रकृति ही देवों का निवासस्थल है। देवताओं का लोक प्रकृति के अवयवों से जुड़ा है। जो प्रकाश बाहर है, वहीं हमारे अंदर भी है। जो प्राण बाहर प्रवाहित है, वही हमारे भीतर है। जो रस शून्य गगन में प्रवाहित है। वहीं रस हमारे हर भी झरता है। हम निराकर को आकार देकर शिवलिंग और शालीग्राम बना देते हैं। पत्थर का एक टुकड़ा मंदिर में रखा जाता है तो शिवत्व (महादेव), तो वही पत्थर का टुकड़ा तुलसी चैरा में शालिग्राम (भगवान विष्णु) बन जाता है। इन पदार्थो को आकार देकर देवत्व से जोड़ देते है और उनमें प्राणों की प्रतिष्ठाकर विराट बना देते हैं। प्रकृति हरेक अनाम पत्थर पर पहाड़ के शिखर से सदैव जलाभिषेक करती है। मनुष्य का शिवलिंग पर जलार्पण उसका ही विस्तारित स्वरूप है। पहाड़ की चोटी पर जब बर्फ पिघलता है, तो पहला अर्पण इन पत्थरों पर ही होता है। प्रकृति जलाभिषेक ही नहीं करती है, बल्कि साथ में संगीत के अक्षय कोष का मुंख खोल देती है। पंक्षियों के हल्के कलरव की प्रार्थना, दिशाओं से वनस्पतियों के सामूहिक गान के स्वर और पेड़ के तनों से अंजुलि भर धूप के अर्पण के साथ हवाओं की प्राकृतिक सुगंध मानवजाति को अहर्निश ही अस्तित्व की साधना में तल्लीन रहने का आमंत्रण देती है।

हिमालय के गहवरों में खड़े देवदार को देखकर शिव और शक्ति को पुत्र की कामना उठी। इसी कारण वृक्ष का देवत्व स्वरूप बना। बेल और बरगद में भगवान शिव, आंवला, तुलसी ओर केला में विष्णु और लक्ष्मी का निवास हो गया।। यहां तक की दुर्बा में भगवान गणेश का वास बताया गया। हमारे मन में वृक्ष, लताओं, पुष्पों, जलों और वायु का भी बड़ा स्थान है। यह प्राणी का प्रकृति के प्रति एक आदर भाव बनाते हैं। ऐसे ही उदात भावों के कारण यह भावना बनी कि पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके पुत्र है। यदि जन का यह भाव और आगे बढ़ता जाए तो उसकी चेतना के प्राणवायु में देवत्व का संचार होता जायेगा और व्यक्ति पृथ्वी से आकाश में छा जायेगा। जहां भी दिव्यता दिखी, वहां देवत्व को प्रतिस्थापित कर दिया। पृथ्वी पर पैर पड़े, इसके पूर्व उनकी आराधना जरूरी है। हम माता धरती से इसके लिए क्षमा प्रार्थना करते हैं। इसी प्रकार हमारे संबंधों की अटूटता प्रदान करने के लिए नदी देवता, ग्राम देवता, अरण्य देवी, लोक देवता का उदभव होता गया।

प्रकृति के प्रति समादर के भाव ऐसे की आधी रात में नदी में पैर नहीं रखा जाता क्योंकि नदी सोई होती है। विराट को अपने में भरने का ही ढंग है कि रात में पेड़ से फूल और फल कौन कहे, प×ी भी नहीं तोड़ते है कि पेड़ सोया है। विख्यात लेखक स्वेट मार्डन ने लिखा है कि भारत में गाय और जानवरों को गले में घंटियां या घुंघरू को बाधा जाता है, जिसके पीछे एक मनोवैज्ञानिक कारण होता है। इन घंटियों एवं घुंघरूओं की आवाज संगीत की तरह गूंजती है। पशुओं को यह आवाज मनमोहक लगता है। इससे उनको संतुष्टि और प्रसन्नता मिलती है। इसके प्रभाव में गायों से अधिक दूध निकलता है। घोड़े और बैल अधिक काम करते हैं। भारतीय जीवन सदैव ही प्राकृतिक सौंदर्य और साझा मानवीय अनुभवों के बीच समन्वय खोजता है, उसके उदात्त भावों को प्रकट करता है।

**(चिंतक और लेखक)**

## कोल्हान की खबरें

### विधायक समीर मोहंती ने पारुलिया प्लस टू उच्च विद्यालय में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

# समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बहरागोड़ा।** विधायक समीर मोहंती बहरागोड़ा के पारुलिया प्लस टू उच्च विद्यालय का दौरा किया। मौके पर विधायक ने स्कूल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए शिक्षकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन व छात्र-छात्राओं की सुविधाओं का निरीक्षण किया। वही शिक्षकों की उपस्थिति का रिकॉर्ड जांच करने पर सभी शिक्षक उपस्थित पाए गये। मौके पर प्रधानाध्यापक प्रणव घोष ने विधायक को स्कूल में शिक्षकों की कमी की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा छात्रों की संख्या को देखते हुए और अधिक



शिक्षकों की आवश्यकता है। साथ ही स्कूल में टॉयलेट और अन्य बुनियादी सुविधाओं की भी कमी एक बड़ी चुनौती है। मौके पर विधायक समीर मोहंती ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता जांच की और छात्रों से भोजन पर फीडबैक लिया। उन्होंने छात्रों को पोषणयुक्त और गुणवत्तापूर्ण भोजन देने निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। वही एचएम प्रणव घोष ने स्कूल की आवश्यकताओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपने की बात कही। विधायक समीर मोहंती ने आश्वासन दिया वे इन समस्याओं को संबंधित विभाग के अधिकारियों तक पहुंचायेंगे। जल्द समाधान के लिए कदम उठाया जाएगा। उन्होंने कहा स्कूल के लिए बेंच-डेस्क आ चुके हैं जल्द ही उपलब्ध करा दिए जायेंगे। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा, निर्मल दुबे, दीपक महापात्र, जितेंद्र ओझा, अरुण बारीक, सुब्रतो पानी, पिंटू दत्त, मिथुन कर, हिमांशु सोम, पुकलेश नायक, बिस्वाजीत पाल, सपना साहू, डाबल नायक समेत स्कूल के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आदित्यपुर में पुलिस की दबंगई का वीडियो वायरल, सरेआम युवक की पिटाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** राज्य में बहुमत की सरकार आम नागरिकों को सुविधाएं देने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के कई वादे की हैं। लेकिन कुछ सरकारी मशीनरी खुद को कानून से ऊपर समझने लगी हैं। हाल ही में एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है,जिसमें पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति एक बाइक सवार युवक को सरेआम लात-घूंसों से पीटता नजर आरही है।वही मौके पर मौजूद भीड़ मूकदर्शक बनी रही। वीडियो में स्पष्ट दिखती है वर्दीधारी ने बोलेरो से आवाज दी और बाद में युवक की पिटाई कर चलते बने।



सूत्रों के अनुसार उक्त बोलेरो आदित्यपुर थाना की है और वर्दीधारी व्यक्ति की पहचान आदित्यपुर थाना के चालक कृष्णा महतो के रूप में हुई है। हालांकि इस वीडियो की लोकेशन की पुष्टि नहीं की जा सकती। लेकिन तस्वीरें खुद अपनी कहानी बयां कर रही हैं। यह घटना यह दशार्ती है पुलिस अपराधियों को पकड़ते-पकड़ते इस कदर थक चुकी है उसे यह भी याद नहीं रहता थाने से निकलने के बाद सड़क पर किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए। यह सोचने योग्य है उस मोटरसाइकिल सवार की क्या गलती हो सकती है? क्या वर्दीधारी व्यक्ति का यह कृत्य सही था? क्या असली गुनाहगार वही है या फिर बोलेरो में बैठा व्यक्ति? यह जनता के विवेक पर छोड़ देते है। लेकिन सवाल है इस वायरल वीडियो की जांच कौन करेंगे। यदि पुलिस का यही चेहरा है, तो राज्य के मुख्यमंत्री को इस पर संज्ञान लेना चाइए। जनता ही सत्ता पर बिठाती है और सरकार से जवाबदेही की अपेक्षा रखती है।हालांकि इस मामले में वरीय अधिकारियों से संपर्क किया गया। लेकिन उनकी ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी। सरकार से अनुरोध होगा इस घटना की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। ताकि जनता का कानून व्यवस्था पर विश्वास बनी रहे।

# मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में दोमुहानी एकादश और सुवर्णरेखा एकादश की हुई शानदार जीत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर कीनन स्टेडियम में आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन दोमुहानी एकादश और सुवर्णरेखा एकादश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। पहले मैच में दोमुहानी एकादश ने दलमा एकादश को नौ विकेट से पराजित किया। जबकि दलमा एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में छह विकेट पर 110 रन बनाए। जिसमें बुलंद इकबाल ने 51 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। दोमुहानी के गेंदबाजों दीपपाल और विवेक ने दो-दो विकेट लेकर विपक्षी टीम को सीमित रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए निसार अहमद ने 52 रनों की नाबाद पारी खेली, जबकि मोहन ने 34 रन जोड़े, जिससे दोमुहानी एकादश ने



10.3 ओवर में एक विकेट पर 111 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। वही दूसरे मैच में सुवर्णरेखा एकादश ने जुबिली एकादश को नौ विकेट से हराया। जुबिली एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 106 रन बनाये। जिसमें राजेश ने 25 और नीरज ने 23 रन जोड़े। सुवर्णरेखा के गेंदबाज ललित ने तीन विकेट हासिल किये। जबकि रणधीर ने तीन ओवर में मात्र सात रन देकर एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान जयप्रकाश राय ने 41 रन और रणधीर ने 39 रन बनाकर टीम को नौ ओवर में एक विकेट पर 111 रन तक पहुंचाया और मैच जीत लिया। बुधवार को इस तरह से दोमुहानी एकादश और सुवर्णरेखा एकादश ने टूर्नामेंट में अपने टीम को मजबूत करते हुए आगले के मैचों के लिए आत्मविश्वास प्राप्त की।

# डीसी ने एमवीआइ और निबंधन लक्ष्य पूरा करने का दिया निर्देश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** जिला समाहरणालय सभागार में जिला डीसी रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में राजस्व एवं आंतरिक संसाधन से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर उपायुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, उप निबंधक पदाधिकारी सरायकेला, उप निबंधक पदाधिकारी चांडिल व सभी नगर निकाय क्षेत्रों के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी शामिल रहे। बैठक के दौरान डीसी रविशंकर शुक्ला ने वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किये गये राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागों को नियमित कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं धीमी प्रगति पाये जाने पर एमवीआइ एवं निबंधन सरायकेला को शोकॉज जारी करते हुए लक्ष्य निर्धारित कर सुधारात्मक प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में अनुपस्थित उत्पाद अधीक्षक एवं वाणिज्य कर अधिकारी, आदित्यपुर को भी शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। डीसी ने बैठक के दौरान अवैध खनन, अवैध शराब बिक्री, भंडारण और परिवहन के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई करने का आदेश दिया।

# टाटा स्टील ने सीएनजी ट्रक से फेरो क्रोम की पहली सफल ढुलाई का किया परीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन ने बुधवार को जाजपुर स्थित फेरो अलॉयज प्लांट से निर्यात के लिए संपीड़ित प्राकृतिक सीएनजी गैस ट्रक के माध्यम से फेरो क्रोम की पहली सफल ढुलाई का परीक्षण किया।यह पहल लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला संचालन में कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और स्थिरता के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। इस अग्रणी कदम के तहत जाजपुर से विशाखापत्तनम तक सीएनजी ट्रकों के माध्यम से फेरो अलॉयज की ढुलाई की गयी। जिससे हाई-स्पीड डीजल ट्रकों की तुलना में सीओ 2 उत्सर्जन में लगभग 20-25% की कमी आयी। यह प्रयास टाटा स्टील की वन सप्लाई चेन, प्रोक्योरमेंट टीम और सीजे दरसल टीम के



सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। एफएपी जाजपुर में एक समारोह के दौरान चीफ लॉजिस्टिक्स अमित चौबे ने इस खेप को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर हेड एफएपी जाजपुर अलोक कुमार पांडा, सीनियर एरिया मैनेजर लॉजिस्टिक्स सौम्या बसु, सीनियर एरिया मैनेजर, प्रोक्योरमेंट, ट्रांसपोर्टेशन मुनमुन ताह और सी जे दरसल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मौके पर एक्जीक्यूटिव इनचार्ज पंकज सतीजा ने कहा हम अपने प्लांट संचालन में स्वच्छ ईंधन की दिशा में काम कर रहे हैं। आपूर्ति श्रृंखला में भी योगदान देना चाहते थे।सीएनजी ट्रकों के माध्यम से फेरो क्रोम निर्यात का यह सफल परीक्षण हमारे मूल्य श्रृंखला में उत्सर्जन को कम करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को अपनाने के प्रयास में टाटा स्टील ने हाल ही में एफएपी जाजपुर में फेरो क्रोम और रिडक्टेंट की छोटी दूरी की ढुलाई के लिए इलेक्ट्रिक वाहन ट्रकों का परीक्षण भी किया था।

## कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने 351 जोड़ों का सामूहिक विवाह करवाया

# ऐसे आयोजनों से दहेज प्रथा और बाल विवाह को समाप्त किया जा सकता है : मंत्री

सामाजिक समरसता की अनूठी पहल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा बुधवार को दानरो नदी छठ घाट पर 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो थे।इस अवसर पर शादी समारोह के मुख्य करता धरता विकास माली के आवास टंडवा मोहल्ला से विवाह यात्रा निकली, जो आशीर्वाद मैरिज हॉल पहुंची। इसके बाद संस्था के सचिव विकास कुमार माली समेत अन्य लोग बारात के साथ विवाह स्थल की ओर पैदल रवाना हुए। इस दौरान मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो स्वयं बारात में शामिल हुए और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री महतो ने कहा कि 351 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराना एक अत्यंत पुण्य कार्य है। उन्होंने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने समाज से इस नेक पहल में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की।

संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे खुशी भरा दिन है, जब वे 351 बहनों की डोली सजाकर उनका विवाह करा सके। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ही यह भव्य आयोजन संभव हुआ और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।



### हिंदू-मुस्लिम रीति-रिवाजों से हुआ विवाह

इस समारोह में हिंदू जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाजों से तथा मुस्लिम जोड़ों का निकाह मुस्लिम परंपरा के अनुसार संपन्न कराया गया। इस पहल ने सांप्रदायिक सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया, जिसे लोगों ने खूब सराहा।

### सामूहिक विवाह के लाभ

जेएमएम नेत्री अंजली गुप्ता ने इस पहल को फिजूलखर्ची रोकने और सामाजिक समरसता बढ़ाने वाला कदम बताया। उन्होंने संस्था के प्रयासों की सराहना की और इसे एक अनुकरणीय कार्य बताया।

इसके बाद विवाह स्थल पर द्वार पूजा की रस्म पूरी कर वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कंचन जयसवाल, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, विभूति पांडे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में भारी अनियमितता, बच्चों को नहीं मिल रहा समुचित लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में भारी अनियमितता उजागर हो रही है। संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण यहां आने वाले बच्चों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। कहीं सेविका और सहायिका अनुपस्थित रहती हैं, तो कहीं बच्चों को पोषाहार समय पर नहीं दिया जाता।

**गड़ेरियाडीह आंगनबाड़ी केंद्र** पर मात्र दो बच्चे मौजूद थे। सहायिका संध्या देवी ने बताया कि बच्चे आये थे, लेकिन घर चले गये। जब उनसे पूछा गया कि कितने बच्चे आये थे, तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। वहीं, सेविका सुचिंता देवी केंद्र पर नहीं थीं। बताया गया कि वे कुंभ नहाने गयी हुई हैं। निमियां टोला आंगनबाड़ी केंद्र पर सेविका अनिता देवी और सहायिका उपस्थित थीं। 10 बच्चे मौजूद थे और खिचड़ी बनायी जा रही थी। जब बच्चों की उपस्थिति को लेकर सवाल किया गया, तो बताया गया कि वे थाली लेने अपने घर गये हुए हैं।

**पत्थलकुदवा आंगनबाड़ी केंद्र** पर सेविका रेखा देवी केंद्र में मौजूद नहीं थीं, उनकी अनुपस्थिति



में सहायिका बीना देवी केंद्र चला रही थीं। 14 बच्चे उपस्थित थे, लेकिन चीनी उपलब्ध नहीं होने के कारण सूजी का हलवा नहीं बनाया गया। सहायिका सुनीता देवी ने बताया कि बच्चे आये थे लेकिन उन्हें घर का काम था, इसलिए 12 बजे ही सभी को वापस भेज दिया। जब उनसे पूछा गया कि कितने बच्चे आये थे तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। पोषाहार वितरण को लेकर पूछताछ करने पर भी उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्होंने यह भी बताया कि सेविका केंद्र पर पोषाहार न देकर अपने घर पर ही इसे रखवाती हैं। **बसेरियालेवा आंगनबाड़ी केंद्र पर** 14 बच्चे उपस्थित थे, लेकिन सेविका मौजूद नहीं थीं। सहायिका लीलावती देवी उपस्थित थीं। बच्चों को सुबह में सूजी का हलवा नहीं दिया गया था, केवल खिचड़ी बनायी गयी थी। हरिजन टोला, बुका आंगनबाड़ी केंद्र पर 12 बच्चे उपस्थित थे। सेविका ने स्वीकार किया कि सुबह में मिलने वाला हलवा दोपहर में दिया जा रहा था, क्योंकि पोषाहार के वितरण में देरी हो गयी थी। इस वजह से दोपहर में बच्चों को खिचड़ी नहीं दी जा सकी। **पनियाही टोला आंगनबाड़ी केंद्र पर** सबसे दयनीय स्थिति पायी गयी, यहां न तो सेविका मौजूद थी और न ही कोई बच्चा। बावजूद इसके, उपस्थिति पंजी में सहायिका शीला देवी ने सभी बच्चों की उपस्थिति दर्ज कर दी थी। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि 12 बजे सभी बच्चे घर चले गये। पोषाहार को लेकर पूछने पर उन्होंने स्वीकार किया कि बच्चों को केंद्र पर खाना न देकर अपने घर में बनाया गया। भवनाथपुर प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में भारी लापरवाही सामने आई है। सेविका द्वारा बच्चों की उपस्थिति के छुट्टी के बाद फर्जी आंकड़े दर्ज किये जाते हैं।


इस संबंध में बीडीओ सह सीडीपीओ नंदजी राम से पूछे जाने पर बताया कि सभी केंद्र नियमित संचालित हो रहा है, कहीं परेशानी है तो उसकी जांच कराया जायेगा। अभी सुपरवाइजर को परीक्षा केंद्र में लगाया गया है।

## चिनियां प्रखंड में तीन दिवसीय ग्राम स्तरीय जलछाजन जागरूकता अभियान संपन्न




गढ़वा (आजाद सिपाही)। जल है तो कल है और मिट्टी है तो जीवन है, उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ' जल लाए धन-धान्य ' थीम के साथ चिनियां प्रखंड में तीन दिवसीय ग्राम स्तरीय जलछाजन परियोजना जागरूकता अभियान का समापन हो गया। आज हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से गढ़वा विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी, उपायुक्त शेखर जमुआर तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी वन प्रमंडल एबिन बेन्नी एब्राह्म ने भाग लिया। वाटरशेड यात्रा महोत्सव का शुभारम्भ श्री शिवराज सिंह चौहान, मंत्री - ग्रामीण विकास विभाग, भारत सरकार द्वारा 05 फरवरी 2025 को मध्य प्रदेश के शिवहर जिले से किया गया, इसी क्रम में झारखंड जलछाजन मिशन ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार द्वारा रांची से इसका शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपरोक्त के अलावे मुखिया चिनियां, जिला तकनीकी विशेषज्ञ प्रमोद सेठ, डीआरडीबी के कार्यालय प्रबंधक मिथिलेश कुमार, सहायक मुकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आंगन में खड़ी बाइक की हुई चोरी



बड़गड़ (आजाद सिपाही)। बड़गड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत टेंगारी गांव निवासी सुमन किस्पोट्टा की मोटरसाइकिल बिती रात्रि चोरी कर ली गयी। मोटरबाइक घर के आंगन में खड़ी थी। इस संबंध में भुक्तभोगी सुमन द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध बड़गड़ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। दिये गये आवेदन में उन्होंने दर्शाया है कि उनकी यामाहा कंपनी की मोटर बाइक क्रमांक जेएच 03 एएन 4231 अज्ञात अपराधियों द्वारा बुधवार की रात्रि चोरी कर ली गयी है। उन्होंने थाना प्रभारी से अग्रेतर कार्रवाई की मांग की है।

## संदेहास्पद स्थिति में मिला युवक का शव

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत रजदहवा नदी के पास मंगलवार की देर शाम एक खेत में संदेहास्पद स्थिति में एक युवक का शव पाया गया। मृतक युवक की पहचान ढेकुलिया टोला निवासी शंभू सिंह (45 वर्ष) के रूप में हुई। शंभू सिंह, जो अविवाहित था, अपने मामा गरीबा सिंह के घर पर बचपन से रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। वह मंगलवार शाम को अपने काम से लौटते वक्त रजदहवा नदी के किनारे स्थित खेत में मृत पाया गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी, जिसके बाद थाना के एसआई दिनेश कुमार सिंह और परवेज आलम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को परिजनों के माध्यम से उठवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आवेदन के आलोक में जांच चल रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ बताया जा सकता है।

## आरके पब्लिक स्कूल में छत्रपति शिवाजी की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल में छत्रपति शिवाजी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवाजी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित और नमन कर किया गया। इस दौरान स्कूल असेंबली में 'छत्रपति शिवाजी महाराज की जय' का उदघोष भी किया गया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि जब भी भारतीय इतिहास के महान राजाओं की बात आती है, तो छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम जरूर आता है। छत्रपति शिवाजी ने हमेशा प्रजा के लिए अन्याय के खिलाफ लड़कर लोगों की भलाई की। छत्रपति शिवाजी महाराज एक मराठा योद्धा और पश्चिमी भारत में मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे। उन्हें सैन्य रणनीतिकार, कुशल प्रशासक और वीर योद्धा के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कभी भी जाति, धर्म या रंग के आधार पर लोगों के बीच अंतर नहीं किया। इसलिए उनके प्रशंसक उन्हें छत्रपति शिवाजी कहते थे। छत्रपति शिवाजी महाराज ने शक्तिशाली मुगल शासक औरंगजेब की सेना से कई युद्ध लड़े और विजय हासिल की। उन्होंने हिन्दू और मराठा साम्राज्य की स्थापना की। उन्होंने ही बीजापुर के आदिलशाही से मराठों को आजादी दिलायी। गुरिल्ला युद्ध की अवधारणा का जनक छत्रपति शिवाजी ने 17वीं सदी में बहुत बड़ी सेनाओं को हराने के लिए गुरिल्ला रणनीति विकसित की थी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य संतोष पांडेय, अनुप कुमार पांडेय, अनिल सिन्हा, अनिता सिन्हा, देवेंद्र सिंह, गीता पांडेय, अभिलाषा तिवारी, इंतियाज खान, श्वेता पांडेय और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## ब्रेन हेमरेज से सहायक अध्यापक की पत्नी का निधन



मेराल (आजाद सिपाही)। बस स्टैंड निवासी और ब्लॉक कॉलोनी मध्य विद्यालय के सहायक अध्यापक प्रकाश दास की पत्नी सुनीता देवी की मृत्यु मंगलवार की रात्रि में रांची के वेदांत में इलाज के दौरान हो गयी। 46 वर्षीय सुनीता को दस दिन पूर्व ब्रेन हेमरेज हो गया था, जिसका इलाज रांची के वेदांत अस्पताल में चल रहा था। बुधवार की सुबह में शव घर पहुंचने पर उनके होनहार पांच बच्चों तथा परिजनों के चीत्कार से पूरा मुहल्ला गमगीन हो गया।

## असहाय की शादी के लिए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने किया आर्थिक सहयोग



धुरकी (आजाद सिपाही)। गरीब और असहाय परिवार की लड़कियों के शादी के लिए फरिश्ता बनने वाले धुरकी थाना में पदस्थापित थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के इस समय क्षेत्र में काफी सराहनीय प्रशंसा की जा रही है। थाना क्षेत्र के खाला गांव निवासी महेंद्र राम की पुत्री की शादी होनी थी, लेकिन परिवार वाले के पास पैसे की अभाव थी। जिससे लड़की के परिवार वाले ने शादी करने से असमर्थता जता रहे थे। वहीं इस बात की जानकारी थाना प्रभारी को मिली तत्पश्चात परिजनों को थाना प्रभारी ने अपने कार्यालय में बुलाया और सहयोग राशि प्रदान किया। थाना प्रभारी ने मानवीय परिचय देते हुए लड़कियों के परिजन को थाना कार्यालय में बुलाया। जिसके बाद महेंद्र राम, उनकी पत्नी और बेटी को शादी की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आर्थिक मदद की। थाना प्रभारी ने कहा कि असहाय लोगों को मदद करने से उन्हें खुशी मिलती है, साथ ही उन्होंने आमजनो से भी अपील कि है कि वे एक दूसरे को मदद करे। इस कार्य हेतु थाना क्षेत्रवासियों ने थाना प्रभारी की इस कार्य शैली की काफी सराहना कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों के द्वारा बताया जाता है कि पुलिस के प्रति पूर्व में जहां एक ओर नकारात्मक सोच दिखती थी। वहीं थाना प्रभारी के इस कुशल कार्य की खूब सराहना हो रही है।

## गाय ने दो मुंह के बछड़े को दिया जन्म, कुछ घंटे बाद तोड़ा दम



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड मुख्यालय के हरिजन टोला निवासी पशुपालक सोनालाल राम पिता रामाधार राम के घर बुधवार की सुबह 9 बजे एक गाय ने अद्भुत बच्चे को जन्म दिया। जिसे लोग देख अचंभित हो गये। गाय ने दो मुंह के बच्चे को जन्म दिया। जन्म लिए नवजात बछड़े को दो मुंह, चार आंख दो जोड़ी कान और उसके चार पैर थे, लेकिन शरीर एक ही था। हालांकि कुछ ही घंटे बाद बछड़े की मौत हो गयी है, जिससे उमड़ी भीड़ काफी चिंतित दिखे। जानकारी देते हुए पशुपालक सोना लाल राम ने बताया कि आज हमारे घर पर एक गाय ने दो मुंह वाले बछड़े को जन्म दिया था, जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोग आये थे, लेकिन यह खुशी कुछ ही घंटे के लिए थी।

## प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में करोड़ों की लागत से बन रहे छात्रावास में भारी गड़बड़ी





आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में करोड़ों के लागत से छात्र आवास में भारी अनियमितता बरती जा रही है। मिट्टी मिलावट और घठिया बालू व चिमनी ईंट के नाम पर घठिया किसिम का ईंटा लगाया जा रहा है। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की ने घटिया ईंटा और बालू लगाते देख भड़का और साइड इंचार्ज मुंसी को हिदायत देते हुए कहा कि घटिया किसिम का ईंट और बालू नहीं लगेगा। भंडरिया प्रखंड में जो भी संवेदक के द्वारा काम करके चला जाता है, अब इसे नहीं किया जायेगा। इधर जेई से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि घठिया किसिम के ईंट और बालू काम होगा, तो तोड़वाकर फिर बनवाया जायेगा और भंडरिया प्रखड के जिनेवा कनहर नदी घाट बंगाली डेरा कनहर नदी घाट लहगुड़वा कनहर नदी घाट व भंडरिया प्रखंड के करुण सपही नदी घाट व कोयल नदी से बालू माफियाओं के द्वारा रात भर सोना हराम कर दिया है। भंडरिया प्रखंड से बालों, रामकंडा, रामगढ़, गोदर, माना की और भंवरी तक बालू रात भर ट्रैक्टर से परिचालन किया जा रहा है। कुछ दिन पहले बालू माफियाओं के द्वारा बालू ढोने के क्रम में ट्रैक्टर पलट जाने के कारण कनहर नदी घाट में ही दब के मौत हो गया था। इसी तरह रात में बालू माफियाओं के द्वारा ट्रैक्टर पलटने पर मृत व्यक्ति को रातों रात छिपा दिया जाता है।

प्रपत्र VII झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय)
या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा

संख्या–131 / भू0अ0 (अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन) दिनांक 17 / 02 / 2025

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना–**डोमचाँच से पिपचो रोड चौड़ीकरण हेतु** ग्राम–**काराखुट** थाना–डोमचाँच, थाना सं0–353, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा में कुल–0.7500 एकड़ यानि–0.3035 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप में कमोवेश–0.7500 एकड़ यानि–0.3035 हेक्टेयर है और जो ग्राम–काराखुट थाना–डोमचाँच, थाना सं0–353, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:– **ग्राम–काराखुट थाना–डोमचाँच, थाना सं0–353, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा।**

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 62 | 989 | रैयती | टाँड | 0.0050 | अज्ञात | उ0–प्लॉट नं0–997 | द0–प्लॉट नं0–990 | पू0–प्लॉट नं0–990 | प0–प्लॉट नं0–989 |
| 2 | 37 | 991 | रैयती | टाँड | 0.1000 | सावित्री देवी पति–स्व0 बाबुलाल पासवान वो तुलसी पासवान पिता–स्व0 कारू दुसाध | उ0–प्लॉट नं0–991 अंश | द0–सिमाना मौजा–बगडो | पू0–प्लॉट नं0–991, 992 | प0–प्लॉट नं0–990 |
| 3 | 16 | 997 | रैयती | टाँड | 0.0750 | गोविन्द यादव वो संतोष यादव पिता–स्व0 महादेव यादव वो मुख्तार मियां वो खलील मियां वो हनीफ मियां वो आयुब अंसारी पिता–स्व0 रहीम मियां | उ0–प्लॉट नं0–998 | द0– प्लॉट नं0–989,990 | पू0–प्लॉट नं0–997 अंश | प0–प्लॉट नं0–997 अंश |
| 4 | 42 | 998 | रैयती | टाँड | 0.0600 | गोविन्द यादव वो संतोष यादव पिता–स्व0 महादेव यादव | उ0–प्लॉट नं0–999 | द0– प्लॉट नं0–997 | पू0–प्लॉट नं0–998 अंश | प0–प्लॉट नं0–998 अंश |
| 5 | 41 | 999 | रैयती | टाँड | 0.0500 | मुनवा देवी पति–मेघलाल यादव वो हेमलाल यादव पिता–जैजो महतो | उ0–प्लॉट नं0–1000 | द0–प्लॉट नं0–998 | पू0–प्लॉट नं0–1000 अंश | प0–प्लॉट नं0–1000 अंश |
| 6 | 39 | 1000 | रैयती | टाँड | 0.0600 | जफीरा खातुन पति–अब्दुल मियां वो मुनवा देवी पति–मेघलाल यादव वो हेमलाल यादव पिता–जैजो महतो | उ0–प्लॉट नं0–1014 | द0–प्लॉट नं0–999 | पू0–प्लॉट नं0–1000 अंश | प0–प्लॉट नं0–1000 अंश |
| 7 | 5 | 1014 | रैयती | टाँड | 0.0300 | अज्ञात | उ0–प्लॉट नं0–1015 | द0–प्लॉट नं0–1000 | पू0–प्लॉट नं0–1014 अंश | प0–प्लॉट नं0–1014 अंश |
| 8 | 56 | 1015 | रैयती | टाँड | 0.0600 | मसो0 कलवा देवी पति–प्रसादी यादव वो आनन्द यादव वो युगल किशोर यादव पिता–स्व0 बुलाकी यादव | उ0–प्लॉट नं0–1016 | द0–प्लॉट नं0–1014 | पू0–प्लॉट नं0–1015 अंश | प0–प्लॉट नं0–1015 अंश |
| 9 | 76 | 1016 | रैयती | टाँड | 0.0250 | मुख्तार मियां वो खलील मियां वो हनीफ मियां वो आयुब अंसारी पिता–स्व0 रहीम मियां | उ0–प्लॉट नं0–1017 | द0–प्लॉट नं0–1015 | पू0–प्लॉट नं0–1016 अंश | प0–रास्ता |
| 10 | 6 | 1017 | रैयती | टाँड | 0.0400 | अंजवा देवी पति–स्व0 झरी यादव | उ0–प्लॉट नं0–1018 | द0–प्लॉट नं0–1016 | पू0–प्लॉट नं0–1017 अंश | प0–रास्ता |
| 11 | 98 | 1018 | रैयती | टाँड | 0.0300 | मुख्तार मियां वो खलील मियां वो हनीफ मियां वो आयुब अंसारी पिता–स्व0 रहीम मियां | उ0–प्लॉट नं0–1019 | द0–प्लॉट नं0–1017 | पू0–प्लॉट नं0–1018 अंश | प0–रास्ता |
| 12 | 81 | 1019 | रैयती | टाँड | 0.0200 | अंजवा देवी पति–स्व0 झरी यादव | उ0–प्लॉट नं0–1020 | द0–प्लॉट नं0–1018 | पू0–प्लॉट नं0–1019 अंश | प0–रास्ता |
| 13 | 43 | 1020 | रैयती | टाँड | 0.0400 | प्रकाश यादव वो सुखदेव यादव वो मुखलाल यादव वो सुभाष यादव पिता– जोबराज यादव | उ0–प्लॉट नं0–1021 | द0– प्लॉट नं0–1019 | पू0–प्लॉट नं0–1020 अंश | प0–रास्ता |
| 14 | 9 | 1021 | रैयती | टाँड | 0.0800 | प्रकाश यादव वो सुखदेव यादव वो मुखलाल यादव वो सुभाष यादव पिता– जोबराज यादव वो तुलसी यादव पिता–टुकन यादव | उ0–प्लॉट नं0–1022 | द0–प्लॉट नं0–1020 | पू0–प्लॉट नं0–1021 अंश | प0–रास्ता |
| 15 | 57 | 1022 | रैयती | टाँड | 0.0750 | कोकिल यादव पिता–चिन्तामन महतो वो समरी देवी पति–मुंशी यादव | उ0–प्लॉट नं0–1022 अंश | द0–प्लॉट नं0–1021 | पू0–प्लॉट नं0–1022 अंश | प0–रास्ता |
| | | | | कुल:– | 0.7500 | एकड़ | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है:–

ग्राम–काराखुट थाना–डोमचाँच, थाना सं0–353, अंचल–डोमचाँच, जिला–कोडरमा कुल रकवा–0.7500 एकड़ यानि–0.3035 हेक्टेयर भूमि अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:–**शून्य**

ह0 / –
समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा।

PR 346737 (Land Reforms) 24-25 (D)

## एसडीएम के निमंत्रण पर कॉफी पीने पहुंचे श्रमिक, किया संवाद

# 11 श्रमिकों का त्वरित निबंधन, चार को मौके पर दिया गया श्रमिक कार्ड

'असंगठित श्रमिक' समुदाय की समस्याओं को सुना, सुझाव भी लिये

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में आमंत्रित समूह के रूप में क्षेत्र के असंगठित क्षेत्र के दिहाड़ी मजदूर समुदाय के लोगों ने भाग लिया। बुधवार पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे के बीच आयोजित हुये इस कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने गढ़वा क्षेत्र के श्रमिकों के साथ अपने सभाकक्ष में कॉफी के दौरान संवाद किया। श्रमिकों में महिला एवं पुरुष दोनों का प्रतिनिधित्व रहा। इस दौरान आमंत्रित लोगों ने अपनी निजी समस्याओं के अलावा मजदूर कल्याण से जुड़े कुछ सामूहिक विषयों को रखा।

संजय कुमार ने उपस्थित सभी को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं और शिकायतों का यथासंभव निस्तारण करने का प्रयास किया जायेगा।

**कल्याणकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी :** 'कॉफी विद एसडीएम' की इस कड़ी में मुख्य आमंत्रित अतिथि के रूप में जिला परिवहन पदाधिकारी सह जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश और श्रम अधीक्षक संजय आनंद भी मौजूद थे।

**श्रमिक निबंधन के लाभों के बारे में बताया गया :** एसडीएम संजय कुमार तथा श्रम अधीक्षक ने आमंत्रित सभी श्रमिकों के माध्यम से जिले भर के श्रमिकों से अपील की कि वे अपना निबंधन जरूर करवा लें। श्रमिक निबंधन से क्या-क्या फायदे होते हैं इस बारे में भी सभी को समझाया गया। श्रमिकों से जुड़ी योजनाओं जैसे कि श्रमिक सेफ्टी किट, औजार सहायता योजना, पुत्र पुत्री हेतु छात्रवृत्ति योजना, झारखंड निर्माण कर्मकार सहायता योजना, चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना, मातृत्व सुविधा योजना, विवाह सहायता योजना, पेंशन योजना आदि के बारे में भी बताया गया।

**11 श्रमिकों का मौके पर निबंधन, 4 को दिया गया श्रमिक कार्ड :** कार्यक्रम के दौरान ही चार श्रमिकों सत्येंद्र राम, सदाश रजवार, शीलवंती देवी व राजेश कुमार को श्रमिक कार्ड उपलब्ध कराया गया। वही 11 अन्य श्रमिकों का मौके पर ही निबंध करवाया गया। इन श्रमिकों के निबंधन का निबंधन शुल्क एसडीएम संजय कुमार द्वारा प्रदान किया गया।

अमरेश मेहता ने कहा कि नल जल योजना के तहत उनके मोहल्ले में जो बोरिंग हुआ है वह 2 साल के बाद भी शुरू नहीं हो सका। महुलिया के शंकर टोला निवासी दो श्रमिकों ने अपने यहां गांव में पक्के रोड की मांग रखी। वहीं चिरौनिया निवासी आशा देवी ने लगान रसीद नहीं कटने की शिकायत की। सुशीला पासवान ने बताया कि उनके बेटे को टेंपो में धक्का मार दिया था उस पर उन्हें सरकारी आर्थिक राहत चाहिए। ऐसी ही कुछ अन्य समस्यायें रखी गयी, सभी को नियमानुसार निस्तारण का भरोसा दिया गया। इस दौरान सावित्री गोंड, राजकुमारी देवी, अंजू देवी, ललिता देवी, मुंशी देवी, सुशीला पासवान, अमरेश मेहता, धर्मेंद्र, शिव शंकर, मनोज, रामवृक्ष, विक्की, राजेश, राकेश, सदास रजवार, विनोद आदि ने अपनी बात रखी।

## दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर रंबल स्ट्रिप और साइनेज बोर्ड लगायें: एसडीओ



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी ने जिले के अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां रंबल स्ट्रिप और साइनेज बोर्ड लगाना सुनिश्चित किया जये। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराने के लिए नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाये। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा की गयी। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि हिट एंड रन जैसी घटनाओं पर रोकथाम के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। साथ हीं पीड़ित परिवारों को निर्धारित समय पर मुआवजा भुगतान की जाये। झारखंड सरकार के गुड सेमेरिटन पॉलिसी के विषय पर चर्चा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को मदद करने वाले व्यक्ति को उक्त योजना के तहत पुरस्कृत करने का भी निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सड़क सुरक्षा को लेकर आमजनों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें। हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करें, तेज गति से वाहन न चलाएं, नशे की हालत में गाड़ी न चलाएं, और सड़क पर सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि आपकी सुरक्षा आपके हाथ में है, इसलिए जिम्मेदारी से वाहन चलाएं और जिला प्रशासन को सहयोग करें। बैठक में डीएसपी मुख्यालय, एसडीपीओ, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी अंचल अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुरहू में निकाली गयी बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता रैली




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नयी दिल्ली के निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई, खूंटी के मार्गदर्शन में बाल कल्याण संघ द्वारा बुधवार को अखिल भारतीय बचाव और पुनर्वास अभियान 2.0 के तहत बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली गोडाटोली पंचायत भवन से मुरहू प्रखंड तक निकाली गयी, जिसमें काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। रैली का उद्देश्य कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे और बाल श्रम में संलग्न बच्चों को चिह्नित कर उन्हें शिक्षा से जोड़ना और पुनर्वास के माध्यम से उनके भविष्य को संवारना था। साथ ही, सरकार द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने पर भी बल दिया गया। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अल्ताफ खान ने कहा कि बाल श्रम बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है और इसे समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान सिर्फ बाल श्रम में संलग्न बच्चों की पहचान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके पुनर्वास और शिक्षा से जुड़ाव को भी सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम में बाल कल्याण संघ के ओम प्रकाश तिवारी, अंजनेय रॉय ने योगदान दिया।

## गांवों की समस्या का समाधान करना मेरा दायित्व : सुदीप गुड़िया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करना न सिर्फ उनकी जिम्मेवारी है, बल्कि प्राथमिकता भी है। ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर कभी भी उनसे मिल सकते है। विधायक बुधवार को तोरपा प्रखंड की फटका पंचायत के ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्या की जानकारी ले रहे थे। पंचायत के फटका खास, तरगिया, फिंडिगा, संकल्योर, सिंड़ी आदि के ग्रामीणों ने अपने अपने टोलों की समस्या से विधायक को अवगत कराया। ग्रामीणों ने अपनी समस्या से संबंधित आवेदन विधायक को सौंपा। विधायक ने उन समस्याओं को एक-एक करके समाधान का आश्वासन दिया। सुदीप गुड़िया ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, सड़क, रोजगार के साधन आदि उपलब्ध कराकर तोरपा विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाना है। विधायक ने कहा कि हमारा विधानसभा कृषि बहुल क्षेत्र है। अतः कृषि के क्षेत्र में हमें बेहतर काम करना है। किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है। विधायक ने शिक्षा पर जोर देते हुए लोगों से कहा कि अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई पर दें। बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें। बच्चों को शिक्षा देने में कोताही न बरतें। कम खाकर भी अपने बच्चे को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाएं। बच्चे पढ़ेंगे तो हमारा समाज, राज्य और देश आगे बढ़ेगा। मौके पर मुखिया पुष्पा गुड़िया, अरमान तोपनो, फटका के ग्राम प्रधान लेचा मुंडा, फिंडिगा के ग्राम प्रधान विकास बोदरा, तरगिया के ग्राम प्रधान दशरथ बोदरा, सांकोतोयेर के ग्राम प्रधान सैमुएल बोदरा, उप मुखिया अरफा गुड़िया, मिटकु संवासी, पीलूस बोदरा, सुमन बोदरा, अजीत टोपनो आदि उपस्थित थे।

## मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो को उपायुक्त ने किया सम्मानित



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** शिक्षा के विकास में पंचायत में महत्वपूर्ण योगदान के लिए मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो को सम्मानित किया गया। झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा रांची जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन बुधवार को जिला स्कूल रांची शहिद चौक रांची में आयोजित किया गया। जिसमें रांची जिला के 18 मुखिया शामिल हुए। खलारी प्रखंड से लपरा पंचायत की मुखिया पुतुल देवी, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो और चुरी मध्य मुखिया सुनीता देवी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा को लेकर पंचायत में किये गये कार्य और बेहतर योगदान के लिए उपायुक्त रांची के द्वारा मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो को सम्मानित किया गया। पुष्पा खलखो को सम्मानित किए जाने पर मायापुर पंचायत के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों सहित अन्य मुखिया ने बधाई दी है। बधाई देने वाले में लपरा मुखिया पुतुल देवी, विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी, हुटाप मुखिया शिवरत मुंडा, तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली, मायापुर पंचायत समिति सदस्य मनका देवी सहित पंचायत के उपमुखिया, वार्ड सदस्यों ने भी बधाई दी है।

## हारुडीह में तीन पंचायत के ग्रामीणों ने की बैठक

# प्रदूषण नियंत्रण नहीं हुआ तो करेंगे उग्र आंदोलन

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला -खरसावां जिले के चांडिल थाना अंतर्गत लाखा स्थित बिहार स्पंज आयरन लिमिटेड कंपनी (बनराज स्टील प्राइवेट लिमिटेड कंपनी) द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण से परेशान होकर ग्रामीणों ने हारुडीह गांव में बैठक की। उक्त बैठक में भादुडीह, रूदिया और चिलगु पंचायत के ग्रामीण शामिल हुए थे। इस दौरान ग्रामीणों ने कंपनी द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण के कारण उत्पन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की, समस्याओं के समाधान के लिए विचार विमर्श किया। वहीं, उक्त बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो उपस्थित हुए और ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन किया। हरे लाल महतो ने कहा कि वर्ष 1982 से कंपनी चल रही हैं, लेकिन इस तरह का भयावह स्थिति कभी देखने को नहीं मिला था। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन को चाहिए कि वह सबसे पहले प्रदूषण नियंत्रण करें। बैठक में ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि यदि सात दिनों में प्रदूषण नियंत्रण नहीं होता है तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में वार्षिकोत्सव का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा बुधवार को वार्षिकोत्सव समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एनके एरिया महाप्रबंधक सह विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता और विशिष्ट अतिथि डीएसपी खलारी राम नारायण चैधरी, एसओपी ज्योति कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह समिति सदस्य सतनारायण चैधरी, महिला सदस्य कुसुम रानी जैन प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पिपरवार लालू उरांव, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानी राय गणेश महतो, प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा शालिग्राम सिंह, समिति सदस्य अनिल कुमार, अभिभावक प्रतिनिधि मनोज कुमार एवं पूर्व आचार्य विरेंद्र कुमार झा और शारदा नंद उपाध्याय उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन और सरस्वती माता, भारत माता एवं ओम के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया गया। जिसके बाद अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य वीरेंद्र कुमार पाठक के द्वारा किया गया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा संगीत, लोकनृत्य, भजन, एकल गीत, एकल डांस, सामूहिक डांस के साथ संगीत के कई पदों की प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना और उन्हें सक्षम नागरिक बनाना है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य विद्यानंद झा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## इनमोसा पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय में स्वागत सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत विहार कॉलोनी स्थित इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में स्वागत सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष एसडी राम और संचालन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने किया। इस कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र के सीनियर ओभरमैन संजय कुमार चौधरी को अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी प्रकट किया गया। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद संजय कुमार चौधरी का माला पहनाकर स्वागत किया गया,जबकि फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा पिपरवार क्षेत्र के सीनियर ओभरमैन संजय कुमार चौधरी को बीएमएस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है जो इनमोसा और पिपरवार क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में सभी लोगों ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में इनमोसा के द्वारा 24 फरवरी से होने वाले सीसीएल स्तरीय आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गयी। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष एसडी राम, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,क्षेत्रीय सचिव अनिल कुमार कुवंर, रूपलाल महतो, संजय कुमार महतो, केशव प्रसाद यादव, जितेंद्र कुमार, निवास प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## बचरा के मुख्य बाजारों से कोल वाहनों के परिचालन से बढ़ी दुर्घटना की आशंका



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक के मुख्य बाजारो के सड़को से इन दोनों कोल वाहनों के परिचालन से आम जनता काफी परेशान है। बचरा की सड़को पर नो इंट्री के बावजुद कोल वाहनो का परिचालन बेरोक टोक जारी है, जिसके कारण जहां एक तरफ लोग परेशान है वहीं दूसरी ओर दुर्घटना की भी आशंका बढ़ गयी है। सुबह और शाम मे बचरा के चौक चोराहो एवं बाजारो मे काफी भीड़ लगी हुई रहती है, ऐसे मे हाइवा डम्पर और ट्रको के परिचालन से हादसे का डर बना हुआ रहता है। इस संबंध मे स्थानीय लोगो ने इस पर प्रशासन और प्रबधंन से रोक लगाने की मांग की है। लोगो ने कहा कि टंडवा एनटीपीसी से हो रही फ्लाई ऐश की ढुलाई मे लगे हाईवा फलाई ऐश अनलोड कर अधिकांश हाईवा जल्दबाजी के चक्कर मे बचरा के बाजारो के रास्ते से गुजर रही है। बताया गया कि बचरा चार नंबर चौक और डीएवी स्कूल के समीप दो जगह पर सीसीएल प्रबंधन के द्वारा बैरियर लगाया गया था, लेकिन अज्ञात वाहन ने बैरियर को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिसके बाद से अभी तक बैरियर नहीं लगाया गया है। यदि जल्द इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। स्थानीय लोगो ने सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन और स्थानीय पिपरवार पुलिस से इस गंभीर मामले पर पहल करते हुए इस पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही पूर्व में लगाये गये चार नंबर चौक एवं डीएवी स्कूल के पास बैरियर को पुनः लगाने की मांग की है।

## जब्त ट्रैक्टर को छोड़ने की मांग, ग्रामीणों ने किया वन कार्यालय का घेराव



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी प्रखंड के मुरही वन क्षेत्र में बुधवार सुबह वन विभाग की टीम द्वारा अवैध पत्थर परिवहन के आरोप में पकड़े गये ट्रैक्टर को छोड़ने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने केंदुआ टोली गांव के पास वनकर्मियों को घेर लिया। मामले की सूचना खूंटी थाना की पुलिस को मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर शांत किया और वनकर्मियों को वहां से वापस खूंटी भेजा। ट्रैक्टर जब्ती की इस कार्रवाई के विरोध में कुछ घंटे बाद दोपहर में बड़ी संख्या में ग्रामीण वन प्रमंडल कार्यालय खूंटी पहुंचे और ट्रैक्टर छोड़ने की मांग पर कार्यालय परिसर का घेराव कर लगभग एक घंटे तक प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि वन विभाग की टीम ने जो ट्रैक्टर पकड़ा है, वह खाली था। ग्रामीणों को मामले की उचित जांच का आश्वासन दिया गया। दूसरी ओर टीम में शामिल प्रभारी वनपाल प्रवीण सिंह का कहना है कि ट्रैक्टर में अवैध पत्थर लदा था। वन विभाग की टीम को देखकर ट्रैक्टर चालक तुरंत पत्थर को अनलोड कर भाग रहा था, जिसे पीछा कर पकड़ा गया है। उनके निदेर्शानुसार अवैध पत्थर के खनन एवं परिवहन रोकने को लेकर गठित टीम एक सप्ताह से क्षेत्र में छापामारी कर रही है। बुधवार सुबह गश्ती के दौरान पत्थर लदे उक्त ट्रैक्टर को देख कर जब उसे पकड़ने के लिए टीम आगे बढ़ी, तो ट्रैक्टर से पत्थर को अनलोड कर चालक ट्रैक्टर लेकर भागने लगा। टीम ने केंदुवा टोली के पास से ट्रैक्टर को पड़कर जब्त किया है।

# अफीम को नष्ट करने के लिए सघन अभियान चलायें अधिकारी : डीएफओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को वन प्रमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में एनकॉर्ड (नार्को कॉ आर्डिनेशन सेंटर) की हुई बैठक में मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में पुलिस विभाग और एनकॉर्ड से संबंधित अधिकारियों द्वारा अफीम की खेती के मामले में की गयी एफआइआर और अन्य कार्रवाई की जानकारी ली गयी। प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की वन प्रमंडल पदाधिकारी ने समीक्षा की। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने जिले में विशेष अभियान चलाते हुए अफीम की खेती को नष्ट करने का निर्देश दिया। आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त ट्रैक्टर, पुलिस के जवान, चौकीदार और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी और कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ हीं विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। बैठक में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने को लेकर सभी अंचल अधिकारियों को निद्रेश दिया गया कि वे लोगों को जागयक करें। साथ हीं 27 फरवरी को विशेष ग्राम सभा का आयोजन कर आमजनों से वैकल्पिक खेती के लिए सुझाव लेने का निर्देश दिया गया।

वन प्रमंडल पदाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अफीम विनष्टीकरण को लेकर छापामारी अभियान चलाया जाये। साथ ही दोषियों के विरुद्ध त्वरित और विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, डीएसपी, सिविल सर्जन, एनकॉर्ड के सदस्य, कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने अनुमंडल क्षेत्र में 175 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया



**बुंडू ( आजाद सिपाही)।** पुलिस ने बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र में कुल 175 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। बुंडू थाना क्षेत्र में 60 एकड़, दशम फॉल थाना क्षेत्र में 28 एकड़ और तमाड़ थाना क्षेत्र में लगभग 87 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट करने के साथ लोगों को जागरुक भी किया गया। इस अभियान में बुंडू डीएसपी बुंडू थाना प्रभारी, तमाड़ थाना प्रभारी और दशम फॉल थाना प्रभारी के अलावे जैप एवं सैप के जवान शामिल थे।

## मानव सेवा संगठन ने सौंपा ज्ञापन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुधवार को मानव सेवा संगठन बुंडू के द्वारा बुंडू अंचल को एक ज्ञापन दिया गया। इस ज्ञापन में छात्र-छात्राओं को जाति स्थानीय आय बनाने में हो रहे देर से छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति उच्च शिक्षा में नामांकन करने में कठिनाई हो रही है। छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रज्ञा केंद्रों से जाति आवासीय और आय प्रमाण पत्र ऑनलाइन कर रहे हैं, लेकिन अंचल से सर्टिफिकेट बनने में बहुत देर हो रही है। ज्ञापन देने में मानव सेवा संस्था के अध्यक्ष शुभम कुमार उर्फ गोलू, विकास कुमार, सचिन कुमार संतोष कुमार शामिल हुए।

## सोनेट क्लब बुंडू के प्रथम सिन्हा का जिला अंडर-23 टीम में हुआ चयन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** सोनेट क्रिकेट क्लब बुंडू के प्रथम सिन्हा का जिला अंडर-23 टीम में चयन हुआ हैं, चयन होने पर पूरे पंचपरगना क्षेत्रों में खुशी का मोहौल हैं, प्रथम सिन्हा का खूंटी जिला टीम से चयन हुआ हैं, जिसमें 20 फरवरी को लातेहार में मैच खेलने के लिए प्रस्थान करेगा। मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता का परिणाम हैं, इस सफलता पर पूरे परिवार और मित्रों के साथ-साथ गर्व महसूस कर रहा हूं। साथ ही क्लब के को कोच अहसान अंसारी, विनय राणा, एसपी गौतम, चंचल भटचार्य, अजात शत्रु, सुब्रोतो गोष, राजेश गुप्ता, जितेश सिंह, विष्णु स्वांसी, चंद्रकांत महतो, शिव महतो, सुनीता लोदा, सिमा सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

## अखंड हरिनाम संकिर्तन को लेकर बैठक


**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पुंडीदिरी गांव के राधारानी मंदिर प्रांगण मे एक आवश्यक बैठक मुखिया की अध्यक्षता मे की गयी। जिसमे राधारानी मंदिर निर्माण और आगामी मई 2025 को होने वाले अखंड हरिनाम संकृतन पर चर्चा हुई। बैठक मे सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि आगामी 6 -7 और 8 मई 2025 को तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकृतन महायज्ञ सह मेला करने के साथ-साथ मंदिर निर्माण मे तेजी लाने का निर्णय लिया गया । बैठक मे मुख्यरूप से समेश्वर दास, अशोक दास, निताई गौतम, बिरेन साहू, अमित गुप्ता, मनोरंजन गुप्ता, आशीष गुप्ता पिंटू दास, आदि ग्रामीण उपस्थित हुए।

## ग्रामीणों ने चुरी परियोजना पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** चुरी परियोजना के प्रभावित ग्रामीणो जोभीया,पाहन टोंगरी एव सखुवाटोला के ग्रामीणो ने परियोजना पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्रामीणो ने कहा है उनके क्षेत्र में खनन का काम चल रहा है, इसलिए प्रबंधन की जिम्मेवारी है कि ग्रामीणो के रोजगार एवं उनके विकास के लिए आवश्यक पहल करे। ग्रामीणो की मांग है कि परियोजना में रोड सेल चल रहा है इसमें इन गांव को भी लाभ मिले। इसके अलावा प्रबंधन यह सुनिश्चित करें कि जितना भी प्राइवेट कंपनी जो उत्पादन कर रही है और ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों में स्थानीय रैयत विस्थापित को 80 प्रतिशत रोजगार देने की मांग की है। ग्रामीणो ने प्रबंधन को चेतावनी दी है कि प्रबंधन ने उनकी मांगों पर पहल नहीं किया गया तो इन गांव के ग्रामीणो के द्वारा जोरदार आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वाले लोगों में बालेश्वर गंझू , नरेश गंझू , महेंद्र गंझू , नरेश कुमार गंझू, जगदीश गंझू , राजकुमार गंझू , राजेंद्र गंझू , सुरेश गंझू , देवा भोगता , मनोज गंझू , हरीश गंझू , भीम गंझू , जगदीश गंझू, रचित गंझू , अभिनाश गंझू , सिकेन्द्र गंझू , पिंटू महतो , गणेश महतो, मुकेश सहित अन्य लोग शामिल थे।

## शशि मुंडा बने पर्यटन, कला संस्कृति विभाग के विधायक प्रतिनिधि



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज निवासी शशि मुंडा को पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद और युवा कल्याण का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक सुरेश बैठा ने रांची में शशि मुंडा को विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने को लेकर नियुक्ति पत्र दिया। सुरेश बैठा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में शशि मुंडा के कार्य को देखते हुए खलारी प्रखंड का पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कल्याण (पर्यटन) का विधायक प्रतिनिधि बनाया है। उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी पदाधिकारीयों से समन्वय स्थापित कर अपने कर्तव्यों का पूरी लगन एवं निष्ठा से पालन करेंगें। विधानसभा क्षेत्र में जनता के प्रति अपने कार्यों से विश्वास बनाये रखेंगे। शशि मुंडा के खलारी पहुचने पर कई सामाजिक कार्यकर्ता ने उनका स्वागत किया। उंसके बाद डकरा में भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शशि मुंडा के विधायक प्रतिनिधि बनाये जाने पर खलारी एव मैकलुस्कीगंज के लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। बधाई देने वाले लोगों में रंथू उरांव, विधायक प्रतिनिधि मंतोष रजक, शेखर बोस,कमल मुंडा, कंहाई पासी, अब्दुल्ला अंसारी, अशोक उरांव, रमेश तुरी, रोशनलाल, आकाश, वीरेंद्र, राजेश, शेखर आदि का नाम शामिल है।

## मधुकॉन प्रोजेक्ट कंपनी मजदूरों को उनके हक और अधिकार से कर रही है वंचित : अब्दुल्ला



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया के केडीएच में सायलों प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही मधुकॉन प्रोजेक्ट कंपनी मजदूरों को उनके हक और अधिकार से वंचित कर रही है। उक्त बात मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने एक बयान जारी कर कहा कि कंपनी झारखंड सरकार के श्रम कानून के नियमों को ताक पर रख कर मजदूरों को शोषण करने का काम कर है। कहा कि अगर मजदूर जब एकजुट होकर अपना हक के लिए आंदोलन करने की बात करती हैं तो कंपनी प्रबंधन द्वारा धमकी दिया जाता है कि आंदोलन करने वाले सभी मजदूरों को काम से निकाल दिया जायेगा। अब्दुल्ला ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा लागू किया गया। श्रम कानून के तहत कंपनी में कार्यरत सभी मजदूरों को वेतन सही सभी सुविधा बहाल करें नही कंपनी का काम बंद करा दिया जायेगा।

## भाजपा रांची जिला ग्रामीण के सक्रिय सदस्यों की जांच और सत्यापन संपन्न




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भाजपा रांची जिला ग्रामीण के सक्रिय सदस्यों की जांच एवं सत्यापन का कार्य नामकुम बाजार सदाबहार चौक स्थित सांसद केंद्र कार्यालय में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने की। सत्यापन प्रक्रिया में पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, भाजपा झारखंड प्रदेश की ओर से नियुक्त सत्यापन पदाधिकारी के रूप में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत बनाए गए सक्रिय सदस्यों का सत्यापन किया गया। सत्यापन अधिकारी ने अभियान में कार्यरत सभी कार्यकर्ताओं से जानकारी ली और संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि शेष बचे मंडल 20 फरवरी तक सत्यापन कार्य पूर्ण करें। इस अवसर पर सह सत्यापन पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल बड़ाईक, अमित कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए मुखिया पुष्पा तिर्की और रमेश बेदिया सम्मानित




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लालखटंगा पंचायत की मुखिया पुष्पा तिर्की को जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। उन्हें रांची डीसी ने रांची जिला स्कूल प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुखिया पुष्पा तिर्की ने अपने पंचायत में शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधार किए है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो रही है। उनके प्रयासों से विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ी है, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हुआ है। डिजिटल लर्निंग जैसी आधुनिक सुविधाओं को बढ़ावा मिला है। इस अवसर पर डीसी ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पुष्पा तिर्की जैसे जनप्रतिनिधि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। वहीं, पुष्पा तिर्की ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा कि यह सम्मान पूरे पंचायत के लोगों की मेहनत और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपने प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। दूसरी ओर, शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने के लिए अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ सहदेव रांची जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सभागार में ओरमांझी प्रखंड के टुन्डाहोली पंचायत के मुखिया रमेश बेदिया को भी सम्मानित किया गया। रमेश बेदिया ने अपने पंचायत के स्कूलों में शिक्षा के प्रति अलख जगाया है। स्कूल परिसर में शौचालय, बालक-बालिका के लिए स्कूल मरमती, पौधारोपण, सोखता गढ़ा, सेनेटरी पैड, डस्टबिन, खेल मैदान आदि के क्षेत्र में सराहनीय काम किया। वहीं, मुखिया रमेश बेदिया ने कहा कि यह सम्मान पंचायत के सभी ग्राम वासियों और स्कूल के शिक्षकों को समर्पित है जिन्होंने मेरे कार्य में सहयोग किया। मौके पर बीइओ, हेंदेबिली के मुखिया दशमी मिंज,कु च्चूके मुखिया पूनम देवी और चंद्रा के मुखिया सीमा तिर्की आदि उपस्थित थे।

## 22 को नगड़ी प्रखंड का स्थापना दिवस मनाने का निर्णय



**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** नगडी प्रखंड का स्थापना दिवस समारोह मनाने को लेकर बुधवार को प्रखंड कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें नगडी जिप सदस्य पूनम देवी, उप प्रमुख अफसाना प्रवीण, बीडीओ दीपाली भगत, सीओ राजेश कुमार आदि शामिल हुई। इसमें सर्वसम्मानित से 22 फरवरी को नगडी प्रखंड का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान नगडी प्रखंड के लिए संघर्ष करने वाले आंदोलनकारी, क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, नगडी प्रखंड के हर विभाग के बेहतर अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कई अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें।

### हादसा : रातू में अनियंत्रित ट्रक पुल की बाउंड्री से टकराया

# खलासी और बच्ची की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** थाना क्षेत्र के सुंडिल पुल के पास बुधवार की दोपहर दो बजे सड़क दुर्घटना में खलासी और एक बच्ची की मौत हो गयी। जबकि ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एंबुलेंस की मदद से रिम्स अस्पताल भेजा गया है। मृतक की पहचान सुंडिल निवासी आराध्या लकड़ा (3) और राजकिशोर बैठा (250 के रूप में हुई। जबकि चालक संजय लकड़ा भी सुंडिल का ही रहने वाला है। वह मृतक बच्ची आराध्या लकड़ा का पिता है। जानकारी के मुताबिक इस दिन ईंट लादकर 709 ट्रक सुंडिल की ओर जा रहा था। तभी ट्रक का ब्रेक फेल हो गया और अनियंत्रित होकर पुल की दीवार से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि खलासी राजकिशोर बैठा व चालक की तीन साल की बेटी आराध्या की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि चालक संजय लकड़ा बुरी तरह घायल हो गया। उसका इलाज रिम्स अस्पताल में चल रहा है। उधर, हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। साथ ही वाहन को जब्त कर पुलिस थाना ले आयी है।

## जल सहियाओं को बेहतर कार्य करने के लिए किया प्रेरित, सुनी समस्याएं-समाधान का दिया आश्वासन

**अनगड़ा प्रखंड की जलसहियाओं के उन्मुखीकरण के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** पूर्वी रांची पेयजल और स्वच्छता विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को अनगड़ा पंचायत भवन में जलसहियाओं के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के 50 से भी अधिक जलसहियाओं ने भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत विकास, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन और जल जीवन मिशन के सुचारु कार्यान्वयन के लिए जलसहियाओं का उन्मुखीकरण एवं क्षमता निर्माण करना है। बताते चलें कि पीरामल फाउंडेशन रांची जिले में जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए 'डीप डाइव इनिशिएटिव' पर विशेष कार्य कर रही है। इसी पहल के तहत जलसहियाओं को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत जल संरक्षण पर आधारित प्रेरक चेतना गीत और बाल गीत से हुई। संचालन गांधी फेलो अरुण कुमार मिश्रा एवं नारायणी ने किया। कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सृष्टि वर्मा ने सभी का परिचय और स्वागत किया। वहीं, पीएचइडी विभाग के जिला समन्वयक संजय कुमार और प्रखंड समन्वयक तरुण सिंह ने जल सहियाओं को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। कनीय अभियंता प्रभात कुमार ने जल सहियाओं को प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से हिस्सा लेकर अपने अनुभवों को समुदायों के बीच ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के साथ जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों एवं कार्यों को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया। पीरामल फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर विजेश कुमार और कृति ने टावर एक्टिविटी के माध्यम से टीम भावना और टीम बिल्डिंग के महत्व को समझाया। प्रोग्राम लीडर शुभम शुक्ला एवं गांधी फेलो अरुण मिश्रा ने ठोस और तरल कचरा प्रबंधन की तकनीकों पर जानकारी दी। रिक्छंदा सरकार ने जल जीवन मिशन के विभिन्न पहलुओं और सुचारु कार्यान्वयन के प्रक्रिया को साझा किया। जबकि नारायणी ने आदर्श ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की संरचना और उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान रितेश पांडेय ने 'लीड इंडिया' वीडियो के माध्यम से नेतृत्व क्षमता के विकास पर बल दिया। सभी सत्रों में सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिससे जलसहियाओं में टीम भावना का विकास हुआ। कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। जलसहियाओं ने इस प्रशिक्षण को ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि टीम वर्क की भावना को समझने और अपने कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से करने में यह कार्यशाला सहायक रहेगी। उन्होंने आग्रह किया कि भविष्य में भी इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए। मौके पर कनीय अभियंता प्रभात कुमार, जिला समन्वयक संजय कुमार, प्रखंड समन्वयक तरुण सिंह, पीरामल फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम मैनेजर विजेश कुमार, प्रोग्राम लीडर शुभम शुक्ला, कृति रानी, सृष्टि वर्मा, गांधी फेलो अरुण कुमार मिश्रा, रिक्छंदा सरकार, नारायणी, रितेश पांडेय सहित अनगड़ा प्रखंड की सभी पंचायतों की जलसहिया उपस्थित रहीं।

## दो बाइक चोर गिरफ्तार

**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने दो बाईक चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज। उनकी पहचान खलारी निवासी विशाल तुरी उर्फ फॉलो मिंज (20) और बरियातु निवासी समीर मुंडा (19) के रूप में हुई है। खलारी एसडीपीओ एसएन चौधरी ने बताया कि बुधवार की शाम बुढ़मू थाना अंतर्गत चौकीटांड (तीरु फॉल ) के समीप एंटी क्राइम जांच के दौरान एक बाइक और स्कूटी सवार व्यक्ति को तेजी से आते देख रुकने का इशारा किया। इस पर दोनों पुलिस को देखकर सड़क पर वाहन छोड़ जंगल की ओर भागने लगे। पर पुलिस ने दोनों को खदेड कर पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ में दोनों ने चोरी की बात स्वीकार कर ली। पुलिस ने उनके पास से बाइक जब्त कर लिया है। इनके खिलाफ पहले से भी थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## सोलर प्लेट की चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार



**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र से सोलर प्लेट की चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान चान्हो प्रखंड के मुसमानो निवासी अब्बास अंसारी (26) और जाउल अंसारी उर्फ बिहारी (38) के रूप में हुई है। इनके पास से चोरी के चार सोलर प्लेट व मोटर पंप बरामद हुआ है। इसकी जानकारी पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम ने दी। वे बुधवार को इटकी थाना परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो दिनों में ही सोलर प्लेट की चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब हो कि थाना में कांड संख्या 11/ 25 के तहत भादवि की धारा 303 में वादी राजन किस्पोट्टा के घर के पास लगे सोलर प्लेट की चोरी की लिखित जानकारी थाने में दी गयी थी। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने पुलिस टीम गठित किया जिसमें सुनील कुमार मुर्मू व मणि भूषण कुमार ने तकनीकी सेल के सहयोग से चान्हो प्रखंड के मुसमानो से पहले अब्बास अंसारी को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर जाउल अंसारी उर्फ बिहारी को भी गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

## बेड़ो में अनियमित विद्युत आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से लगातार अनियमित विद्युत आपूर्ति और लो वोल्टेज ने बेड़ो के उपभोक्ताओं का जीना दूभर कर दिया है। अनियमित बिजली का यह सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। दिनभर में कई घंटे बिजली नदारद रही। प्रखंड के 17 पंचायत के सूदूरवर्ती गांवों के लोग भी पिछले कई दिनों से अनियमित बिजली आपूर्ति और लो वोल्टेज से परेशान हैं। इसकी शिकायत करने के बावजूद विभागीय स्तर पर दुरुस्त करने का कोई कारगर उपाय नहीं किया जा राह है, जिससे उपभोक्ताओं के बीच विभाग के प्रति आक्रोश है। क्षेत्र में इन दिनों सरकार के 24 घंटे बिजली देने के दावे के बीच मात्र पांच से छह घंटे ही बिजली मिल पा रही है। वह भी नियमित नहीं है। बिजली आती भी है तो लो वोल्टेज रहने के कारण उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ जाती है। बिजली की समस्या से लोगों की दिनचर्या भी काफी प्रभावित हो रही है। शाम को बिजली नहीं रहने से जैक बोर्ड की परीक्षा देने वाले मैट्रिक व इंटर के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई भी बाधित हो रही है। वहीं व्यवसाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इसके समाधान के लिए कोई भी अधिकारी गंभीर नहीं है। विभाग के कर्मचारियों से पूछने पर कहते हैं कि अभी काम चल रहा है।

## बेड़ो में 413 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की ओर से प्रदत्त निःशुल्क उन्नति का पहिया साइकिल वितरण योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव करमु कंडीर ने कहा कि छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के लिए सरकार ने यह योजना शुरू की है, जो छात्रों के शैक्षणिक उन्नति में काफी मददगार साबित होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थी साइकिल से समय पर स्कूल पहुंच सकेंगें। बताया कि प्रखंड क्षेत्र के ईंटा, गडरी, तुको, चरका पत्थर, खुरा टोली, जरिया, पुरियो कन्या, करांजी, नेहालु, खुखरा पहाड़ कंडरिया स्कूलों के विद्यार्थियों के बीच कुल 413 साइकिलों का वितरण किया गया। इस मौके पर शिक्षक विकास नारायण सिंह, सुखनाथ कुम्हार और मोइन खान मौजूद थे।

## पान-मसाला के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से झारखंड में गुटखा व पान मसाला की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के बाद बुधवार को पुलिस ने जांच अभियान चलाया। इस क्रम में थाना प्रभारी विनित कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने ठाकुरगांव, खखरा, उरुगुद्ध, हेसलपिरी, मोहनपुर, इटहे आदि जगहों में दुकानों की जांच की। थाना प्रभारी ने दुकानदारों से गुटखा नहीं बेचने को कहा। साथ ही चेताते हुए कहा कि भविष्य में जो भी दुकानदार इन प्रतिबंधित समानों को बेचते पाए जाएंगे उनके खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। मौके पर पुनि दिलीप कुमार, अरविंद कुमार, बसंत मुंडा आदि मौजूद थे।

## नावगढ़ मौजा के नयातु टोला में सरकारी जमीन पर दलालों की नजर : पंचम भोगता

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** नावगढ पंचायत के नावगढ टोला नयातू में रैयती जमीन के बाद अब नयातू नदी में स्थित सरकारी जमीन को भी जमीन दलालों की ओर से बेचने का प्रसार किया जा रहा है। उक्त आरोप भाजपा सिकिदीरी मंडल महामंत्री सह खेरवार भोगता विकास संघ के प्रखंड अध्यक्ष ने लगाया है। उन्होंने कहा की अगर प्रशाशन इस पर रोक नहीं लगाती है तो पार्टी स्तर पर इसका विरोध किया जायेगा।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के सौजन्य से बुधवार को महेशपुर स्कूल प्रांगण में ग्राम स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सेकी के सीएसआर प्रमुख संजीव कुमार की देखरेख में आयोजित इस शिविर में 700 से भी अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सात ही उनके बीच दवा का वितरण किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर एवं शुगर की भी जांच हुई। इसके बाद हड्डी रोग, दंत, नेत्र, स्त्री, शिशु, सामान्य रोग आदि से संबंधित मरीजों की जांच की गई। मरीजों की जांच विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम जिसमें वेल्लोर सुपरस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल रांची के डॉ ज्योतिष कुमार, मेडिक्योर हॉस्पिटल के डॉ सुमन दुबे, डॉ दीपक वर्मा, डॉ नवीन कुमार, डॉ सुमन, डॉ कुमार प्रियांशु राज, डॉ जेके भगत, डॉ विकास कुमार, डॉ राममनोहर मेहता, डॉ रक्षित कुमार भगत, डॉ विजय चौरसिया आदि शामिल थे।

## 384 रिसोर्स शिक्षक और थेरेपिस्ट किये गये प्रशिक्षित

**झारखंड में समावेशी शिक्षा को बढ़ावा, तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन**



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा और सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र (सीआरसी) रांची के तत्वावधान में राज्य शिक्षा परियोजना परिषद और यूनिसेफ झारखंड के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का अंतिम बैच 17-19 फरवरी के बीच सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इसके माध्यम से कुल 384 रिसोर्स शिक्षक और थेरेपिस्ट प्रशिक्षित किए गए। समावेशी शिक्षा के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों के शिक्षकों और थेरेपिस्टों को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा और व्यवहार प्रबंधन संबंधी विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। प्रथम बैच 6-8 फरवरी को रांची, खूंटी, गुमला, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला में 109 शिक्षक, द्वितीय बैच 10-12 फरवरी को बोकारो, हजारीबाग, सिमडेगा, लातेहार और गिरिडीह में 99 शिक्षक, तृतीय बैच 13-15 फरवरी को जामताड़ा, दुमका, धनबाद, देवघर, गोड्डा और साहिबगंज में 96 शिक्षक, चतुर्थ बैच 17-19 फरवरी को कोडरमा, पाकुड़, चतरा, गढ़वा, रामगढ़, पलामू और लोहरदगा में 80 शिक्षक। समापन समारोह में सीआरसी के निदेशक सूर्यमणि प्रसाद ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशी और अनुकूल शैक्षिक वातावरण तैयार करना है। रिसोर्स शिक्षक इस ज्ञान का उपयोग अपने-अपने जिलों में बच्चों की शिक्षा को प्रभावी बनाने में करेंगे। वहीं, समावेशी शिक्षा की सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अरुणा लता केरकेट्टा ने कहा कि यह कार्यशाला शिक्षकों को विशेष शिक्षा की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराती है, जिससे वे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जरूरतों को बेहतर समझ सकें और उनके लिए व्यक्तिगत शैक्षणिक योजनाएँ तैयार कर सके। इस कार्यशाला में शिक्षकों और थेरेपिस्टों को कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया और विशेषज्ञों ने अपने ज्ञान और अनुभव से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। प्रमुख रिसोर्स पर्सन में डॉ. प्रीति तिवारी, मुकेश कुमार, चौधरी राजेश रंजन समल, विद्याकर कुमार, मित्तू मुथु वर्गीस, मधुमिता भट्टाचार्या, प्रकृति सिन्हा, चंदन सिंह, बसंत प्रधान, रणजीत रंजन, रश्मिका बारीकी, सुमन कुमारी और राम प्रकाश राय शामिल रहे।

## ठाकुर जी को रिझाने में ही सच्ची भक्तिः इंद्रेशजी महाराज

### श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास से लोगों ने सुने अद्भुत प्रसंग

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन बुधवार को टाटीसिलवे के इइएफ मैदान में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम उमड़ पड़ा। कथा व्यास इंद्रेशजी उपाध्याय ने श्रीकृष्ण लीला के अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो गये। कथा का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीला को सुनाई। जिसमें भक्त के भक्ति को मुख्य रूप से रेखांकित किया। जहां ठाकुर जी की भक्ति और ठाकुर जी के भक्तों की पर भी विशेष बल दिया। इंद्रेशजी ने कहा कि आज के समय में लोगों में दिखावा की भक्ति ज्यादा हो रही है जो कहीं ना कहीं आपके और ईश्वर के प्रति बीच में रुकावट पैदा करता है। आवश्यकता है कि आज के दैनिक दिनचर्या में वैष्णो भक्ति पर विशेष रूप से कार्य करें. विनम्रता से ही विनय की प्राप्ति होती है। ईश्वर प्राप्ति के लिए आप निरंतर सत्संग का लाभ लें और अपने आप को सकारात्मक रखने के लिए कार्य करें। ईश्वर ने आपको असीम ऊर्जा प्रदान की है ठाकुर जी के कृपा से आप हर कुछ बेहतर ढंग से सोच सकते हैं। अपने कार्यों का संपादन कर सकते हैं तो इन शरीर को नकारात्मक तौर पर कार्य क्यों कराना। महाराज जी ने कहा कि सांसारिक लोगों को रिझाने से बेहतर है कि आप श्री जी और ठाकुर जी को रिझाने के प्रति अपनी भक्ति समर्पित करें क्योंकि सांसारिक लोग क्षणिक समय के बाद आपसे रूठने लगते हैं। लेकिन यदि ईश्वर ठाकुर जी आपसे एक बार जुड़ जाए तो आपके जीवन के नैया को पर लगाने में एकमात्र सहारा होंगे। इस दौरान महाराज जी ने बताया कि गोकुल में श्रीकृष्ण के माखन चोरी की चर्चा हर ओर थी। गोपियां शिकायत करने माता यशोदा के पास जातीं, लेकिन जब वे कृष्ण को डांटतीं, तो नटखट कान्हा अपनी भोली सूरत से सबका मन मोह लेते। यह लीला केवल नटखटपन नहीं, बल्कि यह संदेश देती है कि भगवान केवल भोग से नहीं, बल्कि भक्तों के प्रेम से बंधे होते हैं। इंद्रेश जी महाराज ने भगवान के अवतारों का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे भगवान ने अपने अवतारों के माध्यम से धरती पर आकर मानवता की रक्षा की है और उन्हें सही रास्ता दिखाया है।

### 40 लोगों ने किया रक्तदान

श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन इंद्रेश जी उपाध्याय ने रक्तदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह सबसे बड़ा दान है, जो जीवन बचा सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से रक्तदान करने की अपील की। कहा कि वे भी अब हर तीसरे माह के अंतराल में आयोजित कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के दिन नियमित रूप से रक्तदान करें। इंद्रेश जी ने कथा आयोजन समिति की इस कार्य के लिए खूब प्रशंसा की। जिसके बाद 40 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कथा स्थल पर विशेष रूप से थैलेसीमिया और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान शिविर लगाया गया है। महाराज जी ने कहा कि जिस प्रकार दान-पुण्य आत्मिक शुद्धि देता है, उसी प्रकार रक्तदान जीवनदान देने का पवित्र कार्य है।

# विक्षिप्त ने गांव के ही युवक की कुदाल से काटकर हत्या की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के धनगांव करम टोली गांव में बुधवार की अपराह्न 4 बजे 30 वर्षीय विक्षिप्त राजेश उरांव ने गांव के ही 55 वर्षीय नान्हो खड़िया पिता जुंगा खड़िया को कुदाल से काटकर निर्मम हत्या कर दिया। उसके गर्दन और चेहरा में कई बार वार किया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद विक्षिप्त राजेश कुदाल लेकर पूरे गांव में घूमने लगा और बच्चों सहित बड़ों को दौड़ाने लगा। इसके बाद पूरे गांव में अफरा तफरी मच गयर। लोग इधर-उधर भागने लगे जो भी उसके सामने जाता उसे वह काटने के लिए दौड़ाने लगा। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना गुमला थाना को दी। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह दलबल के साथ धनगांव पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया। वही ग्रामीणों की पिटाई से घायल राजेश को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक नान्हो खड़िया मधुबन गांव की ओर से आ रहा था। तभी विक्षिप्त राजेश कुदाल लेकर अचानक उस पर हमला कर दिया।



विक्षिप्त राजेश उरांव को इलाज के लिए अस्पताल ले जाती पुलिस।

वहीं घटना की जानकारी बच्चों ने राजेश के पिता व ग्रामीणों को दी। घटना के बाद राजेश अपने घर के अंदर घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। धनगांव सहित अन्य गांव के ग्रामीण एकत्रित हुए और राजेश के घर पहुंचे। वही घर के दरवाजे को तोड़ने का काफी प्रयास किया गया लेकिन दरवाजा नहीं टूटा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीण घर के ऊपर छत में चढ़ गए और खपड़ा हटाकर अंदर घुसे। इसके बाद किसी तरह राजेश को काबू में कर घर से बाहर निकाला गया। वहीं ग्रामीणों ने लाठी डंडे लात घुसो से उसकी जमकर पिटाई की। जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। विक्षिप्त के पिता बरगी उरांव ने बताया दो-तीन दिनों से राजेश अजीब हरकत कर रहा था। कभी कहता घर में सांप घुस गया है दरवाजा बंद करो। कभी कहता घर में मेहमान आ गए हैं तो कभी कोई आ रहा है बोलकर छिप जाता था। फिर कुछ देर बाद वह सामान्य हो जाता था। घटना के दिन दोनो भाई तालाब नहाने गए थे जहां से लौटे जिसके कुछ देर बाद राजेश घर से कुदाल लेकर निकल गया।

# घाघरा में पेड़ से टकरायी कार, तीन लोग घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गम्हरिया चौक के समीप एक ब्रेजा कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिससे कार में सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों में गुमला में रोड निवासी सुनील अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, सोनल अग्रवाल के नाम शामिल है। वही घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भिजवाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु श्रुति अग्रवाल को गुमला रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुनील अग्रवाल, श्रुति और सोनल अग्रवाल बिहार के पटना से एक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने घर गुमला ब्रेजा कार से लौट रहे थे। इसी क्रम में गम्हरिया चौक के समीप एक मवेशी को बचाने के क्रम में कार पेड़ से जा टकराया। जिससे तीनों घायल हो गए। वही ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दे दी गयी थी।

# पोकलेन और ट्रेलर के पलटने से एक की मौत, दूसरा घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मांझा टोली के समीप पोकलेन व ट्रेलर के पलटने से सलगांवा हजारीबाग निवासी 18 वर्षीय बैजनाथ साहू की दबकर मौत हो गई। वहीं घटना में नकुल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक रायडीह में जल छाजन के तहत तालाब निर्माण कार्य के लिए जारी प्रखंड से वाहन व सामानों को रायडीह लाया जा रहा था। इसी क्रम में मंगलवार की शाम पोकलेन और ट्रेलर सड़क के किनारे पलट गया। जिसमें दोनों दब गए। बैजनाथ साहू ट्रेलर चालक नकुल कुमार के बगल में बैठा था। जारी से ट्रेलर में पोकलेन को लोड कर दोनों रायडीह आ रहे थे। दोनों एक ही गांव के रहने वाले हैं। बुधवार की अपराह्न 4 बजे मृतक के शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया।

# बिशुनपुर में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक कार्य प्रशिक्षण शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** बुधवार को विकास भारती बिशुनपुर स्थित सभागार में 32वीं वाहिनी सीमा सशस्त्र बल बनारी के द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक कार्य का प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि एसएसबी के मानवेंद्र नेगी, उपमहानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, स्पेशल ऑप्स, गया, कमांडेंट राजेश सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडारी और विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। जहां बिशुनपुर प्रखंड के अति सुदूरवर्ती व नक्सली प्रभावित क्षेत्र के 30 छात्र-छात्राओं को इलेक्ट्रिकल



और इलेक्ट्रॉनिक संबंधित 25 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस मौके पर आइजी ने कहा कि आज के समय में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जिसको देखते हुए 32वीं वाहिनी सीमा सशस्त्र बल के द्वारा गांव के बेरोजगार युवक युवतियों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि यह युवक युवतियां यहां से प्रशिक्षण पाकर गांव में अन्य लोगों के लिए प्रेरणा तो बनेंगे ही साथ ही उन्हें गांव में ही रोजगार स्थापित हो जायेगा। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडारी ने कहा की हर युवक युवतियों को आज के समय में हुनर मंद होना बहुत जरूरी है। तभी जाकर क्षेत्र का विकास होगा आज के समय में इलेक्ट्रॉनिक का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। वही विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने कहा कि ग्रामीण बच्चों को कम से कम इलेक्ट्रॉनिक्स का काम सीखना चाहिए जिससे वह गांव की बेरोजगार बच्चों बच्चियों को गांव में ही रोजगार मिल सके।

# मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक का रमेश कुमार ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य में गुटखा-पान मसाला पर पूरी तरह से एक वर्ष के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। सरकार के इस निर्णय का प्रदेश कांग्रेस सचिव रमेश कुमार चीनी ने स्वगत किया है और इसे सराहनीय करार दिया है। लेकिन उनका मानना है कि पान मसाला पर रोक के लिए निर्माण कंपनियों को सील करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि चोरी-छिपे भी गुटखा-पान मसाला की बिक्री संभव न हो सके। इसके अलावे राज्य के लिए पान मसालों की बिक्री से ज्यादा ड्रग्स और मादक पदार्थो की बिक्री व सेवन को रोकना आवश्यक है। चुंकि यह युवाओं के भविष्य को बर्बाद



कर रहे है। इसलिए सरकार अपने निर्णय को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए ड्रग्स व मादक पदार्थो पर सख्ती बरतें।


# मटुकडीह की महिला ने लगायी फांसी

## हत्या को आत्महत्या का रूप देने का परिजनों ने लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के करौंदी पंचायत के मटुक डीह गांव निवासी महिला ने गांव के समीप जंगल में आम के पेड़ में शॉल के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह 9 बजे ग्रामीणों को हुई इसके बाद घटना की जानकारी वृंदा पंचायत के मुखिया और गुमला पुलिस को भी दी गयी।

ग्रामीणों ने बताया महिला का सल्याटोली गांव में मायके है। ग्रामीणों ने मंगलवार की शाम महिला हिनो कुमारी को उसके पति अघन खड़िया के साथ बायपास रोड में साइकिल से जाते हुए देखा था। लोगों ने बताया अक्सर पति-पत्नी में विवाद होते रहता था 15 दिन पूर्व पति ने



अपनी पत्नी को लोहे के रॉड से मारा था। जिससे उसका एक हाथ खराब हो गया था। वही दोनों ढोढरी टोली गांव मजदूरी का काम करने जाते थे। दोनों का एक बेटा व एक बेटी है। परिजनों ने बताया गांव के समीप जंगल में स्थित आम के पेड़ में महिला ने फांसी लगा ली लेकिन देखने से प्रतीत होता है की हत्या कर उसके शव को पेड़ में लटका दिया गया है। हालांकि घटनास्थल पर पुलिस पहुंची है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं लोगों ने बताया की खेत में वापस लौटने के पैर के निशान भी पाए गए हैं वही आम के पेड़ के नीचे ताजे पत्ते काफी संख्या में गिरे हुए थे जिससे लोगों को संदेह पैदा हो रहा है। मटुक डीह गांव से 3 किलोमीटर दूर सुनसान जंगल में जाकर आत्महत्या करना भी लोगों में संदेह पैदा कर रहा है। वहीं सूचना के बाद कई घंटे बीतने के बाद भी पति घटनास्थल नहीं पहुंचा था। ग्रामीणों ने बताया अगहन खड़िया की दो पत्नी है दोनों आपस में सगी बहन है बड़ी बहन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है दोनों के बच्चे भी हैं दोनों बहन से अघन ने अंतरजातीय विवाह किया था।

# डीडीसी ने घोड़ाटांगर गांव में योजना का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** गुमला डीडीसी दिलेश्वर महतो ने बदरी पंचायत के घोड़ाटांगर गांव का क्षेत्रीय भ्रमण कर कई योजना का निरीक्षण किया। इस क्रम में बिरसा हरित ग्राम योजना से लगे पौधारोपण, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, पशु शेड, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, आम बागवानी सहित कई योजनाओं को देखा और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही मौजूद लाभुकों से भी योजना से संबंधित जानकारी लिया। इस क्रम मे 8 एकड़ में लगे आम बागवानी को देख हर्षित हुए। योजना स्थल पर योजना बोर्ड लगे होने पर संतुष्ट हुए। इसके साथ ही कई अधूरे अबुवा आवास को देखा लाभुकों से बात किया और जल्द से जल्द अधूरे पड़े अबुवा आवास को पूर्ण करने की बात कही। साथं ही मनरेगा कार्यो में मजदूरों को ससमय भुगतान करने, मनरेगा कार्यों में तेजी लाने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश बीडीओ को दिया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, मनरेगा एपीओ इरफान, बीपीओ बेबी कुमारी, जिला आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार, अशोक कुमार, मुखिया फिरंगी उरांव, पंचायत सचिव दिनेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला के बाईपास रोड हवाई अड्डा के समीप बुधवार की शाम 6 बजे ट्रैक्टर के टक्कर से स्कूटी सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों में कुम्हारी बसिया निवासी बंटी लोहरा और धौथा टोली निवासी दानियल कच्छप शामिल है। दोनों पुग्गू नदी के पास भाड़े के मकान में रहकर पढ़ाई करते हैं। बुधवार की शाम स्कूटी से बाइपास रोड की ओर घूमने गए थे। तभी सामने से एक ट्रैक्टर दोनों को टक्कर मार दिया। वही ट्रैक्टर का अगला चक्का दानियल के पैर में चढ़ गया। जिससे उसका एक पैर पूरी तरह से टूट गया है। वही बंटी लोहरा का सिर फट गया है। घटना की जानकारी के बाद गुमला थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंची और दोनों घायलों को लेकर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां दोनों घायलों का इलाज चल रहा है।

# नाबालिग को लापता करने के आरोप में पांच युवक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**पालकोट।** थाना अंतर्गत मुस्लिम बस्ती निवासी फरजाना खातून पति हरीश मियां द्वारा थाना में लिखत आवेदन के आधार की उसकी नाबालिग पुत्री के लापता होने के संबंध में उक्त संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज कर पालकोट थाना त्वरित्व कारवाई करते हुए संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमे कोनबीर निवासी जगरनाथ नायक उम्र 22 वर्ष, पालकोट गांधी नगर निवासी दीपांशी राज उर्फ गोलू उम्र 19 वर्ष, पालकोट तेली टोली निवासी आकाश साहू उम्र 19 वर्ष, रानियां अंबा पकाना निवासी संजू कुमार उम्र 19 वर्ष, रानियां निवासी किशोर साहू उम्र 25 वर्ष इन लोगों के निशानदेही पर उक्त नाबालिक लड़की को बरामद किया गया। साथ ही सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया।

# झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन की जिला कमिटी गुमला की बैठक कचहरी परिसर महासंघ कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कामरेड महेंद्र जेक्शन उरांव ने की। बैठक में ऐक्टू के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर प्रतिनिधि चयन किया गया। भाकपा माले के जिला सचिव कमरेड गजेंद्र सिंह की उपस्थिति में चयन की गयी। जिला अध्यक्ष कामरेड महेंद्र जेक्शन उरांव, कामरेड दर्शन उरांव, कामरेड बिरसाई उरांव और कामरेड सविता कुमारी को राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए प्रतिनिधि का सर सहमति से चयन किया गया। जो दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में ऐकटू का राष्ट्रीय सम्मेलन 24 से 26 फरवरी 2025 प्रतिनिधि तीन दिवसीय सम्मेलन में भाग लेंगे। गुमला जिला से बाकी मजदूर खुला सत्र में 24 फरवरी को सैकड़ो मजदूर शामिल होंगे। सम्मेलन में श्रम कानून सहित तमाम मजदूर अधिकारों से संबंधित कार्यशाला में भाग लेंगे। बैठक गजेंद्र सिंह में सुषमा देवी, चिनगाड़े उरांव, दर्शन उरांव, बिरसाई उरांव सविता कुमारी ऐतरो उरांव साहित्य दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर आम सभा आयोजित

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड निर्माण मजदूर यूनियन के जिला कमेटी सदस्य सह प्रखंड प्रभारी कामरेड हुमायुं साहू के नेतृत्व में ऐक्टू का राष्ट्रीय सम्मेलन तैयारी को लेकर कुम्हारिया पंचायत पंचायत भवन में मजदूरों के बीच आम सभा किया गया। जिसमें पंचायत कमेटी का गठन की गयी। आमसभा में कर सहमति से अध्यक्ष ललित कुमार साहु पक्षियों संतोनी कुमारी को चुना गया। उपाध्यक्ष सुनील खड़िया, उपसचिव अजय लकड़ा, कोषाध्यक्ष मंगरा खड़िया को बनाया गया। ग्राम बारगांव में ग्राम कमेटी का गठन किया गया। जहां अध्यक्ष विजय कुमार गोप, सचिव मतला उरांव, जितेंद्र उरांव, मांडू सिंह, प्रतीया उरांव को सह सहमति से चुना गया। प्रखंड प्रभारी कॉमेडी हुमायु साहू ने कहा की दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में कुमारिया पंचायत के मजदूरों को मजदूर अधिकार व आंदोलन में भाग लेने की अपील की गयी।



# स्पोर्ट्स



राजिंदर सिंह के बेहतरीन पास को मनदीप सिंह ने गोल में बदलने की कोशिश की, लेकिन जर्मन गोलकीपर अलेक्जेंडर स्टैडलर ने इसे रोक लिया।

# एफआइएच हॉकी प्रो लीग में भारत ने जर्मनी को 1-0 से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 (पुरुष) में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मनी को 1-0 से मात दी। यह मुकाबला बुधवार को भुवनेश्वर के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेला गया, जहां गुरजंत सिंह के गोल ने भारत को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। इस जीत के साथ भारत अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया।

पहले क्वार्टर की शुरूआत में ही भारतीय टीम ने आक्रामक रुख अपनाया और चौथे मिनट में बढ़त बना ली। राजिंदर सिंह के बेहतरीन पास को मनदीप सिंह ने



गोल में बदलने की कोशिश की, लेकिन जर्मन गोलकीपर अलेक्जेंडर स्टैडलर ने इसे रोक लिया। हालांकि, गुरजंत सिंह ने मौके का फायदा उठाकर गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचा दिया।

इसके बाद भारतीय टीम ने रक्षात्मक रणनीति अपनायी और जर्मनी को बराबरी करने से रोके रखा। जर्मन खिलाड़ी थिस प्रिंज ने कुछ शानदार मूव्स दिखाए, लेकिन भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक की सतर्कता ने उन्हें गोल करने से रोक दिया। पहले क्वार्टर के अंतिम क्षणों में जर्मनी को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन गोंजालो पेइलाट की ड्रैग-फ्लिक निशाने से चूक गयी और भारत 1-0 की बढ़त के साथ आगे रहा।

दूसरे क्वार्टर में भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा मैदान में उतरे, लेकिन जर्मनी का आक्रमण उस स्तर का नहीं रहा कि उन्हें ज्यादा मेहनत करनी पड़ी। भारत ने जवाबी हमलों में शानदार मौके बनाए, जहां शिलानंद लाकड़ा, नीलम संजीव जेस और राज कुमार पाल ने जर्मन गोलकीपर को चुनौती दी।

तीसरे क्वार्टर में जर्मनी ने हमलों की गति बढ़ाई। 32वें मिनट में प्रिंज ने गोल करने की कोशिश की, लेकिन पाठक ने शानदार बचाव किया। इसके कुछ ही मिनट बाद पेइलाट की ड्रैग-फ्लिक को भी भारतीय गोलकीपर ने अपने पैर से रोक दिया।

चौथे क्वार्टर में जर्मनी ने बराबरी के लिए आक्रामक रुख अपनाया। 46वें मिनट में उन्हें पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन करकेरा ने बेहतरीन बचाव किया।

अंतिम कुछ मिनटों में जर्मनी ने अपना गोलकीपर हटा दिया और लगातार हमले किये।

# गुमला में पेयजल की स्थिति को ठीक रखने के लिए पहल करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** बदलते मौसम और दोपहर की गर्मी को देखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को समुचित जल की व्यवस्था पर अभी से ही अलर्ट हो जाना चाहिए। उक्त बातें समाजसेवी शिशिर गुप्ता ने आजाद सिपाही को दिए अपने बयान में कहा। उन्होंने अखबार के माध्यम से उपायुक्त और पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि गर्मी ने अपनी दस्तक दे दी है। आजकल की दोपहर की गर्मी ने चेतावनी दे दी है कि इस वर्ष भयंकर गर्मी पड़ने वाली है। शहर के कई प्रमुख



स्थलों पर पीने के पानी की सुविधा करने की आवश्यकता है। कई स्थानों पर प्यास बुझाने के लिए कई प्रकार की व्यवस्थाएं की गयी है। इस व्यवस्था के लिए निर्माण कार्य तो जरूर हुए हैं लेकिन सिस्टम खराब पड़े होने के कारण उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। श्री गुप्ता ने कहा कि वैसी पेय जलापूर्ति के साधनों को सुचारु किया जाए ताकि लोग इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने आगे कहा कि दोपहर में बढ़ती हुई गर्मी को देखते हुए जलापूर्ति विभाग को अभी से ही अलर्ट हो जाना चाहिए। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि पानी के हर बूंद को महत्वपूर्ण समझते हुए इसे व्यर्थ ना बहायें। अपने-अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूर बनवाये। जलस्तर को नीचे गिरने से बचाए। उन्होंने यह भी कहा कि गुमला शहरी क्षेत्र को पतली सी धार एक नदी ने अपने घेरे में रखा है। आज उसे भी संरक्षण की जरूरत है। उसे पर भी जिला प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## विधायक ने दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली कई योजनाओं की रखी आधारशिला

# बेरमो में जारी रहेगी विकास की रफ्तार : अनुप

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह ने बुधवार को क्षेत्र में कई योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए शिलान्यास किया। इसमें नगर परिषद की योजना के तहत नगर परिषद फुसरो में लगभग 24 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक बिछाव कार्य का शिलान्यास शामिल है। उक्त कार्य नप के वार्ड संख्या 3, 5, 6, 11, 15, 18, 19, 23, 24, 25 में किया जाना है। शिलान्यास बेरमो थाना के पास संयुक्त रूप से किया गया। इसके पूर्व थाना के अधिकारियों ने विधायक को संविधान की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। पंडित रजनीकांत पांडे ने विधिवत्त पूजा अर्चना कराकर शिलान्यास कराया। उक्त कार्य मां छिन्नमस्तिके टेडर्स की ओर से किया जाना है। इसके अलावा चंद्रपुरा प्रखण्ड के चंद्रपुरा पंचायत में डीएमएफटी मद से जीकुरघुटु में चिरंजित सिंह के घर से जोरिया नाला तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ, जिसकी लागत करीब 71 लाख 32 हजार रुपये है। वहीं, डीएमएफटी मद से 18 लाख रुपए की लागत से पंचायत भवन में चारों तरफ चाहरदिवारी का निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। चंद्रपुरा प्रखंड में ही सीवी सिंह (मंदिर मुहल्ला) से जोरिया नाला तक 28 लाख रुपए की लागत से पथ निर्माण कार्य होगा। जबकि चर्च रोड, मीनल चौक से लेकर अण्डरग्राउण्ड पुल तक पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास भी हुआ, जो 23 लाख रुपए की लागत से पूरा होगा। वहीं, चंद्रपुरा प्रखण्ड अंतर्गत चर्च रोड़ के रेलवे बाउण्ड्री से लेकर जोरिया नाला तक पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का शिलान्यास भी कया। जो 29 लाख रुपए की लागत से पूरा होगा। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि कई जगहों पर कार्य होना है, जिसका सामूहिक रूप से एक ही जगह शिलान्यास किया गया है। इसके अलावा डीएमएफटी और अन्य मद से बेरमो विधानसभा के चंद्रापूरा प्रखंड में करीब दो करोड़ से ऊपर की योजना धरातल को उतारने का कार्य करने जा रहा है। विधायक ने कहा कि बेरमो विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को थमने नहीं दिया जाएगा। सरकार राज्यवासियों के विकास के लिए चिंतित है। कहा कि जहां भी सड़क, नाली, सामुदायिक भवन, बाउंड्री वाल, पुल पुलिया की जरूरत होगी, वहां प्राथमिकता के साथ योजनाओं को उतारा जाएगा। वहीं, नप कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ने कहा कि फुसरो शहर के विकास को लेकर नगर परिषद अग्रसर है। सभी वार्ड में विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इस मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन, जेई राजेश गुप्ता, कर्मी राजीव रंजन कुमार, थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, बेरमो इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह, महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी, संतोष सिंह, कैलाश ठाकुर, जसीम राजा, सिकंदर ठाकुर, अर्जुन मुखर्जी, बैजनाथ सिंह, उत्तम कुमार मुखर्जी, शक्ति सिंह, अरुण सिंह, सलीम जावेद उर्फ मोती, परवेज अख्तर, टुल्लू सिंह, थाना के अधिकारी सचिन रोशन, शाहिद अंसारी, लक्ष्मण चौधरी, कैलाश प्रसाद, संजय कुमार और मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।


विकाश योजनाओं की आधारशिला रखते विधायक अनुप सिंह सहित अन्य।

## स्वांग दक्षिणी पंचायत भवन में लगा विशेष राजस्व शिविर, लोगों से लाभ लेने की अपील



**गोमिया (आजाद सिपाही)।** बोकारो डीसी की पहल और गोमिया सीओ मो आफताब आलम निर्देश पर बुधवार से हलकावार राजस्व शिविर आयोजित हुआ, जो पांच मार्च तक चलेगा। इसी क्रम में स्वांग हल्का 6 के लिए बुधवार को स्वांग दक्षिणी पंचायत भवन में सिविर लगा, जिसमें जमीन से संबंधित विषयों जैसे जमाबंदियों में सुधार, ऑनलाईन लगान रसीद निर्गत दाखिल-खारिज, उत्तराधिकारी-बटवारानामा एवं भू-मापी के निष्पादन का काम किया गया। इसके तहत जमाबंदियों में सुधार के लिए 20 आवेदन प्राप्त हुए। इस असर पर गोमिया सीओ ने कहा कि अंचल क्षेत्र के 36 पंचायतों के लिए हलकावार विशेष राजस्व शिविर आयोजित किया गया है। जिसमें अंचल के सीआई, संबंधित पंचायत के राजस्व कर्मचारी एवं प्रतिनियुक्त कर्मी उपस्थित रहेंगे। कहा कि गोमिया अंचल में रहने वाले लोग इस शिविर के जरिए जमीन से संबंधित मामलों का लाभ ले सकते हैं। इस दौरान स्वांग दक्षिणी में आयोजित जेएलपीएस की महिला दीदीयों की बैठक भी हुई, जिसमें विशेष राजस्व शिविर के बारे में जानकारी दी गयी। कहा कि अभी सभी हलकावार नजदीकी पंचायत भवनों में जाकर इस अवसर का लाभ लें। मौके पर पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, राजस्व कर्मी अनुप कुमार तुरी के प्रतिनियुक्त कर्मी विनोद कुमार, केदार स्वर्णकार एवं स्वांग राजस्व ग्राम के ग्रामीण मौजूद थे।

## धनबाद में पहली बार इंडिया थेरेपी सेंटर में हुई विशेष सेवाओं की शुरुआत



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 'पहला कदम' दिव्यांग बच्चों के विकास और उनकी विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जगजीवन नगर के डॉक्टर्स कॉलोनी स्थित इंडिया थेरेपी सेंटर में एक नई पहल शुरू की गई। डॉ शिप्रा कमल ( रांची, डेवलपमेंट पीडियाट्रिशियन) हर महीने के तीसरे बुधवार को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक अपनी सेवाएं धनबाद में देगी। यह पहल विशेष रूप से उन बच्चों के लिए है जिन्हें विकास संबंधी चिकित्सा परामर्श की आवश्यकता होती है। प्रवक्ता ने बताया कि अब हमें बाहर जाने की जरूरत नहीं। हमारे ही शहर धनबाद में विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, जो बच्चों की सभी आवश्यकताओं का ध्यान रखेंगे। इस अवसर पर डॉ शिप्रा कमल (डेवलपमेंट पीडियाट्रिशियन) और डॉ दीपक कुमार (नियोनेटोलॉजिस्ट और पीडियाट्रिशियन) भी उपस्थित रहे। वहीं, इस पहल को सफल बनाने में इंडिया थेरेपी सेंटर के निदेशक प्रतीक अग्रवाल और कौशल अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। इंडिया थेरेपी सेंटर ने आश्वासन दिया है कि बच्चों की हर जरूरत को पूरा करने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी।

## कतरास पुलिस ने आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास थाना के पुअनि मनोज महतो के नेतृत्व में जवानों ने तोपचांची थाना क्षेत्र के नेपाईडीह (ब्राम्हण डीहा) के रहने वाले आरोपित रोहित बावरी के घर ढोल बजाकर इश्तिहार चिपकाया। मनोज महतो ने बताया कि कतरास थाना में भादवि की धारा 366 (ए) के तहत मामला दर्ज है। वह गिरफ्तारी के डर से पिछले 3 वर्षों से फरार है। इसलिए धनबाद की अदालत से निर्गत इश्तिहार को रोहित बाउरी के घर तोपचांची पुलिस के सहयोग से चिपकाया गया।

## चलकरी कॉलोनी में पेयजल की किल्लत

**गांधीनगर/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नल जल योजना का पानी बैदकारो पूर्वी पंचायत अंतर्गत चलकरी कॉलोनी के मोहल्लों में नियमित रूप से आपूर्ति नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। कॉलोनीवासियों ने कहा कि चार-पांच दिनों में पानी मिलता है। उसमें भी प्रेशर नहीं रहता है। जानकारी के अनुसार पानी सप्लाई के भाल्ब पर दबंगों का कब्जा है। दबंग अपनी मर्जी के अनुसार पानीं सप्लाई करते हैं। जिससे कई मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। पंचायत में बने जलमीनार से गांधीनगर, तीन नंबर, डीवीसी बेरमो माइंस, चलकरी कॉलोनी, बैदकारो बस्ती आदि स्थानों में जलापूर्ति किया जाता है। नियमित जलापूर्ति को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से ठोस पहल नहीं हो रही है।

# सुरक्षा गार्ड और ग्रामीणों में झड़प

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा चार नंबर संतोषी मंदिर के निकट टाटा के सुरक्षा गार्ड और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गयी। आक्रोशित लोगों ने सुरक्षा कर्मियों को लाठी डंडे हमला और पत्थरबाजी कर खदेड़ दिया। बताते चलें कि यहां के कुछ लोग अपने घर के बाहर खाली जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे थे। जिसे रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड पहुंचे थे। पर दो सुरक्षा गाड्र्स को ग्रामीणों ने बंधक बना कर बैठा लिया था। इसकी जानकारी मिलते ही काफी संख्या में गार्ड पहुंच गए और निर्माण कार्य को ध्वस्त करना शुरू कर दिया। यह देख ग्रामीण उग्र हो गये और लाठी डंडा लेकर सभी को खदेड़ना शुरू कर दिया। महिलाएं काफी आक्रोशित दिखीं। हालांकि इस घटना में किसी को चोट नहीं लगी है। सुरक्षा गाड्र्स का कहना था कि यह जमीन टाटा की है। लोग अवैध निर्माण कर रहे थे। रोकने गए तो विरोध करना शुरू कर दिया। वहीं ग्रामीणों का कहना था कि यह टाटा की जमीन नहीं है। टाटा ने अपनी जमीन पर चारदीवारी की है। यह जमीन उनके घर के बाहर परती थी। जिस पर वे लोग शौचालय बनवा रहे थे।

## 36 बांस हस्तशिल्पियों के बीच निःशुल्क उन्नत औजार वितरित

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** कंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) और राष्ट्रीय डिजाइन केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में गिरिडीह ज़िला उद्योग केंद्र सभागार में जिला के विभिन्न कलस्टर से आए 36 बांस हस्तशिल्पियों को उन्नत औजार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन गिरिडीह ज़िला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक जगन्नाथ दास और हस्तशिल्प विभाग के सहायक निदेशक भुवन भास्कर आदि ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जगन्नाथ दास ने कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि हस्तशिल्प विभाग गिरिडीह के विभिन्न बांस कलस्टरों में हस्तशिल्पियों के विकास एवं उत्थान के लिए सहारहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क औजार वितरण कार्यक्रम को सहारा और हस्तशिल्पियों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। कहा कि निश्चित ही यह कार्यक्रम हस्तशिल्पियों के कौशलता को निखारने और उनकी उत्पादकता और आमदनी को बढ़ाने में सहायक साबित होगी। वहीं, सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर ने बताया कि गिरिडीह ज़िला के विभिन्न बांस कलस्टरों से आए 36 बांस हस्तशिल्पियों को निःशुल्क औजार दिया गया है। औजारों का क्रय जेम पोर्टल के माध्यम से किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हस्तशिल्पियों को उन्नत औजार के जरिये उत्पादकता बढ़ाने, समान गुणवत्ता वाले उत्पादों के उत्पादन में सहायता करना है।

## घर का ताला तोड़कर नगदी सहित पांच लाख के आभूषण चोरी

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)। जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के फुसबंग्ला निवासी रमेश बंसल के घर के गेट का ताला तोड़कर चोरों ने 80 हजार नगदी सहित करीब पांच लाख रुपये के आभूषण चोरी कर लिया। इस बाबत भुक्तभोगी ने थाना में मामला दर्ज कराया है। बताया कि वह अपनी पत्नी का इलाज कराने भेल्लोर गये थे। बुधवार को लौट कर जब घर आये तो पीछे के दरवाजे का ताला टूटा पाया। अंदर प्रवेश किया तो अलमारी में रखा 80 हजार नगद सहित सोने की चेन, कानबली, चांदी का सिक्का और पायल सहित कई कीमती गहने चोरी हो गये थे। दूसरी ओर, जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने बताया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।**

## महुदा में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

# महुदा में एक लाख नये सदस्यों को जोड़ने का संकल्प: नकुल चंद्र महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** झामुमो केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर बुधवार को बाघमारा प्रखंड के महुदा शाखा में सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई। जिसमें दर्जनों लोगों ने हेमंत सरकार के कार्यों से प्रेरित होकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। अपने संबोधन में पार्टी के केंद्रीय कमेटी के सदस्य और बाघमारा प्रखण्ड के प्रभारी नकुल चंद्र महतो ने कहा कि बाघमारा प्रखंड में झामुमो के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। इसलिए लोग पार्टी से जुड़ने के लिए उत्साहित हैं। बताया कि 28 फरवरी तक जिले भर में सदस्यता अभियान का आयोजन होना है। इस दौरान एक लाख नए सदस्य पार्टी से जोड़े जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नकुल महतो ने यह भी बताया कि विभिन्न प्रखंडों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें बाघमारा प्रखण्ड के लिए उन्हें और मनोज रवानी को प्रभारी बनाया गया है। सदस्यता अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में झामुमो की मजबूत उपस्थिति दर्ज करना और संगठन को मजबूत करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनबाद जिला संयोजक मण्डली के जिला संयोजक लक्खी सोरेन और संचालन अधिवक्ता निर्मल रवानी ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला सचिव मनु आलम, मनोज कुमार रवानी, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष रतिलाल टुडु, झारखंड आंदोलनकारी दयाल महतो, मनोज कुमार महतो, धीरेन रवानी, रंजित महतो, छत्रपति महतो, सोहराय महतो आदि उपस्थित थे।


कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़।

नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।

अति अल्पकालिन सूचना संख्या – NIT/RGH/NP/23/2024-25

1 निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2 निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक : 20.02.2025
3 परिमाण विपत्र विक्रय की तिथि :– दिनांक : 21.02.2025 से 28.02.2025 अपराहन 04:00 बजे तक।
4 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 01.03.2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराहन 04:00 बजे
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :– दिनांक :03.03.2025 अपराहन 12:00 बजे से।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर परिषद्, रामगढ़ ।
7 मद का नाम :– नागरिक सुविधा
8 हेल्पलाईन नं0 :– 9430333198, 8651204505

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 | Construction of Pcc Road With Cross Drain in Ward No:-01,From H/O Santosh Paswan (existing Pcc) to H/O Kuber Singh. | 935269.00 | 18705.00 | 5000 | 60 दिन |
| 2 | 05 | Beutification of Community Place in Ward No -05 | 454494.00 | 9090.00 | 1000 | 45 दिन |
| 3 | 05 | Construction of Paver block Road in Pochra ,Ward No-05 From (A) H/O Mathura Yadav to well (B) H/O jaggu yadav to H/O Binod yadav (C) H/O Jhagru yadav to H/O Ramprasad Yadav (D) Chhotan Giri To Pawan Yadav (E) Prachin Shiv Mandir To H/O Kameshwar Yadav | 734426.00 | 14689.00 | 5000 | 60 दिन |
| 4 | 06 | Boundry Wall Arround Shiv mandir (Painki) in Ward no :-06 | 710450.00 | 14209.00 | 5000 | 60 दिन |
| 5 | 07 | Laying of paver block road from H/O Triloki Saw To H/O Dr. Pankaj Kumar In Ward no 07 | 991500.00 | 19830.00 | 5000 | 60 दिन |
| 6 | 07 | Construction of PCC Road From H/O Lambu D singh To H/O Santosh singh in Ward no 07 | 405600.00 | 8112.00 | 1000 | 60 दिन |
| 7 | 08 | Construction of Paver block Road in Ward no : -08 (Sewta) From (A) H/O Jageshwar saw to Karma mian Road ( Bitumen Road ) (B) H/O Meghnath Mahto to H/O Bidyasagar Misra & H/O Dilip Singh to H/O Gudu Singh (C) H/O Prasad Ji to H/O Dineshwar Prasad | 750067.00 | 15001.00 | 5000 | 60 दिन |
| 8 | 08 | Construction of Pcc Road in Ward No: -08, ( BRL, Dam Colony ) From Ravindra Singh to Upendra Singh | 784343.00 | 15687.001 | 5000 | 60 दिन |
| 9 | 09 | Construction of Rcc Culvert in between H/O Manoj Saw to H/O Abhishek Saw in Munda Tola in ward no. 9 | 781073.00 | 15621.00 | 5000 | 60 दिन |
| 10 | 09 | Construction of Ghat at Marar Talab in Ward No -09 | 937100.00 | 18742.00 | 5000 | 60 दिन |
| 11 | 09 | Laying Of paver Block road from a) H/O Virenedra singh to H/O paras sagar in Jhopdi patti B) H/O Niranjan karmali To H/O Ramesh karmali In ward no.-09 | 857768.00 | 17155.00 | 5000 | 60 दिन |
| 12 | 09 | Laying Of paver Block road from a) H/O Bharat singh to H/O Pawan saw B) H/O Vijendra karmali To H/O Ganesh karmali In ward no.-09 | 865543.00 | 17311.00 | 5000 | 60 दिन |
| 13 | 12 | Laying of Pavers Block from Argadda Checkpost Black top road to H/O Ram Karmali and H/O Indrajeet Prasad to H/O Kagu Munda via H/O Akhtar Khan in ward no.12 | 892351.00 | 17847.00 | 5000 | 60 दिन |
| 14 | 12 | Laying of Pavers Block from Mahua tand Akhara to Old Baari(bablu) in ward no. 12 | 361146.00 | 7223.00 | 1000 | 45 दिन |
| 15 | 12 | Construction of Drain from H/O Hipiya Munda to Drain beyond H/O Dilip Paswan in ward no. 12(New Colony near Kabristan) | 780000.00 | 15600.00 | 5000 | 60 दिन |
| 16 | 13 | Laying of Pavers Block from a) H/O Chitranjan Mahto to Quarter No. D-3 b) Quarter no. D-2 to PCC road in ward no. 13 | 913592.00 | 18272.00 | 5000 | 60 दिन |
| 17 | 14 | Laying of Pavers Block from H/O Sameer Dey to Argadda Panchayat Bhawan in ward no. 14 | 983704.00 | 19674.00 | 5000 | 60 दिन |
| 18 | 14 | Laying of Pavers Block from a) H/O Shyam Sundar Paswan to H/O Bicky Satnami b) H/O Chandu Satnami to Krishna Kr. at Bilaspuria Mohalla in ward no. 14 | 600154.00 | 12003.00 | 5000 | 60 दिन |
| 19 | 14 | Construction of Drain and laying of pavers block from H/O Suraj singh to H/O Kalim master and beautification at Argadda bakadiya Bajar in ward no. 14 | 787800.00 | 15756.00 | 5000 | 60 दिन |
| 20 | 15 | Construction of Mini Water Supply Scheme infront of road near H/O Jagnarayan Karmali and laying of Paver Block around this HYDT in ward no. 15 | 999800.00 | 19996.00 | 5000 | 60 दिन |
| 21 | 15 | Laying of Pavers Block from Gate of old Rajkiya madhya vidyalaya to H/O Shobhra Singh in ward no. 15 | 665346.00 | 13307.00 | 5000 | 60 दिन |
| 22 | 16 | Laying of Pavers Block from Kabristan road to the front of H/O Chandan Mahto in ward 16 | 775935.00 | 15519.00 | 5000 | 60 दिन |
| 23 | 16 | Laying of Pavers Block 1) At Sirka Bazar 2) From Mustaqin shop to H/O Maulana Wuhab 3) H/O Mustaqim to H/O Naushad in ward no. 16 | 848848.00 | 16977.00 | 5000 | 60 दिन |
| 24 | 17 | Laying of paver block road from H/O Ravi Prajapati to Toofan Prajaapti at kowa tola, parsa beda in ward 17. | 973214.00 | 19464.00 | 5000 | 60 दिन |
| 25 | 17 | Laying of paver block road from (a) H/O Sahdev prajapati to H/O vikki (b) H/O Kallu Prajapati to H/O Shiva Prajapati in ward 17. | 907034.00 | 18141.00 | 5000 | 60 दिन |
| 26 | 17 | Laying of paver block road from H/O laladev Prajapati to near anganbadi at kowa tola, parsa beda in ward 17. | 962012.00 | 19240.00 | 5000 | 60 दिन |
| 27 | 18 | Laying of paver block road from (a) H/O Avid ansari to H/O Niyaam (B) H/O Aftab to H/O jasir at Chaingadda in ward no.18 | 543840.00 | 10877.00 | 5000 | 60 दिन |
| 28 | 18 | Laying of paver block road from H/O Amanat alli to H/O Ahsaan Ansari at Chaingadda in ward no.18 | 713000.00 | 14260.00 | 5000 | 60 दिन |
| 29 | 18 | construction of PCC road from SH-2 H/O Kedar Mahto at Naya Tola at Chaingadda in ward no.18 | 286360.00 | 5727.00 | 1000 | 45 दिन |
| 30 | 19 | Construction of Samshan shed near Graveyard , Hehal In Ward No -19 | 902980.00 | 18060.00 | 5000 | 60 दिन |
| 31 | 20 | Laying of paver block at Ambwatand Eidgah and Aproach road in ward no 20 | 996955.00 | 19939.00 | 5000 | 60 दिन |
| 32 | 21 | Construction of Drain from Balvikash vidyalaya to H/O pachu bediya at ghutuwa in ward no 21 | 570200.00 | 11404.00 | 5000 | 60 दिन |
| 33 | 21 | Construction of Mini Water Supply Scheme Ma hto tola ghutuwa in Ward No. 21 | 646300.00 | 12926.00 | 5000 | 60 दिन |
| 34 | 23 | Construction of Mini Water Supply Scheme near H/O Tilka Munda at Barkakana, in Ward No. 23 | 646300.00 | 12926.00 | 5000 | 60 दिन |
| 35 | 24 | Construction of Drain from H/O Tulsi Munda to pipal tree at Barkakana in ward no 24 | 988581.00 | 19772.00 | 5000 | 60 दिन |
| 36 | 24 | Construction of Drain from H/O Vinod Kant Misra to H/O Sidheswar yadav at Barkakana in ward no 24 | 570200.00 | 11404.00 | 5000 | 60 दिन |
| 37 | 24 | Construction of steel shed & laying of paver block at B.R Ambedkar park in ward no 24 | 412010.00 | 8240.00 | 1000 | 60 दिन |
| 38 | 26 | Laying of Pavers Block (A) From H/O D K Choudhary to H/O Krishna Mahto (B) From H/O Anil Nayak To pcc Road (c) Nh 33 From H/O Pancham Kushwaha to H/O Rajkeshri in ward no.26 | 780300.00 | 15606.00 | 5000 | 60 दिन |
| 39 | 26 | Laying Of paver block road Bharat mata chowk transformer to H/O Piyush Khandelwal in ward no 26 | 971700.00 | 19434.00 | 5000 | 60 दिन |
| 40 | 29 | Construction of Mini Water Supply Scheme at nea r H/O Gobardhan mahto in ward no 29 | 619300.00 | 12386.00 | 5000 | 60 दिन |
| 41 | 29 | Construction of Mini Water Supply Scheme at near H/O Chhedi mahto in ward no 29 | 619300.00 | 12386.00 | 5000 | 60 दिन |
| 42 | 29 | Laying of paver block road from (A) H/O manoj karmali TO H/O Bikash pahan (B) at Bekhi Akhra in ward no 29 | 675050.00 | 13501.00 | 5000 | 60 दिन |
| 43 | 29 | Construction of pcc Road from NH 33 to Existing Pcc Road at Mandia tand in ward no 29 | 918900.00 | 18378.00 | 5000 | 60 दिन |
| 44 | 31 | Construction of Drain FromH/O Sohan mahto to H/O sapan mahto in ward no 31 | 891500.00 | 17830.00 | 5000 | 60 दिन |
| 45 | 32 | Construction of Mini Water Supply Scheme at near Budhwa mahade in ward no 32 | 619300.00 | 12386.00 | 5000 | 60 दिन |
| 46 | 32 | Beutification of shiv Mandir near Chhatarmandu Chowk in Ward no 32 | 612900.00 | 12258.00 | 5000 | 60 दिन |

नोट:–
1. परिमाण विपत्र क्रय हेतु
2. निम्नलिखित शर्तो को पूरा करना होगा।
(क) इस कार्य हेतु नगर परिषद्, रामगढ़/नगर विकास एव आवास विभाग के समुचित श्रेणी या एक श्रेणी ऊपर के सम्वदेकों को निबंधित होना अनिवार्य होगा।
(ख) परिमाण विपत्र का मूल्य (जो वापस नहीं किया जाएगा) बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, रामगढ़ (Executive officer, Nagar Parishad, Ramgarh) के पदनाम से राष्ट्रीयकृत बैंक में भुगतेय होगा के रूप में स्वीकार्य होगा तथा परिमाण विपत्र क्रय के समय मूल रूप में जमा करना अनिवार्य होगा।
(ग) बैंक ड्राफ्ट (Bank Draft) की वैद्यता निविदा निर्गत की तिथि से कम से कम तीन माह का होना अनिवार्य है।
निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉ नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
3. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
4. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा अभि तक नहीं किया गया है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
5. वैसे सभी संवेदक जिन्होने इस कार्यालय के द्वारा निकाले गये पूर्व निविदाओं में L1 होने के पश्चात अभी तक एकरारनामा नहीं किया है अथवा एकरारनामा होने के पश्चात कार्य प्रगति दिये गये अवधि के अंदर कार्य शुरू नही किया है उन्हें इस NIT में प्राथमिकता नही दी जायेगी/साथ ही उनके द्वारा किया गया कोई भी दावा मान्य नही होगा।

PR 346779 (District) 24-25 (D)

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।

# बौध, रायगड़ा और फुलबानी जिला से पुलिस ने 3327 किलो गांजा किया जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बौध, रायगड़ा और फुलबानी जिला में पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में गांजा जब्त किया और घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से कुल 3327 किलो गांजा जब्त किया गया, जबकि गांजा तस्करी में इस्तेमाल की जाने वाली बाइक और पिकअप वैन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया। दो मामले रायगड़ा जिले के गुनुपुर पुलिस स्टेशन, बौध जिले के गोछपड़ा और बौध पुलिस स्टेशनों और एक अन्य फुलबानी सदर पुलिस स्टेशन में दर्ज किये गये हैं। पुलिस को सूचना मिली कि बौध थाना क्षेत्र के नेंदन गांव के पास जंगल की सड़क पर आरोपी पिकअप वैन में गांजा की तस्करी कर रहे हैं, जिसके बाद पुलिस ने जांच की। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर 1325 किलो गांजा और एक पिकअप वैन जब्त की है। इसी तरह दूसरा मामला बौध जिले के गोछपड़ा थाने में दर्ज किया गया है। काट्रेगिया गांव पंचायत पादेबी गांव इलाके में गांजा तस्करी की सूचना मिलने पर पुलिस ने छापेमारी के दौरान आरोपियों के पास से 1020 किलो गांजा के साथ एक महिंद्रा बोलेरो जब्त की। इसी तरह रायगड़ा जिले के गुनुपुर थाने के आरएमसी चेक पोस्ट के पास पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान जयंत बेहेरा नामक आरोपी के पास से 630 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। एक अन्य मामला फुलबानी सदर पुलिस थाने में दर्ज किया गया है। तुदीपादु ग्राम पंचायत में कातरीम्बा घाटी के पास गांजे की तस्करी की गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने मौके से भक्ति बेहेरा, बिनोद बेहेरा और सारला बेहेरा के रूप में पहचाने गये आरोपी को गिरफ्तार किया और 14 पॉलिथीन बैग में भर्ती 352.8 किलोग्राम गांजा जब्त किया। उपरोक्त सभी मामलों की जांच जारी है और पुलिस तस्करी में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। यह विशेष अभियान 31 मार्च तक जारी रहेगा और डीजीपी खुरानिया ने वरिष्ठ अधिकारियों को इस समय सीमा के भीतर गांजा की खेती के पूर्ण उंमूलन के लिए काम करने का निर्देश दिया है। यह अभियान पिछले साल 01 नवंबर को शुरू हुआ था, लेकिन अब तक राज्य के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में 621 मामले दर्ज किये गये हैं और 25 हजार 745 एकड़ से अधिक गांजा की खेती पूरी तरह से नष्ट किया गया है।





## 23वें राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ओड़िशा को मिला स्वर्ण पदक




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पैरा-एथलीट जयंती बेहेरा ने राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 में महिलाओं की टी-47 श्रेणी में 100 मीटर में स्वर्ण पदक जीता। 23वां राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 17 फरवरी से 20 फरवरी तक चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में ओड़िशा के 32 पैराएथलीटों ने भाग लिया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

ई–निविदा सं.: C-710-TORI-A-GCT.

1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : टोरी–A–(TORI) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास। 2. टोरी स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत : ₹31,12,98,195/–. 3. ब्याने की राशि : ₹3,11,29,900/–, 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 17.03.2025 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 17.03.2025 को 15:30 बजे से। 5. वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in. ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/02140/डीएचएन/वा./टी/24–25/36

# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए ग्रिडको और सूर्यम इंटरनेशनल के साथ त्रिपक्षीय समझौता किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुर्ला/भुवनेश्वर।** एक ऐतिहासिक निर्णय में, पश्चिमी ओड़िशा में बिजली वितरण कंपनी टीपीडब्ल्यूओडीएल ने पीएम-कुसुम सी कार्यक्रम के तहत सौर ऊर्जा की स्थापना और उत्पादन के लिए ओड़िशा के इतिहास में पहली बार ग्रिडको और मेसर्स सूर्यम इंटरनेशनल के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये। 13 फरवरी, 2025 को भुवनेश्वर में, यह ओड़िशा राज्य में अक्षय ऊर्जा उत्पादन की दिशा में सही दिशा में एक और कदम है। इस कार्यक्रम के तहत, व्यक्तिगत सौर ऊर्जा उत्पादन इकाइयों के बजाय, टीपीडब्ल्यूओडीएल के सबस्टेशनों के पास बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जायेंगे, जो फीडर लाइनों के माध्यम से कृषि पंपों को प्रभावी ढंग से बिजली पहुंचायेंगे। प्रस्तावित सौर संयंत्र टीपीडब्ल्यूओडीएल के लाइसेंस क्षेत्र के अंतर्गत 21.46 मेगावाट क्षमता के होंगे, और इन्हें क्रमशः 9.5 मेगावाट, 8.08 मेगावाट तथा 3.83 मेगावाट के लिए बंधोपाला पीएसएस, नरला पीएसएस तथा कुरुम्पुरी पीएसएस से जोड़ा जायेगा। इन प्रतिष्ठानों से कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी और समय के साथ स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन होगा। ग्रिडको, मेसर्स सूर्यम इंटरनेशनल तथा टीपीडब्ल्यूओडीएल के अत्यंत वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गये और उनमें से तीन के बीच आदान-प्रदान किया गया।




## स्कूल की चहारदीवारी गिरने से कक्षा पांच के छात्र की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कटक।** बुधवार को कटक जिले के अदासपुर इलाके में एक पांचवीं कक्षा के छात्र की उसके स्कूल की चारदीवारी गिरने से मौत हो गयी। नोडा प्राथमिक विद्यालय की चारदीवारी कथित तौर पर कक्षा पांच के छात्र साई स्वरूप भोई पर गिर गयी, जब वह खेल के समय अन्य छात्रों के साथ खेल रहा था। साईं के साथ खेल रहे छात्रों द्वारा सूचना दिये जाने पर स्कूल के शिक्षक और अन्य कर्मचारी बिना किसी देरी के मौके पर पहुंचे और उसे गंभीर हालत में बचाया। जल्द ही, उन्होंने साई के परिवार के सदस्यों को दुर्घटना के बारे में सूचित किया और उसे इलाज के लिए कुछ स्थानीय लोगों के साथ अदासपुर अस्पताल ले गये। बाद में, छात्र, जिसे दीवार गिरने के कारण ज्यादातर सिर पर गंभीर चोटें आई थीं, को कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया क्योंकि उसकी हालत और बिगड़ गयी। हालांकि, राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पताल में साई का इलाज करने वाले डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि पांचवीं कक्षा के छात्र की दुर्भाग्यपूर्ण और असामयिक मौत से गांव में मातम छा गया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस मामले की जांच शुरू कर सकती है।







# विश्व प्रतिष्ठा रैंकिंग में भारत के चार विश्वविद्यालयों में एसओए भी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और शोध के क्षेत्र में पहले से ही एक जाना-माना नाम, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी (एसओए) ने टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचइ) विश्व प्रतिष्ठा रैंकिंग 2025 में भारत के चार संस्थानों में जगह बनाकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सूची में एसओए के अलावा भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-दिल्ली और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-मद्रास शामिल हैं। सूची में भारत के केवल चार संस्थानों को शामिल किया गया है, जिनमें एसओए एकमात्र निजी संस्थान है। रैंकिंग में सभी चार संस्थानों को 201-300 ब्रैकेट में रखा गया है। इस वर्ष ने संशोधित पद्धति का उपयोग करते हुए 38 देशों के 300 संस्थानों की रैंकिंग की थी। हार्वर्ड विश्वविद्यालय को इस वर्ष लगातार 14वां वर्ष दुनिया भर के संस्थानों में प्रथम स्थान दिया गया है, उसके बाद मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय (संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर), स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय (संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर) हैं। एसओए को 2024 में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) द्वारा देश के विश्वविद्यालयों में 14वां स्थान दिया गया था, जबकि इसे राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा उच्चतम ग्रेड ए++ से मान्यता प्राप्त थी। इसे 2022 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा श्रेणी-आइ ग्रेडेड स्वायत्तता का दर्जा दिया गया है। विश्वविद्यालय को वैश्विक रूप से क्यूएस और विश्व विश्वविद्यालय रैंकिंग में भी रखा गया है।



# समाज ने कोविड के दौरान नर्सों के समर्पण का अनुभव किया: एसओए उपाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवादाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (एसओए) की उपाध्यक्ष सास्वती दास ने बुधवार को कहा कि बड़े पैमाने पर समाज ने कोविड महामारी के दौरान नर्सों के समर्पण का स्वाद चखा, जिसने पूरे महाद्वीपों में व्यापक तबाही मचायी। एसओए डीम्ड यूनिवर्सिटी के नर्सिंग संकाय, एसयूएम नर्सिंग कॉलेज (एसएनसी) में प्रथम वर्ष बीएससी (नर्सिंग) और जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) के छात्रों के लिए आयोजित शपथ ग्रहण और दीप प्रज्ज्वलन समारोह में बोलते हुए, दास ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नर्सों द्वारा निभाई गयी, भूमिका की प्रशंसा की। दास ने कहा कि इस अवसर पर आयोजित महिला वर्ग में व्यक्तित्व प्रतियोगिता में दो अफ्रीकी छात्राएं शीर्ष तीन में रहीं। स्वाजीलैंड की लिहले थांडोलवोथुसिबोंडजा को मिस एसएनसी का खिताब दिया गया, जबकि जांबिया की फेथ लिकांडोमुनेउ को द्वितीय रनर अप के रूप में सम्मानित किया गया। देबास्मिता दास प्रथम रनर अप रहीं।

राज्य दत्तक ग्रहण अनुसंधान एजेंसी (एसएआरए) की शासी निकाय की सदस्य कांता मोहंती, जो इस अवसर पर विशेष अतिथि थी। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशक प्रो डॉ ब्रज किशोर दाश, चिकित्सा विज्ञान संस्थान और एसयूएम अस्पताल की डीन प्रो डॉ संघमित्रा मिश्रा, आइएमएस और एसयूएम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ पुष्पराज सामंतसिंहार और सोमी की ओड़िशा शाखा की सचिव प्रो अमृता लेंका ने भी समारोह को संबोधित किया। एसएनसी की डीन प्रो सस्मिता दास ने अतिथियों का स्वागत किया जबकि एसएनसी की निदेशक प्रो प्रभाती त्रिपाठी ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिरिक्त डीन (प्लेसमेंट और प्रशिक्षण) प्रो तापती साहा ने भी अपने विचार रखे। संस्थान की एसोसिएट प्रोफेसर प्रो देबजानी नायक ने छात्रों को फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शपथ दिलाई। एसोसिएट प्रोफेसर प्रो मनीषा प्रहराज ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।






# एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने ग्रामीण स्वास्थ्य को मजबूत करने के लिए मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** तालचेर थर्मल ने अशालोक अस्पताल के सहयोग से संथपड़ा ग्राम पंचायत में एक मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया। यह शिविर समुदाय विकास पहलों के तहत आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य तालचेर थर्मल के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना और जरूरतमंदों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। मणिपाल अस्पताल भुवनेश्वर के विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम को मुफ्त परामर्श और स्वास्थ्य जांच जैसे रक्तचाप और रक्त शर्करा परीक्षण के लिए आमंत्रित किया गया था। इस स्वास्थ्य शिविर से 344 ग्रामीणों को लाभ हुआ, जिसमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग शामिल थे। शिविर में पुरानी बीमारियों, मातृ और शिशु स्वास्थ्य, वृद्ध देखभाल और सामान्य रोगों से संबंधित चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गयी। स्वास्थ्य लाभार्थियों को स्वच्छता, पोषण और निवारक स्वास्थ्य देखभाल के बारे में भी जागरूक किया गया। शिविर में सभी को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गयी। कई बुर्जुगों ने अपने गांव में विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं प्राप्त करने पर संतोष व्यक्त किया, जबकि महिलाओं ने स्त्री रोग जांच और मातृ स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठाया। विजय चंद प्रमुख तालचेर थर्मल ने कहा, तालचेर थर्मल में, हम उन समुदायों की भलाई के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनकी हम सेवा करते हैं। यह मेगा हेल्थ कैंप ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ग्रामीणों की जबरदस्त प्रतिक्रिया हमें समाज के कल्याण के लिए इस तरह की पहल को जारी रखने के लिए प्रेरित करती है। संथपड़ा ग्राम पंचायत के सरपंच ने तालचेर थर्मल को इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता को स्वीकार किया। तालचेर थर्मल ने समुदाय की भलाई के लिए भविष्य में भी इसी तरह के स्वास्थ्य पहल जारी रखने की प्रतिबद्धता जतायी।




## ओड़िशा में 20 से 23 फरवरी तक बारिश होने की संभावना




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर ।** ओड़िशा में कल से भरी बारिश होगा। मौसम कार्यालय ने बुधवार को कहा कि पश्चिमी झड़ के साथ एक सक्रिय ट्रेपलाइन के प्रभाव से राज्य में 20 से 23 फरवरी यानी गुरुवार से रविवार तक कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही ढेंकानाल, भद्रक और जाजपुर जिलों को पीली चेतावनी जारी की गयी है। केंद्रापड़ा, जगतसिंहपुर और कटक के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। 21 को 7 जिलों के लिए ऑरेंज, 12 जिलों के लिए पीली चेतावनी। मयूरभंज, क्योंझर, बालेश्वर और भद्रक जिलों के लिए ऑरेंज चेतावनी जारी की गयी है। सुंदरगढ़, जाजपुर और ढेंकानाल जिलों के लिए ऑरेंज चेतावनी। केंद्रापड़ा, जगतसिंहपुर, कटक, अंगुल, देवगढ़ के लिए पीली चेतावनी। संबलपुर, झारसुगुड़ा, नयागढ़, खुर्दा के लिए पीली चेतावनी। पुरी, गंजाम और गजपति जिलों के लिए पीली चेतावनी जारी की गई। 22 और 23 तारीख को भी उत्तर और तटीय इलाकों में बारिश की संभावना है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**